भोपाल
रविवार, 3 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-09
वर्ष : 12, अंक : 124
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **


मौसम
अधि. 28
न्यून. 23


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





### मप्र में हर तीसरे दिन उद्योग जगत को नई सौगात, युवाओं को मिल रहे हैं रोजगार के अवसर

# सीहोर के बड़ियाखेड़ी में 2000 करोड़ के निवेश से नए उद्योग लगेंगे

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के बड़ियाखेड़ी में नई औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन और आशय-पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे**

**सीएम ने कहा कि आने वाले वर्षों में सीहोर, भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी का होगा महत्वपूर्ण हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सीहोर के बड़ियाखेड़ी में 2000 करोड़ रुपए के निवेश से नए उद्योग शुरू किए जाएंगे।

सीहोर में जल्द ही एक लाख मीट्रिक टन सब्जियों की खरीद की व्यवस्था शुरू होगी, इससे जिले के दो लाख परिवारों को लाभ मिलेगा। सीहोर में पावर ट्रांसफार्मर की इकाई लगने से भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। सीहोर को पार्वती काली सिंध चंबल परियोजना का लाभ भी मिलेगा। आने वाले वर्षों में सीहोर, भोपाल मेट्रोपॉलिटन सिटी का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के बड़ियाखेड़ी में नई औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन और आशय-पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में 400 से अधिक ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी



## रोजगारपरक उद्योग लगाने विशेष प्रोत्साहन प्रदान कर रही है सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्योग लगाने में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सरकार उद्योगपतियों को मदद कर प्रदेश में रोजगारपरक उद्योग लगाने को विशेष प्रोत्साहन दे रही है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रदेश के युवाओं को रोजगार के लिए प्रदेश से बाहर जाने की जरूरत न पड़े। प्रदेश में महिलाकर्मियों के लिए 10 साल तक 6000 रुपए प्रति माह और पुरुषकर्मियों के लिए 5000 रुपए मासिक अनुदान राज्य सरकार की ओर से उद्योगपतियों को दिया जाएगा। प्रदेश में स्थापित हो रहे उद्योग विकास और रोजगार के केंद्र मंदिर के समान हैं।

*सीहोर में जल्द ही एक लाख मीट्रिक टन सब्जियों की खरीद की व्यवस्था शुरू होगी, इससे जिले के दो लाख परिवारों को लाभ मिलेगा*

## इन औद्योगिक इकाइयों का हुआ भूमिपूजन और आशय-पत्र वितरण

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 6 औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन किया। इनमें सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन्स लिमिटेड एशिया की सबसे बड़ी सिंगल लोकेशन ट्रांसफॉर्मर यूनिट स्थापित की जा रही है। जहांगीरपुर, सिहोर में 18.26 हेक्टेयर भूमि पर 888 करोड़ रुपए का निवेश होगा और लगभग 400 रोजगार मिलेंगे। बारमाल्ट माल्टिंग इंडिया प्राइवेट लि. भारत की सबसे बड़ी माल्टिंग निर्माता कंपनी फूड प्रोसेसिंग सेक्टर* ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 3 दोस्त वाटरफॉल में डूबे 2 की मौत, 1 की तलाश




**नरसिंहपुर।** यहां राजमार्ग के पास हाथीनाला इलाके में बिल्था वाटरफॉल में 3 स्कूली छात्र डूब गए। यह तीनों लड़के नरसिंहपुर के रहने वाले थे। इनमें से 2 उत्कृष्ट विद्यालय में 12वीं के छात्र थे और एक चवरा विद्यापीठ में पढ़ रहा था। 2 छात्रों के शव बरामद हो गए हैं और तीसरे की तलाश जारी है। जब तीनों अपने घर नहीं आए तो घर के लोगों को चिंता हुई।

### पूर्व सीएम शिबू सोरेन की हालत नाजुक



**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री 81 साल के शिबू सोरेन की हालत काफी नाजुक बताई जा रही है। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी परेशानियों के कारण दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शिबू सोरेन फिलहाल वेंटिलेटर पर हैं और उनकी हालत गंभीर है।

### रेपो रेट में 25 आधार अंकों की कटौती संभव




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) आगामी 5 से 7 अगस्त को होने वाली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में रेपो दर में 25 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती की घोषणा कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगस्त में दरों में एकमुश्त कटौती से ऋण वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

### ट्रंप के 'टैरिफ वार' के बीच पीएम मोदी ने 54 मिनट के भाषण में भारत को दिया अहम संदेश, अमेरिका को दिया करारा जवाब

# हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे, हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा वह स्वदेशी ही होगा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कुछ दिन पहले भारत पर 25 फीसदी का टैरिफ लगा दिया था, उस घोषणा के साथ ही उन्होंने दावा किया था कि रूस की तरह भारत की इकोनॉमी भी डेड हो चुकी है। लेकिन अब वाराणसी की धरती से पीएम मोदी ने बिना नाम लिए डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को काशी दौरे पर आए। इस दौरान उन्होंने 2200 करोड़ की 52 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

साथ ही जनसभा को संबोधित करते हुए स्वदेशी का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। देश के लोग स्वदेशी का संकल्प लें। हम उन चीजों को खरीदेंगे जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है। हमें वोकल फॉर लोकल मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया को बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो भी नया सामान आएगा वह स्वदेशी ही होगा। यह जिम्मेदारी देश के लोगों को लेनी होगी। ये बातें शनिवार को सेवापुरी के गांव बनौली में जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कही। पीएम मोदी ने कहा ▶▶ शेष पेज 6 पर



### पीएम की अपील

- दुकानदार संकल्प लें कि हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे
- दिवाली आएगी, त्योहारों में हर पल स्वदेशी ही खरीदेंगे
- भारत में ही शादी करें स्वदेशी का भाव भविष्य तय करेगा और यह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि होगी
- जल्द ही 'मेड इन इंडिया' हथियार भारतीय सेना की रीढ़ बनेंगे

*पीएम ने कहा कि दुनिया के सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अब भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना होगा। किसान, हमारे लघुउद्योग और रोजगार हमारे लिए सर्वोपरि हैं*

**हम उन चीजों को खरीदेंगे जिसे बनाने में भारत का पसीना बहा है**



### ऑपरेशन सिंदूर बाबा और मां की कृपा से पूरा हुआ

अपने भाषण की शुरुआत ओम नमः पार्वती पतये, हर हर महादेव के जयघोष से करते हुए प्रधानमंत्री ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले की याद दिलाई, जिसमें 26 लोग मारे गए थे। मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर महादेव और मां गंगा के आशीर्वाद से ही सफल हो पाया है। मैंने अपनी बहनों के सिंदूर का बदला ले लिया, जो कहा था वह किया।

### देश के 9.70 करोड़ किसानों को मिला लाभ

पीएम मोदी काशी से दूसरी बार देश के 9.70 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इस बार 20,500 करोड़ रुपए की धनराशि किसानों के खाते में भेजी गई। इसका लाभ काशी के 2.21 लाख किसानों को भी मिला। इससे पहले उन्होंने 18 जून 2024 को 9.26 करोड़ किसानों के खाते में सम्मान निधि भेजी थी।

### यूपी में बनेंगे सेना के हथियार

प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में मिसाइलें और सेना के हथियार बनाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा सरकार आई है तब से यहां निवेशकों का आकर्षण बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में यूपी में ऐसी कई कल-कारखाने बनेंगे, जहां देशवासियों का हुनर दिखेगा। यहीं पर सेना के हथियार बनाए जाएंगे। इससे यूपी में और रोजगार बढ़ेंगे।

**विपक्ष को भी लिया आड़े हाथ**

### मोदी की कोई योजना बंद नहीं होगी

पीएम मोदी ने अपने भाषण में विपक्ष पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग अक्सर कहते थे कि मोदी की योजनाएं एक दिन बंद हो जाएंगी। मैं काशी के मालिकों से पूछना चाहता हूं कि क्या भाजपा की कोई भी सरकारी योजना बंद हुई क्या? मोदी सरकार को लेकर सपा-कांग्रेस लगातार अफवाहें ▶▶ शेष पेज 6 पर

**ट्रंप के बयान को खारिज किया**

## भारत की तेल कंपनियों ने बंद नहीं किया रूस से तेल खरीदना

*भारत की एनर्जी की खरीद बाजार की ताकतों और देश के हित पर निर्भर*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सरकार के सूत्रों ने उन दावों का खारिज किया है, जिनमें कहा गया था कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है। एक दिन पहले खबर आई थी कि भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने रूस से तेल का आयात बंद कर दिया है। सरकारी सूत्रों के इस खबर को खारिज करने के बाद यह साफ हो गया है कि तेल आयात का भारत का फैसला मार्केट की स्थितियों और देश के हित पर आधारित है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल का आयात बंद करने के भारत के फैसले का स्वागत किया था। उन्होंने इसे सही दिशा में उठाया गया कदम बताया था। सूत्र ने कहा कि इस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भारत समुद्र में उत्पादित रूस के तेल का सबसे बड़ा खरीदार

भारत समुद्र में उत्पादित रूस के ऑयल का सबसे बड़ा खरीदार है। भारत की सरकारी तेल कंपनियों- आईओसी, एचपीसीएल, बीपीसीएल और एमआरपीएल ने ट्रंप की पेनाल्टी लगाने की धमकी और कीमतों के बीच घटते फर्क की वजह से पिछले हफ्ते रूस से क्रूड ऑयल नहीं खरीदे हैं। रूस दुनिया में तेल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। यह रोजाना करीब 95 लाख बैरल तेल का उत्पादन करता है। यह दुनिया में ऑयल का दूसरा सबसे बड़ा एक्सपोर्टर भी है। यह रोजाना करीब 45 लाख बैरल ▶▶ शेष पेज 6 पर

गुजरात ट्रैफिक पुलिस के पोस्टर पर विवाद

### दुष्कर्म से बचने के लिए घर पर ही रहें

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद शहर में ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रायोजित पोस्टर्स पर विवाद छिड़ गया है। इन पोस्टर्स में महिलाओं से अपील की गई है कि दुष्कर्म से बचने के लिए वे घरों में ही रहें। विवाद बढ़ने पर ये सारे पोस्टर हटा लिए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस द्वारा प्रायोजित इन पोस्टर्स में लिखा गया कि देर रात पार्टियों में शामिल न हों, आपके साथ दुष्कर्म या सामूहिक दुष्कर्म हो सकता है। अपने दोस्तों के साथ सुनसान जगहों पर न ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ पुलिस ने इन पोस्टरों के लिए एक एनजीओ को जिम्मेदार बताया

मालेगांव ब्लास्ट केस में नया खुलासा

### पीएम मोदी और सीएम योगी को भी फंसाने की थी साजिश

**मुंबई।** मालेगांव ब्लास्ट केस में बरी होने के बाद भाजपा की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने जांच कर रहे अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने दावा किया कि इस मामले की जांच कर रहे अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और अन्य का नाम लेने के लिए उन पर दबाव डालने की कोशिश की थी। प्रज्ञा ठाकुर ने शनिवार को कहा कि उन्होंने मुझसे कई लोगों के नाम लेने को ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने किया बड़ा दावा

एक दिन पहले ठहराए गए थे दोषी

### पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्रकैद की सजा हुई

**बेंगलुरू।** एक दिन पहले दुष्कर्म के मामले में दोषी करार दिए गए पूर्व जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा मिली है। उन पर कर्नाटक के मैसूर में मौजूद केआर नगर की एक घरेलू सहायिका ने केस दर्ज कराया था। मामला दर्ज होने के 14 महीने बाद यह फैसला सुनाया गया है। विशेष अदालत के जज संतोष गजानन भट्ट ने सजा का ऐलान किया। पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म के चार मामले दर्ज हैं। मामला 48 वर्षीय ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ अपने घर में दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया

### पुलिस ने 12 घंटों में किया खुलासा

## मां के प्रेमी ने दो बच्चों का गला घोंटकर मौत के घाट उतार दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर में शुक्रवार सुबह थाना औद्योगिक क्षेत्र अंतर्गत ढांचा भवन में दो मासूमों की मौत के खबर ने सभी को चौका दिया। मृतक बच्चे सगे भाई-बहन थे। शुक्रवार रात पड़ोसी के यहां हुई बर्थडे पार्टी के बाद वे घर पर सो गए थे और सुबह उठ ही नहीं पाए। मां प्रिया यादव पड़ोसी महिला के साथ दोनों बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंची जहां डॉक्टरों उन्हे मृत बता दिया। मामला संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया और महज 12 घंटे में ही खुलासा कर दिया।

**लव मैरिज की पति को छोड़ा अकेली रह रही थी महिला**



### प्रिया को आरोपी लोकेंद्र देवास लाया था

जिले के पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद ने बताया कि बच्चों की मां प्रिया यादव की पीथमपुर में रहने के दौरान ट्रक ड्राइवर लोकेंद्र मालवीय से दोस्ती हो गई थी। लोकेंद्र उसे देवास लेकर आया था। शुक्रवार रात प्रिया से मिलने लोकेंद्र उसके घर पहुंचा जहां उसने नशे में धूत होकर पहले प्रिया से मारपीट की फिर बच्चों को पीटा और उनका गला दबाकर उन्हे मौत के घाट उतार दिया। सुबह होते ही आरोपी फरार हो गया। इसके बाद पुलिस ने महज 12 घंटे में ही पूरे मामले का खुलासा कर दिया ▶▶ शेष पेज 6 पर

### घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश

## प्रेमी रईस खान ने प्रेमिका भगवती का गला रेतकर कर दी बेरहमी से हत्या

**आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, लव जिहाद की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

जिले के नेपानगर तहसील के नावरा गांव में शुक्रवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। भगवती धानुक नामक युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई। शनिवार सुबह जब खून से लथपथ शव मिला, तो पूरे गांव में सनसनी फैल गई। इस वारदात ने मोहब्बत के नाम पर इंसानियत को शर्मसार कर दिया। जानकारी के मुताबिक, मृतका भगवती पहले एक पुलिसकर्मी की पत्नी थी, लेकिन वैवाहिक रिश्ते से दूरी बना उसने एक नए रिश्ते की ओर कदम बढ़ाया था। उसने रईस खान नामक युवक के साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर



मृतका भगवती



आरोपी रईस खान

### हत्या के पीछे के कारण तलाश रही पुलिस

बुरहानपुर एसपी देवेंद्र पाटीदार खुद मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि उसने इतना खौफनाक कदम क्यों उठाया। क्या ये एक झगड़े का परिणाम था या पहले से रची गई साजिश? वहीं, मोहब्बत से हत्या तक के इस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने 'महादेवी' को कोल्हापुर के नंदनी गांव से अनंत अंबानी के वनतारा हाथी संरक्षण केंद्र में स्थानांतरित करने का फैसला सुनाया था

**कोर्ट के समक्ष पेश रिपोर्ट में बताया गया कि महादेवी गंभीर चोटों से पीड़ित, उसे एक बेहतर माहौल की जरूरत, जहां वो ठीक हो सके**

## 'महादेवी हथिनी' की विदाई में उमड़े लोग पूजा-पाठ के साथ दी गई 'भावुक विदाई'

एजेंसी ▶▶ कोल्हापुर

**अलग खबर**

कोल्हापुर की महादेवी हथिनी को गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा में स्थानांतरित कर दिया गया है। वह शिरोल तालुका के नंदनी स्थित जैन मठ की महादेवी हथिनी हैं। यह 1200 साल पुराना मठ है। इस वजह से कोल्हापुर के नंदनी मठ के लोग भावुक हो गए और बड़ी संख्या में लोग विदाई देने के लिए इकट्ठा हुए। उनका कहना है कि वो केवल एक हथिनी नहीं थी, बल्कि 33 साल से उनकी धार्मिक संस्कृति का हिस्सा बनी, उसने कई जैन धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया, आस्था का एक प्रतीक बनीं। सुप्रीम कोर्ट ने महादेवी को कोल्हापुर के नंदनी गांव से अनंत अंबानी के वनतारा हाथी संरक्षण केंद्र में स्थानांतरित करने का फैसला सुनाया था। ग्रामीणों ने नंदनी मठ में हथिनी को पूजा-पाठ के साथ विदाई दी और कहा कि हम कानून का पालन करने वाले लोग हैं, ▶▶ शेष पेज 6 पर

**विरोध में कोल्हापुर के करीब 700 से भी ज्यादा गांवों में रिलायंस की मोबाइल सेवाओं का बहिष्कार किया गया**



**वनतारा प्रबंधन ने भरोसा दिलाया**

### महादेवी को वापस भेजने में सहयोग करेंगे

महादेवी के महाराष्ट्र से गुजरात भेजे जाने के खिलाफ लोगों को आक्रोश सामने आया है। इस वजह से कोल्हापुर के करीब 700 से भी ज्यादा गांवों में रिलायंस की सेवाओं का बहिष्कार शुरू कर दिया है। महाराष्ट्र के मंत्री प्रकाश अबितकर ने कहा कि कोल्हापुर में एक बैठक में वनतारा के अधिकारियों ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

# सावन माह में शिव साधना: राजधानी के शिव मंदिरों में साधक कर रहे शिवलिंग निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में श्रावण मास में शिव मंदिरों में पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा रहे हैं। 11 जुलाई से शुरू हुए पवित्र माह में अब तक करीब 90 लाख से अधिक शिवलिंग निर्माण किए गए हैं। राजधानी के 250 मंदिर सहित घर परिवार व पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा रहे हैं। एक अनुमान से पूरे सावन माह में करीब सवा दो करोड़ शिवलिंग बनाए जाएंगे। शहर के श्री बड़वाले महादेव मंदिर, गुफा मंदिर, भोजपुर मंदिर, नेहरू नगर शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में विशेष आयोजन किए जा रहे हैं।

## पार्थिव शिवलिंग पूजा का पौराणिक आधार



चामुंडा दरबार के पुजारी पं. रामजीवन दुबे गुरुजी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार पार्थिव शिवलिंग की पूजा का उल्लेख अनेक प्रसंगों में मिलता है। मान्यता है कि प्रभु श्रीराम ने लंका विजय से पूर्व भगवान शिव की पार्थिव पूजा की थी। कलियुग में कूष्माण्ड ऋषि के पुत्र मंडप ने सबसे पहले पार्थिव शिवलिंग की स्थापना कर शिव उपासना की, जिसके बाद यह परंपरा जन-जन में प्रचलित हो गई। लिंग पुराण के अनुसार, शनिदेव ने भी काशी में पार्थिव शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की आराधना की थी जिससे उन्हें अपने पिता सूर्यदेव से अधिक बल प्राप्त हुआ।

## 86 हजार पार्थिव शिवलिंग का निर्माण

शीतला माता मंदिर शॉपिंग सेंटर प्रांगण टीला जमालपुरा पर तीन दिवसीय सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक शीतला माता मंदिर प्रांगण शॉपिंग सेंटर टीला जमालपुरा पर चल कार्यक्रम का क आयोजन किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी पंडित श्रीहरि जोशी ने बताया कि वार्ड नंबर 13 की बच्चो व महिलाओं सहित वरिष्ठ जन सहित क्षेत्रवासी द्वारा पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया जा रहा है। कार्यक्रम में संयोजक मनोज राठौर ने बताया कि तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में दो दिनों में अब तक 86 हजार पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा चुके है। रविवार को पूरे सवा लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण का लक्ष्य रखा है। जिसके पूरे होने के बाद रुद्राभिषेक कर आरती और महा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

## सलैया में बनाए 4000 शिवलिंग

मंशापूर्ण महादेव मंदिर धाम शिवा रायल पार्क फेज-दो गेट के पास सलैया में श्रावण मास के हर सोमवार को पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आयोजक प्रताप सिंह यादव ने बताया कि अभी तक 40 हजार सहित अधिक शिवलिंग निर्माण किए जा चुके है। इस सावन सोमवार को करीब 11 हजार शिवलिंग निर्माण कर विशेष अभिषेक किया जाएगा। समापन अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री नारायण सिंह कुशवाहा और महापौर मालती राय सहित अन्य वरिष्ठ जनों को आमंत्रण भेजा है।

# नर्मदा जल लेकर भोजपुर के लिए कांवड़िए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन माह में भोपाल में लगातार कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है। इसी के तहत ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल की ओर से कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के 251 कांवड़िए मंडीदीप के मंडल अध्यक्ष विपिन भार्गव के नेतृत्व में बुधनी घाट से पवित्र नर्मदा जल लेकर भोजपुर के लिए रवाना हुए। सावन के चौथे सोमवार को पवित्र नर्मदा जल से भोजपुर में शिवलिंग का जल अभिषेक किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पुरानी परिवार पेंशन, वरिष्ठता के लिए पीएम-सीएम के नाम ज्ञापन

**भोपाल।** पुरानी परिवार पेंशन एवं नवीन शिक्षक संवर्ग को प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता प्रदान करने सहित पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एनएमओपीएस के बेनर तले प्रदेश भर के जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। राजधानी भोपाल में भी विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उक्त ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा। इस अवसर पर कर्मचारी नेता श्यामसुंदर शर्मा, उपेन्द्र कौशल, सतीश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे। ज्ञापन में 2004 के बाद नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करने, एनपीएस धारी मृतक शासकीय सेवा के आश्रित परिवारों को पेंशन स्कीम लागू करने, ई-अटेंडेंस व्यवस्था को सरलीकरण करने सहित अन्य मांगे की गईं।

### प्रदेश के 20 कॉलेजों को मिली सत्र 2025-26 के लिए मान्यता

**भोपाल।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने मध्यप्रदेश के 20 होम्योपैथी मेडिकल कॉलेजों को सत्र 2025-26 में स्नातक यूजी की मान्यता प्रदान कर दी हैं। नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी द्वारा जारी सूची के अनुसार शासकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज भोपाल को 125 बीएचएमएस यूजी सीटें, आरकेडीएफ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज भोपाल को 100 सीटें, रामकृष्ण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को 100 सीटें, स्कूल ऑफ आयुर्वेद सीहोर को 100 सीटें, आरएन कपूर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज इंदौर को 100 सीटें, अनुश्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज जबलपुर को 100 सीटों के साथ भोपाल, ग्वालियर, रतलाम, जबलपुर, देवास, सेंधवा, इंदौर, बालाघाट, धार, आदि में स्थापित 20 होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों की कुल 1812 यूजी सीटों की मान्यता एनसीएच ने प्रदान की है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने बताया कि संभव है कि नीट यूजी काउंसलिंग प्रारंभ होने तक और भी होम्योपैथिक कॉलेजों की मान्यताओं पर निर्णय होगा। एनसीएच आयुष मंत्रालय भारत सरकार प्रमुख रूप से टीचिंग स्टॉफ, नॉनटीचिंग स्टॉफ व हॉस्पिटल स्टॉफ के मापदण्डों के आधार पर ही मान्यता प्रदान करता है। शीघ्र ही आयुष नीट यूजी राज्य व सेंट्रल काउंसलिंग 2025-26 प्रारंभ होगी जिसमें ये मान्यता प्राप्त कॉलेज शामिल होकर नीट आधार पर ही छात्रों के प्रवेश ले सकेंगे।

# बिड़ला मंदिर में शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शिव-पार्वती विवाह प्रसंग, भक्तों ने विवाह गीतों पर किया मनमोहक नृत्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अरेरा हिल्स स्थित बिड़ला मंदिर में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन शनिवार को भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य अमितानंद महाराज ने शिव-पार्वती विवाह प्रसंग सुनाते हुए कहा कि दक्ष प्रजापति की पुत्री सती का विवाह भगवान शिव से हुआ था। सती, जिन्हें पार्वती के नाम से भी जाना जाता है, भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की और शिवजी उनसे प्रसन्न होकर उनसे विवाह करने के लिए सहमत हुए। एक बार देवताओं ने भगवान शिव से दैत्य तारकासुर का अंत करने के लिए पार्वती से विवाह करने का अनुरोध किया, क्योंकि तारकासुर का अंत शिव के पुत्र द्वारा ही संभव था। भगवान शिव



देवताओं को आश्वासन देते हैं कि वे पार्वती से विवाह करेंगे। शिव और पार्वती का विवाह में सभी देवताओं, असुरों और विभिन्न प्रकार के प्राणियों ने भाग लिया। शिव-पार्वती विवाह की गाथा शुरू होते ही श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे।

## तीनों देवों में सबसे पहले प्रसन्न होने वाले देवता हैं भगवान भोले शंकर

श्रीशिव महापुराण कथा मानव को जीवन जीना सिखाती है। श्रीशिव महापुराण कथा हमें सिखाती है कि जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना कैसे करना है, अच्छे कर्मों का महत्व और भगवान शिव की भक्ति कैसे करनी है। यह प्रवचन आईटी पार्क जेल रोड में आयोजित श्रीशिव महारपुराण कथा के सातवें दिन आचार्य आशीष शुक्ल महाराज ने व्यक्त किए। आशीष महाराज ने बताया कि भगवान श्रीगणेश की पूजा करने से सभी प्रकार के विघ्न भक्तों के दूर हो जाते हैं और गणेश भगवान 33 कोटी देवी देवताओं में सर्वप्रथम देवता है। गणेश भगवान के बिना हमारी कोई पूजा सफल नहीं हो सकती है और सर्वप्रथम देवता है इनकी पूजा करने से आध्यात्मिक आदि दैविक

**आईटी पार्क जेल रोड में श्रीशिव महापुराण कथा**



आदि भौतिक तीनों तंपो का नाश होता है एवं धर्म अर्थ काम मोक्ष चारों पुरुषार्थों का फल मिलता है। आशीष महाराज ने बताया शिव भोले की पूजा कभी व्यर्थ नहीं जाती है और तीनों देवों में सबसे पहले प्रसन्न होने वाले देवता शंकर भगवान ही है, जो भी भक्त शंकर भगवान की पूजा अर्चना नहीं करता है एवं धर्म में सहयोग नहीं करता है उसको अगले जन्म में दरिद्र बनना पड़ता है और इस धरातल पर दूसरा कोई साधन नहीं है। श्रीशिव महापुराण कथा सुनने से कलयुग में सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। कथा के मुख्य यजमान पूरन चौरसिया ने बताया कि श्रीशिव महापुराण कथा को श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। भक्तगण ने व्यासपीठ का पूजन कर आर्चाय आशीष शुक्ला से आर्शीवाद प्रापत किया। इस अवसर पर विवेक चौरसिया, मोहित चौरसिया, महेश चौरसिया, बलराम चौरसिया, रुद्र, श्याम समेत बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

# गायत्री परिवार की ज्योति कलश यात्रा मिसरोद श्रीराम कॉलोनी में पहुंची



**भोपाल।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन में निकाली जा रही ज्योति कलश यात्रा भोपाल क्षेत्र के मिसरोद श्रीराम कॉलोनी, विद्यानगर फॉर्चून कॉलोनी आदर्श नगर आदि में भ्रमण करते हुए आदर्श नगर में दीपयज्ञ के साथ संपन्न हुई। दिव्य ज्योति कलश का मिसरोद में पूजन अर्चन किया। सभी कॉलोनी के रहवासियों ने पूरी श्रद्धा एवं भावना के साथ दिव्या ज्योति कलश का स्वागत एवं पूजन किया। यह दिव्य ज्योति कलश यात्रा शांतिकुंज हरिद्वार से प्रारंभ होकर भारत के विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए, प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण करते हुए 1 अगस्त को हरदा जिले से भोपाल जिले में पहुंची।

### कलचुरी महासभा की राष्ट्रीय बैठक

# जातिगत जनगणना में उपनाम से पूर्व कलचुरी जोड़ने का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा की राष्ट्रीय कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक भोपाल स्थित जे.के. अस्पताल परिसर के सीएमई सभागार में संपन्न हुई। इस अवसर पर देशभर से आए समाजसेवी, बुद्धिजीवी, प्रतिनिधि और राष्ट्रीय पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय नारायण चौकसे ने की। बैठक की शुरूआत भगवान श्री सहस्त्रबाहु की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। बैठक में जातिगत जनगणना में समाज की वास्तविक उपस्थिति दर्ज कराने के लिए यह प्रस्ताव पारित किया गया कि जाति कॉलम में कलार, कलाल, कलवार, अहलुवालिया, जायसवाल, चौकसे, राय, शिवहरे आदि जैसे उपनामों से पूर्व 'कलचुरी' शब्द जोड़ा जाए। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि कलचुरी वंश के अंतर्गत आने वाले उपवर्गों की संख्या हजार से अधिक है, जो अलग-अलग उपनामों से जनगणना में शामिल होते हैं। इससे समाज की वास्तविक संख्या स्पष्ट नहीं हो पाती और राजनीतिक एवं प्रशासनिक लाभों से वंचित रह जाता है। उन्होंने बताया कि जब उपनामों से पहले 'कलचुरी' लिखा जाएगा। तो समाज की एकजुटता और पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और भी मजबूत होगी। बैठक में दूसरा प्रमुख प्रस्ताव मध्यप्रदेश के पावन नगर महेश्वर को ह्यराजराजेश्वर सहस्त्रबाहु धाम के रूप में सरकार से घोषित करवाने का रखा गया, जिसे सभी प्रतिनिधियों ने सहर्ष समर्थन दिया। यह नगर कलचुरी समाज के आराध्य भगवान श्री सहस्त्रबाहु जी की जन्मस्थली और कर्मस्थली माना जाता है। चौकसे ने घोषणा की कि वे इस स्थान पर भगवान सहस्त्रबाहु की विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्थापित करने का प्रयास करेंगे।

बैठक में स्कूली शिक्षा विभाग की करीब 69 शालाओं तथा प्रदेश के लगभग 15 कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारियों ने लिया भाग

# कोलार इलाके में तिरंगा यात्रा को लेकर सहभागिता का आह्वान

## विधायक शर्मा ने युवाओं में जागरुकता बढ़ाने पर दिया बल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी महाविद्यालय में शनिवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हुजूर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा ने की। बैठक में स्कूली शिक्षा विभाग की करीब 69 शासकीय एवं अशासकीय शालाओं तथा उच्च शिक्षा विभाग, प्रदेश के लगभग 15 शासकीय, निजी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के प्राचार्य, प्रशासनिक अधिकारी, खेल अधिकारी एवं सांस्कृतिक प्रभारी उपस्थित रहे।



विधायक ने युवाओं में देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरुकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दिए गए एक प्रधान, एक विधान, एक निशान के सिद्धांत की प्रासंगिकता को रेखांकित किया और संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के आदर्शों का पालन करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों से तिरंगा यात्रा एवं स्वतंत्रता दिवस समारोह में सक्रिय और उत्सवमय सहभागिता की अपील की। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष अनूप सिंह बैस ने भी सभी संस्थानों से सहभागिता के लिए अनुरोध किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शालिनी सक्सेना ने सभी शैक्षणिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। तिरंगा यात्रा की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस वाजपेई, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, मनोहर मीणा और विधायक प्रतिनिधि अनिकेत पांडे भी उपस्थित रहे।

# मौसम खराब होने के कारण एक सप्ताह पहले अमरनाथ यात्रा पर लगा पूर्ण विराम

**भोपाल।** बालटाल और पहलगाम में मौसम खराब होने के चलते अमरनाथ यात्रा को एक सप्ताह पहले रोक दिया गया। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से आरंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक, 38 दिनों के लिए भक्तों को बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्राइन बोर्ड द्वारा यात्रा की व्यवस्था की गई थी। लेकिन खराब मौसम के कारण 7 दिन पहले ही यात्रा को पूर्ण विराम दे दिया गया है, जो भक्त आखिरी दिनों में बाबा बर्फानी के दर्शन करना चाहते थे, यात्रा बंद होने से वह निराश हो गए है। अभी तक लगभग चार लाख दस हजार भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं। मंडल के 83 भक्तों का 15 वां आखिरी जत्था जो 28 जून को भोपाल से अमरनाथ यात्रा पर गया हुआ था। सभी भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन कर लिए हैं, सभी सुरक्षित है। अब सभी भक्त मां वैष्णों देवी जी के दर्शन करने रवाना हो गए।

पालक महासंघ ने कहा: शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन कराए

# सत्र शुरू हुए चार माह बीते, लेकिन स्कूलों ने नहीं दिया फीस का ब्यौरा व शपथ-पत्र

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से कई बार आदेश जारी होने के बाद भी प्रदेश में निजी स्कूलों की मनमानी जारी है। स्थिति यह है कि बड़ी संख्या में निजी स्कूलों की ओर से अब तक पोर्टल पर फीस का ब्यौरा नहीं दिया है। इसके अलावा 25 हजार से कम शुल्क लेने वाले स्कूलों की ओर से भी शपथ पत्र दिए जाने को लेकर लेटलतीफी की जा रही है। जबकि स्कूलों के लिए शपथ पत्र देने के लिए सिर्फ 6 दिन का समय बचा है।

## 10 हजार 205 स्कूलों ने दी जानकारी

पालक महासंघ के महासचिव प्रबोध पंड्या ने बताया कि निजी स्कूलों की फीस को लेकर शासन की ओर से कई बार आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन इनका पालन नहीं हो सकता है। स्थिति यह है कि निजी स्कूलों की फीस का ब्यौरा पोर्टल पर दिया जाना था। अब तक प्रदेश में मात्र 10 हजार 205 स्कूलों की ओर से पोर्टल पर जानकारी दी गई है। जबकि प्रदेश में 34 हजार से अधिक स्कूल हैं। 25 हजार रूपए से अधिक फीस वाले निजी स्कूलों के लिए 15 मई से अब पोर्टल भी बंद है। शासन को चाहिए कि अपने का आदेशों का कड़ाई से पालन कराए।

### पिछले साल की कमियां दूर करना रहा फायदेमंद, कुलपति जैन के साथ पूरी टीम की मेहनत लाई रंग

# बरकतउल्ला विवि ने रचा इतिहास, नैक से पहली बार मिला 'ए' ग्रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के इतिहास में नैक (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद)ने विवि को पहली बार ए ग्रेड दिया है। इससे बीयू ने नया इतिहास रच दिया है। बीयू को ए ग्रेड मिलने से अब विवि को पूर्व की अपेक्षा अधिक फंडिंग के रास्ते भी खुल गए हैं। वर्तमान कुलगुरु प्रो. सुरेश कुमार जैन के नेतृत्व में बीयू में दो बार नैक की टीम निरीक्षण कर चुकी है। पिछले साल टीम को जो कमियां मिली थीं, कुलगुरू ने इस साल उन्हें काफी हद तक दूर कर दिया। इससे बीयू के ग्रेड सुधरने में काफी मदद मिली है। कुलगुरू प्रो एसके जैन का कहना है कि इस प्रयास में विवि के सभी शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपना अमूल्य योगदान दिया। विवि को ए ग्रेड मिलने में विवि के सभी शिक्षकों द्वारा खासकर विभिन्न सात क्राइटेरिया कोऑर्डिनेटर एवं गठित कमेटी द्वारा निरंतर प्रयास करने से भी बीयू को बेहतर ग्रेड मिलने में सहायता मिली है।




## पीएम ऊषा योजना में 100 करोड़

प्रो. एसके जैन द्वारा विवि के कुलगुरु बनने के बाद विवि ने न सिर्फनैक में ए ग्रेड प्राप्त किया है, बल्कि दो वर्षों में विवि को पीएम उषा के तहत 100 करोड़ की राशि भी प्राप्त हुई। इसका उपयोग विवि के शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने, अधो संरचना के विकास साथ ही शोध को बढ़ावा देने में उपयोगी साबित हो रहा है। इसी अवधि में विश्वविद्यालय को ग्लोबल रैंकिंग में भी महत्वपूर्ण स्थान मिला है।

## छात्रों को विदेशी एवं देश की संस्थाओं से मिलेंगी सुविधाएं



विवि को ए ग्रेड मिलने का एक सबसे बड़ा फायदा अब यह होगा कि डिस्टेंस मोड से बंद पड़े संस्थान को फिर से अपने कोर्स को संचालित करने का मौका मिलेगा। यह कोर्स पूर्व में मिले ग्रेड के कारण बंद हो गया था। इसके अलावा देसी एवं विदेशी संस्थानों से शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एवं बेहतर शोध के अवसर मिलने के लिए फंड एवं कोलैबोरेशन भी बढ़ेगा। अकादमिक और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही विवि के छात्रों को विदेशी एवं देसी संस्थाओं से भी फेलोशिप, स्कॉलरशिप इत्यादि की सुविधा मिल सकेगी।

### बेहतर प्लेसमेंट अवसर

कुलगुरू प्रो. जैन का कहना है कि नैक से ए ग्रेड प्राप्त करने से छात्रों को बेहतर प्लेसमेंट अवसर मिलते हैं, क्योंकि यह संस्थान की गुणवत्ता का प्रमाण होता है, जिससे छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ जाती है।

### यह लाभ भी छात्रों को आसानी से मिल जाएंगे

ए ग्रेड मिलने का मतलब है कि विवि पाठ्यक्रम डिजाइन, शिक्षण पद्धति, संकाय योग्यता और छात्र सहायता सेवाओं में कठोर मानकों का पालन करता है। इससे विवि के छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, अनुसंधान अनुदान और राष्ट्रीय एवं वैश्विक मंचों पर संस्थागत दृश्यता के नए रास्ते खुलते हैं।

संगीत संध्या में कलाकारों की प्रस्तुतियों ने किया मंत्रमुग्ध

# एनएचडीसी ने मनाया 26वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की अग्रणी जलविद्युत व सौर ऊर्जा उत्पादन कंपनी एनएचडीसी लिमिटेड ने अपना 26वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया। मुख्य सांस्कृतिक समारोह शुक्रवार को सुभाष यादव भवन, न्यू मार्केट के सभागार में आयोजित किया गया, जहां संगीत संध्या में सांस्कृतिक कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। गायिका अरुणिता कांजिलाल की संगीत की प्रस्तुति ने समस्त दिलों को जीत लिया।

### ऊर्जा संरक्षण जागरुकता की सराहना

मुख्य अतिथि राजेंद्र प्रसाद गोयल ने कहा कि एनएचडीसी ने प्रदेश को ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में योगदान दिया है। गोयल ने मप्र को समृद्ध बनाने एनएचडीसी द्वारा विद्युत आवश्यकता की पूर्ति करने के साथ ऊर्जा संरक्षण जागरुकता जैसी गतिविधियों के संचालन से विकास में भूमिका निभाने की सराहना की है। इस अवसर पर राजीव जैन, प्रबंध निदेशक एनएचडीसी ने निगम की विभिन्न उपलब्धियों और देश प्रदेश हित में निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों तथा भविष्य की चुनौतियों से सभी को अवगत कराया।

4 तामोट में सात दिवसीय शिव अभिषेक हवन-पूजन...

5 राज्य के विकास में मुख्यमंत्री, विधानसभा...




फिटनेस के साथ समाज सेवा का संदेश देते ग्रुप्स

# कोई बना शहर का पहला महिला साइकिल ग्रुप तो किसी ने आंगनबाड़ी ली गोद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कहते हैं दोस्ती एक ऐसी कड़ी है, जो किसी शख्स को शख्सियत में तब्दील कर देती है, बस जरूरत है तो अच्छे दोस्त की और यदि एक अच्छा दोस्त मिलता है तो उसके साथ दोस्ती हमेशा बरकरार भी रखनी चाहिए। आज अंतरराष्ट्रीय मित्रता दिवस पर हरिभूमि ने कुछ ऐसे दोस्तों के ग्रुप को तलाशा, जिनकी दोस्ती ने एक मिसाल पेश की और यह दोस्त न केवल स्वयं के लिए कार्य कर रहे हैं, बल्कि इनकी दोस्ती ने समाज के सामने एक उम्दा उदाहरण पेश किया। इन ग्रुप्स ने जहां एक ओर महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया तो वहीं दूसरी ओर समाज सेवा का बीड़ा उठाया।

फ्रेंडशिप-डे

## 'बेगम्स ऑफ भोपाल' ने स्वयं को सशक्त बनाने के साथ प्रदेश की विरासत को सहेजा



राजधानी का ऐसा ग्रुप, जिसने गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश देने के साथ-साथ समाज सेवा और महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी कार्य किया, जो आज शहर का एक जाना-माना ग्रुप है 'बेगम्स ऑफ भोपाल', साल 2019 में बने इस ग्रुप ने आज पूरे शहर बल्कि प्रदेश में भी नाम कमाया। ग्रुप की फाउंडर रखशां जाहिद ने कहा कि हम कुछ दोस्तों ने मिलकर इस ग्रुप को बनाया। इसके पीछे उद्देश्य समाज सेवा के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण भी था। उन्होंने कहा कि हम अपने वीस ग्रुप के माध्यम से समाज सेवा का कार्य करते हैं, जिसके अंतर्गत हमनें सात आंगनबाड़ियों को भी गोद लिया है, वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम प्रत्येक वर्ष परी बाजार का भी आयोजन करते हैं, जिसमें महिलाएं अपने हस्तनिर्मित प्रोडक्ट के स्टॉल लगाती हैं, जिससे उनकी इनकम होने के साथ साथ उनकी पहचान भी बढ़ती है, इसी के साथ हेरिटेज कार रैली के रुप में हम महिलाओं को सशक्त रूप में प्रस्तुत करते हैं।

## फिटनेस लवर दोस्तों ने बनाया 'पावनी', जो महिलाओं को सिखाता है साइकिल चलाना



भोपाल के पहले महिला साइकिल ग्रुप 'पावनी' की फाउंडर बिंदिया खर्ब ने कहा कि हम कुछ दोस्तों को लगता था कि लाइफ में कुछ ऐसा करना चाहिए, जिससे हम समाज के लिए कुछ कर पाएं और खुद के लिए भी कुछ कर पाएं, खासकर खुद की सेहत के लिए और ऐसे में मुझे लगा कि हमें साइकिल ग्रुप बनाना चाहिए और इस प्रकार हमने भोपाल का पहला महिला साइकिल ग्रुप बनाया। जिसमें शुरूआत में तो 18 से 20 मेंबर ही थे और हम सभी दोस्त हैं, लेकिन आज इसमें 60 के करीब मेंबर्स जुड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि क्योंकि हर एक महिला को किसी पुरुष से ट्रेनिंग लेने में अनइजी लगता है और ऐसे में लगा कि खुद ही साइकिल चलाने की ट्रेनिंग एक-दूसरे को देंगे और साइकिल सीखेंगे भी और कुछ अचीव भी करेंगे। हमारा ग्रुप फिटनेस का ही संदेश नहीं देता, बल्कि कई ऐसी महिलाएं भी हैं, जिन्होंने 1 साल में 100, 200 नहीं बल्कि 600 किमी तक साइकिल चलाई है हमें प्रदेश स्तरीय सम्मान से भी नवाजा गया है।

---

## शहर के सरकारी अस्पतालों में हर दिन 300 से ज्यादा आ रहे मरीज

स्वास्थ्य विभाग ने जारी की गाइडलाइन

# वायरस का अटैक: एक संक्रमित से 10 लोगों में फैल रहा आई-फ्लू संक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वायरल फीवर के बाद अब शहर में एक और संक्रमण बढ़ने लगा है। मौसम में बदलाव के साथ आई-फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस बार आई-फ्लू के मामले बच्चों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि हर उम्र के लोगों में दिख रहे हैं।

हालात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि शहर के अस्पतालों में हर दिन 300 से ज्यादा मरीज आई फ्लू की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। यही नहीं, मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने गाइडलाइन जारी की। इसके अनुसार विभाग ने अस्पतालों में पर्याप्त व्यवस्थाएं रखने के साथ ही लोगों को भी इससे बचने के निर्देश दिए हैं।

बच्चों के साथ हर उम्र के लोग आ रहे चपेट में

**हमीदिया अस्पताल** में नेत्र विभाग में रोजाना आई-फ्लू के करीब 100 मरीज पहुंच रहे

**जय प्रकाश अस्पताल** में हर दिन 80 से 100 तक पहुंच रही रोगियों की संख्या



### कहीं पूरा परिवार, कहीं पूरा ऑफिस ही संक्रमित

हमीदिया अस्पताल के नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसएस कुबरे ने बताया कि एक संक्रमित मरीज से 10 लोगों को संक्रमण का खतरा रहता है। वहीं अब ऐसे मरीज भी आ रहे हैं, जिनका पूरा परिवार ही आई-फ्लू से पीड़ित है। ऐसे में लोगों को चाहिए कि परिवार में किसी एक व्यक्ति को आई-फ्लू संक्रमण है तो वह परिवार से खुद को अलग कर लें। कई मामले ऐसे भी आएं हैं, जिसमें पूरा ऑफिस ही संक्रमित हो गया।

### यह है विभाग की गाइडलाइन

- अपनी आंखों को छूने से पहले हाथ आवश्यक रूप से धोएं।
- संक्रमित व्यक्ति अपना टॉवल तकिया, आई ड्रॉप आदि उपयोग की गई वस्तुएं घर के अन्य सदस्यों से अलग रखें।
- स्विमिंग पूल व तालाबों में नहाने बचें।
- कंटैक्स्ट लेंस पहना बंद करें और अपने नेत्र चिकित्सक की सलाह के अनुसार ही फिर इसे शुरू करें।
- आंखों के सौंदर्य प्रसाधनों का प्रयोग न करें।
- साफ गीले कपड़े से धोएं उपयोग किए गए कपड़े को गर्म पानी से धोलें।
- यदि आंखों में लालिमा हो तो अपने ⏩ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से परामर्श लें।
- डॉक्टर की सलाह के बिना कोई भी ड्रॉप का उपयोग न करें।

### 5 से 7 दिन में ठीक होता है आई-फ्लू

नेत्र रोग विशेषज्ञों के अनुसार कंजक्टिवाइटिस होने से सूजन, दर्द, लालिमा और पानी आता है कुछ लोग में कीचड़ भी। कई बार यह सिर्फ एक आंख या फिर एक के बाद दूसरी आंख में या फिर दोनों आंखों में एक साथ अचानक से होता है और मरीज को लगातार आंखों में चुभता रहता है, लाइट में आंख नहीं खोल पाता है और सिर में दर्द भी हो सकता है। इसकी मुख्य वजह वायरस है, जो अक्सर शुरू के 2 से 3 दिन में बढ़ता है और फिर 5 से 7 दिन में ठीक होता है।

### जेपी और हमीदिया में लग रही कतारें

हमीदिया अस्पताल में नेत्र विभाग 100 मरीज पहुंच रहे हैं, जिन्हें कंजक्टिवाइटिस या आई-फ्लू है। इसके अलावा जय प्रकाश अस्पताल में रोजाना 80 से 100 मरीज पहुंच रहे हैं। इसके अलावा अन्य जिले के स्वास्थ्य केंद्र एवं सिविल अस्पतालों में करीब 40-60 मरीज रोजाना सामने आ रहे हैं। एम्स और निजी अस्पतालों में भी हर रोज 100 से 150 मरीज पहुंच रहे हैं।

---

बाग मुगालिया में रहता है परिवार

## मामा को देखने एम्स गईं 11 और 7 साल की दो बहनों का अपहरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स अस्पताल में भर्ती अपने मामा को देखने गईं 11 और सात साल की दो सगी बहनें रहस्यमय तरीके से लापता हो गईं। वह अपनी मां के साथ अस्पताल गई थीं। परिजनों ने हर संभव ठिकानों पर तलाश की लेकिन जब एक सप्ताह बाद भी कहीं सुराग नहीं मिला तो बाग सेवनिया पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है।

### मां से पैसे लेकर एम्स के बाहर गई थी खाना लाने

पुलिस के मुताबिक बाग मुगालिया इलाके में रहने वाली महिला और उनका परिवार झाड़ू बनाने का काम करता है। विगत 20 जुलाई को एक सड़क हादसे में महिला का भाई गंभीर रूप से घायल हो गया था। एम्स अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने बताया कि शनिवार 28 जुलाई को महिला अपनी 11 और 7 साल की दो बेटियों को लेकर एम्स में भर्ती भाई को देखने गई थीं। वहां अस्पताल के बाहर पांच रुपए में खाना मिलने की जानकारी मिलने पर दोनों बच्चियां मां से पैसे लेकर खाना लेने गई थीं, लेकिन वे दोनों लौटी नहीं। बच्चियों की खोजबीन के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं।


## देर रात तक मोबाइल पर बातचीत करने के बाद युवक ने लगाई फांसी

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित कच्ची मार्केट के पास भेल के क्वार्टर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या से पहले वह देर रात अपनी महिला मित्र से बातचीत कर रहा था। अनुमान है कि महिला मित्र से किसी बात को लेकर कहासुनी होने के बाद उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार उमेश मेहरा पिता ज्ञान सिंह मेहरा (27) कच्ची मस्जिद के पास भेल के क्वार्टर में रहता था। वह भेल में ठेका श्रमिक था। उमेश अविवाहित था और एक युवती से बातचीत करता था।

---

भोपाल मंडल में चौथी लाइन का काम होगा जल्द शुरू

## भोपाल से इटारसी और बीना से भोपाल तक सर्वेक्षण हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे की ओर से ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने व वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेल लाइन की संख्या बढ़ाने की दिशा में तेजी से काम चल रहा है।

रेलवे की ओर से जहां कुछ जोन व मंडलों में चौथी रेल लाइन का काम शुरू कर दिया, तो वहीं अब भोपाल मंडल के अंतर्गत इटारसी-भोपाल-बीना खंड पर चौथी रेल लाइन परियोजना की शुरुआत कर दी गई है। इस परियोजना के पूरा होने से न केवल माल और यात्री परिवहन की क्षमता में इजाफा होगा, बल्कि क्षेत्रीय विकास और रोजगार सृजन को भी नया आयाम मिलेगा। परियोजना के तहत इटारसी से भोपाल और फिर भोपाल से बीना तक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वे के पूर्ण होते ही नियमानुसार आवश्यक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आरंभ की जाएगी। इसमें स्थानीय प्रशासन के सहयोग से भूमि स्वामियों को उचित मुआवजा दिए जाने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है।

### नर्मदापुरम, सीहोर, भोपाल विदिशा,सागर रूट में शामिल

भोपाल मंडल पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि चौथी लाइन के निर्माण के लिए इटारसी से लेकर बीना खंड तक सर्वे का कार्य जारी है। सर्वे पूर्ण होने के बाद आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। चौथी रेल लाइन मप्र के नर्मदापुरम, सीहोर, भोपाल, विदिशा और सागर से गुजरेगी। यहां रेलवे नेटवर्क के विस्तार से आवागमन की सुविधा बढ़ेगी और औद्योगिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

---

दो अस्पताल संचालकों के खिलाफ जुर्माना

## कॉलोनियों में कीटनाशक का किया छिड़काव, कचरा फेंकने पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में नगर निगम ने डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया सहित मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए टीमों ने कीटनाशक का छिड़काव शुरु कर दिया है। इसी के तहत निगम अमले ने शनिवार को दो अस्पताल संचालकों के खिलाफ जुर्माना किया है। नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन के निर्देश पर जोन-15 के अमले ने निरीक्षण किया तो वार्ड-62 के पटेल नगर स्थित गायत्री अस्पताल के कर्मचारी ने कचरा खाली प्लॉट पर फेंकने के साथ ही आग लगाई जा रही थी। मदन नामक कर्मचारी से एक हजार रुपए जुर्माना मौके पर ही वसूल किया गया।

### 13 केस में 4 हजार 200 रुपए जुर्माना

इसी तरह वार्ड-66 के तहत नवोदय कैंसर अस्पताल में डेंगू लार्वा मिलने पर अस्पताल प्रबंधन से भी एक हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है। अमले ने डेंगू लार्वा पाए जाने पर 13 प्रकरणों में चार हजार 200 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। नगर निगम अमले ने भौंरी गांव, आरा मशीन रोड, वन ट्री हिल्स, सैनिक कालोनी, आयकर कालोनी, 74 बंगला, शिव नगर, पुलिस फायर कॉलोनी जेल रोड क्षेत्रों में कीटनाशक रसायनों का छिड़काव किया।

---

मंदिर प्रशासक ने किया था तीन सदस्यीय जांच दल गठित

## महाकाल के गर्भगृह में घुसने की जांच पूरी तीन कर्मचारियों पर गिर सकती है 'गाज'

हरिभूमि न्यूज ⏭ उज्जैन

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में विधायक गोलू शुक्ला और उसके बेटे रुद्राक्ष के जबरन घुसने के मामले में रिपोर्ट मंगलवार तक पेश होने की संभावना है। हालांकि, उससे पहले पता चला है कि मामले में मंदिर कर्मचारियों पर गाज गिरना तय है।



गोलू शुक्ला और उनके बेटे पर क्या कार्रवाई होगी, यह तय नहीं

जांच रिपोर्ट में तीन कर्मचारियों की घटना के दौरान मौजूदगी और उनके द्वारा दोनों को रोकने में नाकाम रहने को लेकर जिम्मेदारों के खिलाफ चूक मानी गई है। हालांकि गोलू शुक्ला और उसके बेटे रुद्राक्ष पर क्या कार्रवाई होगी ये तय नहीं हो पाया है।

घटना के 24 घंटे बाद उज्जैन कलेक्टर ने जांच के लिए तीन सदस्य दल बनाया था।

जिसमें उप प्रशासक एसएन सोनी, सुरक्षा अधिकारी जयंत राठौर और सहायक प्रशासक आशीष कलवाड़िया को 7 दिन में जांच कार रिपोर्ट पेश करने को कहा था। शनिवार को महाकाल मंदिर में उप प्रशासक एसएन सोनी ने बताया कि जांच पूरी हो चुकी है।

दो दिन में मंदिर प्रशासक को सौंप दी जाएगी। इसका प्रतिवेदन तैयार हो रहा है। पूरे घटनाक्रम में तीन कर्मचारी की लापरवाही सामने आई है।

---

घने इलाकों में उमस ने किया परेशान

दिन में सड़कों पर उड़ी धूल, देर शाम कुछ देर तेज बौछारों से धूल-मिट्टी दबने से पॉल्यूशन हुआ कम


## सुबह थे हल्के बादल, दोपहर में धूप, शाम को छाए काले बादल, दिन भर मिजाज बदलता रहा मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में शनिवार को मौसम खुशनमा रहा। सुबह से हल्के बादल, दोपहर में धूप फिर बादलों के आने-जाने के बीच शाम को फिर काले बादल घिरे। कुछ हिस्सों में शाम को बूंदाबांदी हुई, जबकि देर शाम कुछ और हिस्सों में हल्की बौछारें पड़ीं। शहर में दिन का पारा 31.3 डिग्री रहा, जो देर शाम करीब 4 डिग्री गिरकर 27 डिग्री के करीब पहुंच गया।

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी हवा में सुबह के समय 87 और शाम को 73 फीसदी से अधिक नमी होने पर धूप खिलने से लोकल सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इससे बौछारें, बादल और बूंदाबांदी का सिलसिला अभी जारी रहेगा।

शहर का एक्यूआई 100 के नीचे पहुंचा, सांस लेने के लिए रही बेहतर हवा



### कहां-कितना रहा एक्यूआई?

शहरभर में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 100 के नीचे पहुंच गई। शहर में शनिवार को पर्यावरण परिसर में पीएम-10 का लेबल 73 पर रहा। कलेक्टोरेट में यह 79, टीटी नगर इलाके में एक्यूआई पीएम-10 लेबल 84 तक दर्ज हुआ है। शहर में दोपहर के समय एक्यूआई इससे अधिक दर्ज हुआ था, जिसमें बौछारों के बाद कमी आई।

### भोपाल में कुल 700 मिमी बारिश

भोपाल में एक जून से शनिवार तक कुल 700.1 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य से 151.7 मिमी अधिक है। शुक्रवार से शनिवार सुबह तक शहर में बारिश नहीं होने से तापमान में एक डिग्री की बढ़त रही। दिन का पारा 31.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.1 डिग्री अधिक है।

हवा में नमी से लोकल सिस्टम से बारिश-बौछारें पड़ती रहेंगी

### अभी सिस्टम यहां सक्रिय

शुक्ला के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ फिरोजपुर, अंबाला, नजीबाबाद, शाहजहांपुर, बाराबंकी, गोरखपुर, मुजफ्फरपुर, बरहामपुर से होकर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। एक सकुर्लेशन बिहार और उससे लगे हिस्सों में सक्रिय है। वहीं, एक सकुर्लेशन पंजाब और आसपास सक्रिय है। इससे मप्र में अभी कोई सिस्टम नहीं है। तापमान बढ़ने और हवा में नमी से लोकल सिस्टम से अभी बारिश-बौछारें पड़ती रहेंगी।

# क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर एसबीआई बैंक के आउटसोर्स कर्मचारी ने प्रोवीजन स्टोर संचालक से की दो लाख की धोखाधड़ी

आरोपी ने मोबीक्विक एप के माध्यम से रकम वॉलेट में डालकर अपने खाते में ट्रांसफर कर ली थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एसबीआई बैंक शाखा लालघाटी के आउटसोर्स कर्मचारी ने क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर प्रोवीजन स्टोर संचालक को 2 लाख पांच हजार रुपए की चपत लगा दी। आरोपी ने नया क्रेडिट कार्ड बनवाने के नाम पर प्रोवीजन स्टोर संचालक से उनका पुराना क्रेडिट कार्ड और मोबाइल लिया था। आरोपी ने पुराने क्रेडिट कार्ड और मोबाइल की मदद से क्रेडिट कार्ड अपडेट करने की बात कही। संचालक उसके झांसे में आ गए और मोबाइल व क्रेडिट कार्ड उसे दे दिया। आरोपी ने मोबीक्विक एप के माध्यम से रकम वॉलेट में डालकर अपने खाते में ट्रांसफर कर ली थी।

क्रेडिट कार्ड की वैधता 31 जुलाई का समाप्त होने वाली थी

नया क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए स्टोर संचालक के पास मैसेज और कॉल आ रहे थे




आरोपी एक क्रेडिट कार्ड कंपनी का कर्मचारी है।

पुलिस ने बताया कि जानकी नगर गुफा मंदिर लालघाटी निवासी अशोक जायसवाल (60) गुफा मंदिर रोड स्थित ओम प्रोवीजन स्टोर के संचालक हैं। उनके पास पहले से एसबीआई का क्रेडिट कार्ड है। उनके क्रेडिट कार्ड की वैधता 31 जुलाई का समाप्त होने वाली थी। नया क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए उनके पास मैसेज और कॉल आने लगे। 31 जुलाई को वह एसबीआई बैंक शाखा लालघाटी गए और क्रेडिट शाखा में जाकर मिले। वहां अर्जुन मीणा नामक व्यक्ति से उनकी मुलाकात हुई। अर्जुन एसबीआई क्रेडिट कार्ड शखा का आउटसोर्स कर्मचारी है और क्रेडिट कार्ड बनाने का काम करता है। उसने अशोक जायसवाल से कहा कि मैं आपका क्रेडिट कार्ड बनवा दूंगा। अर्जुन ने अशोक जायसवाल से उनका क्रेडिट कार्ड और मोबाइल ले लिया। कुछ देर फरियादी के साथ रहने के बाद अर्जुन मीणा बैंक शाखा में उनका क्रेडिट कार्ड और मोबाइल लेकर चला गया। अशोक जायसवाल अपनी दुकान पर आ गए। कुछ देर बाद अर्जुन मीणा मोबाइल और क्रेडिट कार्ड लेकर उनकी दुकान पर पहुंचा और कहा कि आज क्रेडिट कार्ड नहीं बन रहा है, कल बन जाएगा।

### आरोपी के जाते ही मोबाइल पर आया मैसेज

शुक्रवार एक अगस्त की सुबह साढ़े नौ बजे से दस बजे के बीच अर्जुन फरियादी की दुकान पर पहुंचा और बोला कि आपका क्रेडिट कार्ड और मोबाइल दे दो। अशोक जायसवाल ने अपना क्रेडिट कार्ड और मोबाइल अर्जुन मीणा को दे दिया। करीब 15 मिनट बाद बैंक शाखा से बाहर आकर अर्जुन बोला कि आज फिर क्रेडिट कार्ड नहीं बन पाएगा। दो-तीन दिन के बाद बनेगा। अर्जुन मीणा ने अशोक जायसवाल का क्रेडिट कार्ड और मोबाइल उन्हें लौटा दिया और वहां से चला गया। कुछ देर बाद फरियादी के मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड खाते से एक लाख 95 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया। वह तुरंत एसबीआई की लालघाटी शाखा पहुंचे और बैलेंस चेक कराया।

### आरोपी को पकड़कर थाने ले गए

बैंक शाखा में पता चला कि 31 जुलाई को दस हजार रुपए व एक अगस्त को एक लाख 95 हजार रुपए मोबीक्विक एप के माध्यम से वॉलेट में डालकर अर्जुन मीणा के खाते में कुल दो लाख पांच हजार रुपए ट्रांसफर हुए हैं। फरियादी अशोक जायसवाल का कहना है कि अर्जुन मीणा ने धोखाधड़ी कर उनके साथ दो लाख पांच हजार की ठगी की है। उन्होंने परिजनों के साथ मिलकर बड़ी मशक्कत के बाद आरोपी अर्जुन मीणा को पकड़ा और उसे लेकर थाने पहुंचे। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## खबर संक्षेप




### ट्रैफिक जाम करने वाले अतिक्रमण हटाए, जब्त किया सामान

**भोपाल।** शहर में सड़क और फुटपाथ पर पसरा अतिक्रमण लोगों व यातायात के आवागमन में बाधा बन रहा है। इसी के चलते नगर निगम के अमले ने शनिवार को 50 से अधिक क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की है। नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन ने अवैध कब्जे, सड़क- फुटपाथ पर पसरे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद से नगर निगम का अमला निरंतर कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम अमले ने सीएम हेल्प लाइन, काल सेंटर व अन्य शिकायतों के आधार पर हमीदिया रोड, नादरा बस स्टैंड, भोपाल टाकीज चौराहा, सिंधी कालोनी चौराहा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में विभिन्न प्रकार के अतिक्रमणों को हटाते हुए ठेले, गुमठी, पान पार्लर जब्त किए है। इनके अलावा नगर निगम की तीन टीमों ने कमला नगर थाने से नेहरू नगर चौराहा तक मैनिट चौराहा से माता मंदिर चौराहा तक माता मंदिर चौराहा से पीएंडटी भारत माता चौराहा और जवाहर चौक क्षेत्र में पसरे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है। यहां से अमले ने अवैध दुकान, ठेले, गुमठी सहित करीब 12 ट्रक सामान जब्त किया है।

### कांग्रेस में नहीं है जिला और ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकर्ता परेशान

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस में जिला अध्यक्ष भी नहीं है और न ही ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हैं। बगैर नेता के कांग्रेस में उठा पटक चल रही है। पर्यवेक्षक भी दो बार आ यहां चुके हैं। लोकसभा चुनाव के समय से जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष नहीं है, जिससे कार्यकर्ता परेशान हैं। औबेदुल्लागंज का कोई भी कांग्रेसी नेता यह नहीं बता पा रहा कि जिला अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष कौन बनेगा और कब बनेगा।

### रवींद्र भवन में 'द एवर ग्रीन किशोर म्यूजिकल नाइट' आज

**भोपाल।** सुरों के बेताज बादशाह और सदाबहार पार्श्व गायक किशोर कुमार की याद में 3 अगस्त को 'द एवर ग्रीन किशोर म्यूजिकल नाइट' का आयोजन किया जाएगा है। कार्यक्रम रवीन्द्र भवन के अंजनी सभागार में होगा। किशोर कुमार संगीत अकादमी की ओर से आयोजित कार्यक्रम किशोर कुमार के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर किया जा रहा है, जिससे यह अवसर और भी भावनात्मक और खास बन गया है। अकादमी के प्रमुख डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में अकादमी के सदस्य कलाकार मंच पर किशोर कुमार के अमर गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देंगे, जिनमें रोमांटिक, देशभक्ति और हास्य रस से भरपूर गीत शामिल होंगे।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 456 | 58 | 459 |
| रात: | 350 | 86 | 259 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 456 | 58 | 189 |
| रात: | 126 | 99 | 469 |

## करीब ढाई महीने की गर्भवती थी महिला, पुलिस जांच में जुटी

# भाई से कहा, ड्यूटी से आना तो समोसे लेकर आना, बाथरूम में हाथ धोने गई बहन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसने भाई से कहा था कि समोसे खाने का मन है, ड्यूटी से लौटकर आओ तो समोसे ले आना। भाई बहन के लिए समोसे लेकर घर पहुंचा। बहन बाथरूम में हाथ धोने गई, तभी अचानक बेसुध हो गई। उसे बाथरूम से उठाकर निजी अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार किया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार प्रियंका सैनी पति राहुल सैनी (31) मकान नंबर-2, कृष्णा कॉलोनी,



स्टेशन बजरिया की रहने वाली थी। उसकी शादी वर्ष 2021 में कुरूक्षेत्र, हरियाणा निवासी राहुल सैनी से हुई थी। शादी के बाद राहुल और प्रियंका की संतान नहीं थी। प्रियंका इलाज कराने के लिए भोपाल आई थी। उसका आईसबीटी के पास एक निजी अस्पताल में इलाज चला और वह गर्भवती हो गई। उसे करीब ढाई महीने का गर्भ था।

### मेट्रो प्रोजेक्ट में इंजीनियर है भाई

प्रियंका सैनी का भाई आशुतोष सैनी मेट्रो में इंजीनियर है। शुक्रवार शाम उसे बहन प्रियंका ने कॉल किया और कहा कि भइया समोसे खाने का मन है। शाम को ड्यूटी से लौटेंगे तो समोसे लेते आना। आशुतोष शाम करीब छह बजे समोसे लेकर घर पहुंचा। इसी बीच प्रियंका हाथ धोने का कहकर बाथरूम में चली गई। करीब पंद्रह मिनट बीत जाने के बाद भी वह बाथरूम से बाहर नहीं आई तो परिजन उसे देखने पहुंचे। आवाज देने के बाद भी उसने बाथरूम का दरवाजा नहीं खोला तो खिड़की से झांककर देखा गया। इस दौरान पता चला कि वह बेसुध पड़ी हुई है। परिजन उसे उठाकर निजी अस्पताल ले गए, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### बहन से कहासुनी के बाद युवती ने लगाई फांसी

गुनगा थाना क्षेत्र स्थित गांव करोंदिया में शुक्रवार शाम एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि आत्महत्या से पहले उसकी बड़ी बहन से कहासुनी हुई थी। अनुमान है कि इसी से दुखी होकर उसने फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार ऊषा लोधी पिता लक्ष्मीनारायण (21) ग्राम करोंदिया थाना गुनगा में रहती थी और प्राइवेट काम करती थी। करीब दो महीने पहले उसने व्यक्तिगत कारण से नौकरी छोड़ दी। छह बहनों में ऊषा सबसे छोटी थी। दो बहनों की शादी हो चुकी है। ऊषा की तीसरे नंबर की बहन का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। शुक्रवार को उसने ऊषा से कुछ पैसों की मांग की। ऊषा नौकरी छोड़ चुकी थी, इसलिए उसने पैसे देने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद ऊषा अपने कमरे में चली गई। काफी देर तक वह कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजन उसे देखने कमरे में पहुंचे। इस दौरान वह फांसी के फंदे पर लटकी नजर आई। उसे इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद ऊषा को मृत घोषित कर दिया।

## खुदकुशी की कोशिश करने वाले असिस्टेड कमांडेट की बेटी ने लगाए सीनियर अफसरों पर प्रताड़ना के आरोप

रतलाम के जावरा में 24वीं बटालियन के असिस्टेंट कमांडेंट रामबाबू पाठक ने शुक्रवार के दिन डिप्रेशन की 50 गोलियां खाकर सुसाइड करने की कोशिश की थी फिलहाल उनकी हालत गंभीर है और उनका उपचार जारी है। इस मामले में असिस्टेट कमांडेट की बेटी ने आधा दर्जन आईपीएस अफसरों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। उन्होने सोशल मीडिया पर अफसरों की प्रताड़ना से जुड़ा एक नोट पोस्ट किया था, इसके बाद उसे डिलीट भी कर दिया। बेटी मुस्कान का कहना है कि उसके पिता पहले से ही अस्वस्थ थे और लगातार ड्यूटी के कारण 2020 से डिप्रेशन का इलाज चल रहा है। डॉक्टर तक ने ड्यूटी जाने से मना किया, लेकिन विभागीय अफसरों ने इसे बहाना बताया। इससे परेशान होकर उन्होंने वीआरएस तक लेने के लिए कहा था, साथ ही डिप्रेशन में आकर यह भी कहा था कि में अपनी लाइफ खत्म कर लूंगा। शुक्रवार दोपहर 1 बजे उन्हें रतलाम मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। इसके बाद उन्हें इंदौर के बॉम्बे हॉस्पिटल भेजा गया है। रामबाबू की बेटी मुस्कान और परिजन एंबुलेंस से लेकर उन्हें रवाना हुए हैं। उनका एक बेटा भी है जो भोपाल में रहता है। वो खबर मिलते ही इंदौर के लिए रवाना हो गया। हम लोगों ने एसपी को भी इसकी जानकारी दी थी। विगत एक सप्ताह से वो कुछ ज्यादा ही परेशान थे। इस लिए उन्होंने घर में रखी पूरी टेबलेट्स खा ली। इधर, रतलाम एसपी अमित कुमार का कहना है कि असिस्टेट कमांडेट की खुदकुशी के प्रयास मामले में उनके स्वास्थ में सुधार होने के बाद कथन लिए जाएंगे। अफसरों पर प्रताड़ना के जो आरोप लगाए गए हैं, उसमें क्या सत्यता है, उसकी भी जांच कराई जाएगी।

### हमारे पास सारे मेडिकल डॉक्यूमेंट है, लेकिन किसी ने नहीं सुना

बेटी ने बटालियन के भी सीनियर अफसरों पर भी परेशान करने का आरोप लगाया है, उसका कहना है कि हमारे पास सारे मेडिकल डॉक्यूमेंटस थे, लेकिन किसी ने एक नहीं सुनी। उसने कहा कि बिना किसी कारण के विभागीय जांच की गई, यहां तक की उनकी एसीआर भी खराब कर दी गई। सोशल मीडिया पर वायरल सुसाइड नोट में असिस्टेट कमांडेट में कई आईपीएस के नामों का जिक्र किया है, उसमें आईपीएस मोहम्मद युसूफ कुरैशी, कृष्णावेणी देशावतु, इरशाद वली, अमित तोलानी सहित अन्य है। वायरल नोट में उल्लेख है कि उपरोक्त अधिकारियों की प्रताड़ना के कारण मैं थक गया हूं, इसी कारण आत्महत्या कर रहा हूं। दरअसल पूरा मामला यह है कि असिस्टेड कमांडेट रामबाबू पाठक ने शुक्रवार को 50 से अधिक गोलियां खाकर सुसाइड का प्रयास किया था। फिलहाल उनका बांबे के अस्पताल में उपचार जारी है। आला अफसरों ने मामले में जांच की बात कही है।

## परिजनों ने जेल प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

# गौहरगंज जेल में बंद कैदी ने फांसी लगाकर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज



गौहरगंज जेल में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे एक कैदी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर दी। तिलक साक्या (22) जेल के किचन में खाना बनाने का काम करता था। लोवर का फंदा बनाकर किचन में सिलेंडर से बांधकर फांसी लगाई। मृतक जेल में दुष्कर्म, पास्को एक्ट के तहत बंद था। शुक्रवार रात को जेल प्रशासन ने उसके परिवार को सूचना दी। वह सलामतपुर का रहने वाला था। मृतक के परिवार जन, बहन-माता एवं अन्य लोगों ने पहुंचकर जेल के बाहर हंगामा किया। वह 6 बहनों में अकेला भाई था।



परिवार वालों ने जेल प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। औबेदुल्लागंज अस्पताल में पीएम होने के पुलिस ने शव परिवार जनों को सौंप दिया। जेलर यशवंत शिल्पकार, उप जेल गौहरगंज ने फोन पर बताया कि मृतक के परिजनों ने जो भी आरोप लगाए हैं, वह निराधार है, हमने किसी तरह की मांग नहीं की है।

## शा. अस्पताल के डॉक्टर से अभद्रता कर दी जान से मारने की धमकी

### शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में आसामजिक तत्वों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शानिवार को शासकीय अस्पताल के एक डॉक्टर से इलाज को लेकर बहस होने पर दो लोगों ने अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी शिकायत डॉक्टर ने पुलिस थाने पहुंचकर दर्ज कराई है।

थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार वार्ड 3 स्थित शासकीय प्राथमिक स्वस्थ केन्द्र यूपीएचसी में पदस्थ शासकीय डॉक्टर शिवम जैन पिता अनिल जैन जो स्वस्थ केन्द्र के प्रभारी भी हैं। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दोपहर में उनके साथ शीतल सिटी निवासी असलम खान व उसके पुत्र द्वारा इलाज के लिए उनके पास आए थे, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मरीज को दवाई संबंधित सलाह दी, जिस पर आरोपी असलम व उनका पुत्र भडक गए और उनके साथ गाली-गालौज कर वहां रखी कैंची से हमला करने का प्रयास किया, जिस पर डॉक्टर ने अपना बचाव किया। इसके बाद डॉक्टर को जान से मारने की धमकी देकर फरारा हो गए।



## तामोट में सात दिवसीय शिव अभिषेक हवन-पूजन के साथ हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

सावन के माह में शिव पूजा का विशेष महत्व होता है। ग्राम पंचायत तामोट में सात दिवसीय शिव अभिषेक और पाठ का समापन हो गया। देर रात्रि तक हवन पूजन संपन्न हुए। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रामपाल चौहान ने इस धार्मिक आयोजन को पंडित शिवकुमार एवं सतीश तिवारी के मार्गदर्शन में पूरा कराया। इसके बाद कन्या भोज कराया। तामोट के संजीव चौहान और बाबूलाल रामकिशोर चौहान, कुबेर चौहान, अमन चौहान आदि कार्यक्रम में शामिल हुए।

## दिव्य ज्योति कलश यात्रा औबेदुल्लागंज पहुंची

**औबेदुल्लागंज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दिव्य ज्योति कलश यात्रा औबेदुल्लागंज पहुंची। मनोज चौरसिया, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नमीता अग्रवाल, मानसी मित्तल, रानू मित्तल, सपना अग्रवाल, पार्षद हेमलता चौरसिया,



रमेश विजयवर्गीय, अनुराधा एवं सोनल विजयवर्गीय, माखन परमार ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य विश्व एवं प्रकृति कल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचना है। नगर में जगह-जगह भक्तों ने पूजन किया वहीं नीरज चावला ने आरती की। शनिवार शाम को कलश यात्रा गायत्री शक्तिपीठ पहुंची, जहां दीप यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## पत्नी गई थी काम पर, पति ने जहर खाकर दी जान

**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित बिड़ला मंदिर के पास ओम नगर झुग्गीबस्ती में शनिवार दोपहर एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना से कुछ देर पहले ही पत्नी काम पर चली गई थी, जबकि घर में युवक अपने तीन साल के बेटे के साथ अकेला था। युवक ने पड़ोसियों को जहर खाने की जानकारी दी। फौरन उसे जेपी अस्पताल और फिर वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर किया गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक ओम नगर क्रमांक-दो निवासी गोलू धाकड़ (32) प्राइवेट काम करता था। पत्नी भी काम पर जाती है। उनके दो बच्चे हैं।

## कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, भेल ने जीता प्रथम पुरस्कार

# मंडीदीप में अंतर-विद्यालय वाद-विवाद स्पर्धा में 20 स्कूलों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में ग्रैफाइट हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित अंतर-विद्यालय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विधालय की प्राचार्य स्वाति राहातेकर ने बताया कि प्रतियोगिताशनिवार को आयोजित की गई। जिसमें कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल, भेल ने प्रथम पुरस्कार, एसपीएस गांधी नगर द्वितीय तथा सेंट फ्रांसिस को-एड स्कूल, रायसेन ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

वहीं प्रतियोगिता में 'सर्वश्रेष्ठ वक्ता' का प्रतिष्ठित पुरस्कार बाल भवन स्कूल की अलीबा अली रिज़वी को मिला। इसके अलावा '21वीं सदी की आवश्यकता



मानसिक क्षमता की तुलना में मानसिक दृढ़ता' विषय पर आधारित इस वाद-विवाद प्रतियोगिता में 20 विद्यालयों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम को रैंडम रूप से एक पक्ष सौंपा गया, जिससे प्रतियोगिता में टीम वर्क और अनुकूलन क्षमता पर विशेष बल दिया गया। एचईजी के कार्यकारी निदेशक एवं स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष गुलाटी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

## वाट्सएप पर लोगों को आईडी, पासवर्ड भेजकर खिला रहा था सट्टा

# वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिला रहा बुकी गिरफ्तार, सात पर प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा पुलिस ने ऑनलाइन सट्टे का भंडाफोड़ किया है। आरोपी ऑनलाइन वेबसाइट पर वाट्सएप के माध्यम से आईडी पासवर्ड उपलब्ध कराकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहे थे। पुलिस ने आधा दर्जन सटोरियों को भी आरोपी बनाया है, जो मुख्य आरोपी से आईडी पासवर्ड लेकर ऑनलाइन सट्टा खेलकर पैसों का ऑनलाइन लेनदेन कर रहे थे। सभी आरोपियों के खिलाफ पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### मुख्य बुकी की तलाश जारी

पुलिस ने बताया कि आरोपी पवन चंदवानी ने रवि मूलचंदानी, राहुल रामानी, ओमप्रकाश शर्मा, अमन मूलचंदानी, किट्टू सितलानी और कमलेश को भी ऑनलाइन व्हाट्सएप के माध्यम से सट्टा खेलने के लिए आइडी पासवर्ड उपलब्ध कराकर पैसों का लेनदेन किया गया है। आरोपी पवन ने जिस वेबसाइट पर सट्टा खिलाने की आईडी प्राप्त की है, उस मुख्य बुकी और अन्य मामलों की जानकारी के लिए आरोपी से पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार 1 अगस्त को सूचना मिली कि पंचवटी कॉलोनी स्थित भोपाल गर्ल्स स्कूल के पास बैठा एक व्यक्ति ऑनलाइन वेबसाइट पर मास्टर आईडी क्रिएट कर लोगों को सट्टा खेलने के लिए व्हाट्सएप के माध्यम से आईडी पासवर्ड भेज रहा है। वह खुद भी वेबसाइट पर दांव लगाकर सट्टा खेल रहा है और हार-जीत होने पर पैसे ऑनलाइन ट्रांसफर कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंची। वहां संदिग्ध युवक मोबाइल चलाता नजर आया। उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने अपना नाम पवन चंदवानी (43) निवासी पंचवटी कॉलोनी एयरपोर्ट रोड बताया। उसका मोबाइल चेक किया तो गूगल क्रोम पर ऑनलाइन वेबसाइट पर मास्टर आईडी क्रिएट कर वाट्सएप के माध्यम से लोगों को आईडी पासवर्ड भेजने की पुष्टि हुई। वह लोगों से ऑनलाइन पैसे लेकर सट्टा खिलवा रहा था। उसके मोबाइल में ऑनलाइन सट्टे का हिसाब-किताब और बुकी को ऑनलाइन पैसा आईडी भेजने का हिसाब लिखा मिला।

शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ आयोजन

# सैनिकों के लिए राखी बनाओ प्रतियोगिता में छात्राओं ने बनाई मनमोहक राखियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में रक्षाबंधन के अवसर पर भारतीय सेना के जवानों को राखियां भेजने के लिए जन अभियान परिषद की संस्था नगर विकास समिति ने शनिवार को शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में एक विशेष राखी बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने बड़े स्नेह से अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए मनमोहक राखियां बनाई। नगर विकास समिति के अध्यक्ष आकाश रघुवंशी ने बताया कि प्रतियोगिता में आसया पटेल, लिवांशी, मनीषा, गुड़िया तिवारी, स्वीटी पटेल, रजनी प्रजापति, निधि करपे,पल्लवी अहिरवार, कामिनी, शिखा कहार,



पूजा वर्मा, मीना भिलाला को पुरस्कृत किया गया।

प्रतियोगिता के समापन पर सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल, स्वामी विवेकानंद अकादमी के अध्यक्ष विनोद जैन, विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी, समिति के सचिव राकेश पाल ने प्रतिभागीयों को पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल, नेमीरतन समिति अध्यक्ष विनोद जैन व विद्यालय की प्राचार्य प्रतिभा त्रिवेदी ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से छात्राओं को अपनी रचनात्मक प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। इससे छात्राएं स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनेगी व परंपराओं को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएंगी।

विधानसभा में दिवंगत मुख्यमंत्रियों, विधानसभा अध्यक्षों की जयंती मनाने की अभिनव पहल

# महापुरुषों का पुण्य स्मरण, अतीत को भविष्य से जोड़ने की यात्रा



नरेंद्र सिंह तोमर
विधानसभा अध्यक्ष
मध्य प्रदेश

विशेष आलेख

वह समाज सदैव प्रगति करता है, जो अपने अतीत और पूर्वजों का सम्मान करके उनसे प्रेरणा लेता है। हम उन महापुरुषों के सदैव ऋणी हैं, जिन्होंने अपने त्याग, तप, समर्पण और परिश्रम से बेहतर भविष्य का निर्माण किया और हमारी पीढ़ी को समयानुकूल परिस्थितियों में एक विकसित होता समाज मिला।

कठिन संघर्ष और हजारों बलिदान के बल पर हमें 1947 में स्वतंत्रता प्राप्त हुई और उसके 9 वर्ष उपरांत 1 नवंबर 1956 को मध्यप्रदेश राज्य का गठन हुआ। मध्यप्रदेश की इस 69 वर्ष की विकास यात्रा में कई पड़ाव हैं, कई मील के पत्थर हैं। प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल और प्रथम विधानसभा अध्यक्ष स्व. पं. कुंजीलाल दुबे के युग से प्रारंभ हुई समृद्ध संसदीय परंपरा और प्रदेश की विकास यात्रा अनवरत जारी है।

मध्यप्रदेश के विकास और जनकल्याण में सभी पूर्व मुख्यमंत्रियों व विधानसभा अध्यक्षों का अपना-अपना योगदान रहा है। हम अपने इन महापुरुषों विशेषकर दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों के अवदान को स्मरण करें और नई पीढ़ी में भी उनकी योगदान की जानकारी पहुंचे, इसी विचार को ध्येय में रखते हुए मध्यप्रदेश विधानसभा में एक नई परंपरा की नींव रखी जा रही है।

अब से प्रत्येक दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष की जन्म जयंती पर विधानसभा भवन के सेंट्रल हॉल में उनके पुण्य स्मरण में आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि होगी एवं उनके योगदान को याद किया जाएगा।

2 अगस्त को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जन्म जयंती है। वे 1 नवंबर 1956 से 31 दिसंबर 1956 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। मध्यप्रदेश में प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने राज्य के प्रारंभिक प्रशासनिक ढांचे को स्थापित करने और विकास की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूर्व मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों के पुण्य स्मरण की यह पवित्र परंपरा स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जन्म जयंती से प्रारंभ हो रही है।

विधानसभा सदैव स्मरित की जाती है, अपनी महान संसदीय परंपराओं के लिए। उन प्रयासों के लिए जो अतीत में लोकतंत्र की सुदृढ़ता, जनकल्याण की मंशा और प्रदेश के विकास के उद्देश्य से किए गए हों। सदन की आसंदी पर विराजमान रहे माननीय अध्यक्षों ने सदैव ही पक्ष-विपक्ष की भावना से ऊपर उठकर नीरक्षीर के विवेक से निर्णय किया और जन कल्याण को प्राथमिकता प्रदान की। विधानसभा अध्यक्ष विधायिका का वह केंद्र बिंदु होता है, जो न केवल सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच धुरी का कार्य करता है, अपितु प्रदेश के विकास में किस तरह विधायिका अपनी भूमिका निभाए, इसका निर्णायक भी होता है।

दिवंगत पूर्व विधानसभा अध्यक्षों को पुष्पांजलि मध्यप्रदेश विधानसभा के गौरवशाली इतिहास का स्मरण कराने का पर्व बन सकता है। पं. रविशंकर शुक्ल से लेकर स्व. बाबूलाल गौर तक सभी दिवंगत मुख्यमंत्री और इसी तरह पं. कुंजीलाल दुबे से लेकर ईश्वर दास रोहाणी तक सभी दिवंगत विधानसभा अध्यक्षों की जन्म जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनका पुण्य स्मरण हमारे संकल्पों को सिद्ध करने के लिए हमें शक्ति प्रदान करेगा। यह परंपरा अतीत को भविष्य से जोड़ने में सार्थक होगी।

---

अभ्युदय विवि में राम दरबार मंदिर का लोकार्पण



## स्वदेशी अपनाएं, स्वाध्यायी बनें, समय का प्रबंधन करें, हमेशा कुछ बड़ा करने की सोचें: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत को विकसित बनाने में युवाओं का सबसे बड़ा योगदान होगा। इतिहास गवाह है कि क्रांतियों के सूत्रधार हमेशा युवा ही रहे हैं। भारत और मप्र को विकसित बनाने में हमारे युवाओं को अपनी असीम ऊर्जा का देश और समाज के नवनिर्माण में समुचित उपयोग करना सीखना होगा। यह हमारी जिम्मेदारी और जरूरत भी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे देश से प्रेम करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को खरगौन में अभ्युदय विश्वविद्यालय के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. विक्रम परमार को उनकी समर्पित सेवाओं के लिए सम्मानित भी किया। उन्होंने युवाओं को प्रगति का मार्ग बताते हुए कहा कि युवा स्वदेशी अपनाने की ओर बढ़ें, रोजाना स्वाध्याय करें। अपने एक-एक मिनिट का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यदि जीवन में कुछ बनना है तो हमेशा बड़ा करने की सोचें और इन सपनों को पूरा करने के लिए प्राण-प्रण से जुट जाएं।

### मुख्यमंत्री ने युवा संवाद में दिया छात्रों को मार्गदर्शन

कंप्यूटर साइंस के छात्र निखिल यादव ने मुख्यमंत्री से पूछा कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में मध्य प्रदेश के युवा अपनी क्या भूमिका निभा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि युवा अपनी पसंद के क्षेत्र में पढ़ाई पूरी करें और आदर्श किसान, शिक्षक, उद्योगपति अथवा राजनेता बनने का सपना देखें। आपके सपने सच करने के लिए राज्य सरकार आपके साथ खड़ी है।
कृषि विज्ञान की छात्रा सीमा यादव ने पूछा कि जनजातीय समुदाय में आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए सरकार क्या काम कर रही है।
मुख्यमंत्री ने बताया कि खरगोन जिले में दो कृषि विद्यालयों की स्थापना कर उन्नत खेती के गुर सिखाए जा रहे है। मिर्ची एवं अन्य स्थानीय कृषि उत्पादों के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तथा टेक्सटाइल उद्योग लगाने में सरकार सहायता दे ही है।

### उद्योगपतियों को भरपूर मदद दी जाएगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनाना चाहती है, इसके लिए हमने गौपालन को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। दुग्ध उत्पादन में प्रदेश को अग्रणी बनाने के लिए वर्तमान दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य के लिए हमने डॉ. भीमराव आंबेडकर कामधेनु योजना की शुरुआत की है। इसमें किसानों और गो-पालकों को डेयरी शुरू करने के लिए भरपूर अनुदान दिया जा रहा है। इन सभी प्रयासों से दुग्ध उत्पादन में तेजी लाकर हम सभी गो-पालकों को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं।

---

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव, विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने मप्र के पहले सीएम पं. शुक्ल की जयंती पर किया नमन*

# राज्य के विकास में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्षों के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की पहल पर विधानसभा के सेंट्रल हॉल में प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करने की परंपरा की शुरुआत शनिवार को प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती के साथ हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पं. शुक्ल ने मप्र के गठन के साथ प्रथम मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका को निभाते हुए विकास जो नींव रखी थी, आज उसी पर प्रदेश की इमारत खड़ी हुई है।

हम उनका पुण्य स्मरण करते हैं। हाल ही में मानसून सत्र के दौरान हुई कार्यमंत्रणा समिति में सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्रियों एवं विधानसभा अध्यक्षों की जन्म जयंती मध्यप्रदेश विधानसभा के सेंट्रल हॉल में पुष्पांजलि सभा के साथ मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष को यह परंपरा प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद भी ज्ञापित किया। श्रद्धासुमन अर्पण कार्यक्रम में मुख्यंमत्री, विधानसभा अध्यक्ष के साथ ही कई मंत्री, विधायक, विधानसभा के प्रमुख सचिव एपी सिंह, सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

विधानसभा अध्यक्ष तोमर की पहल पर शुरू हुई स्मरण करने की परंपरा



### प्रदेश के विकास में दिए गए उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का दिन है

विधानसभा अध्यक तोमर ने कहा कि हमने तय किया है कि प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्षों का पुण्य स्मरण उनकी जयंती पर होना चाहिए। इसी तारतम्य में आज स्व. पं. शुक्ल की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। तोमर ने कहा कि आज का दिन पं. शुक्ल के जीवन एवं प्रदेश के विकास में दिए गए उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का दिन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्षों के योगदान का स्मरण किया जाना आवश्यक है। एक नवंबर 1956 को मप्र राज्य का गठन हुआ। पहले मुख्यमंत्री पं. शुक्ल के जीवन और संघर्ष से हम सभी प्रेरणा लेते हैं। आज उनकी जयंती है, उन्हें स्मरण कर ईश्वर से यही प्रार्थना है कि हम सभी को उनके बताए मार्ग पर चलने की शक्ति और सामर्थ्य प्रदान करें।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर की पहल स्वागत योग्य: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र गठन के बाद पहले मुख्यमंत्री रहे पं. शुक्ल ने प्रदेश के विकास के लिए आधारभूत रूप से जो कार्य शुरू किया, उस नींव पर ही प्रदेश के वर्तमान स्वरूप ने आकार लिया है। विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने राज्य के श्रद्धेय मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्षों की जयंती पर उन्हें स्मरण करने की परम्परा आरंभ करने की पहल स्वागत योग्य है। राज्य के विकास में इन पुण्यात्माओं के योगदान से नई पीढ़ी को परिचित कराने में उनके स्मरण का यह नवाचार सहायक होगा।

### सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अविभाजित मप्र के पहले मुख्यमंत्री रहे पं. शुक्ल की जयंती पर शनिवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। विधानसभा अध्यक्ष तोमर, सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, पंचायत और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री राधा सिंह, विधायक भगवानदास सबनानी सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

---

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने लगाई थी याचिका

## विधायक सप्रे की सदस्यता मामले में फैसला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले में सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच में बहस पूरी हो गई। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने रिट पिटीशन दायर की है। इसमें कहा गया है कि कांग्रेस से निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे भाजपा के साथ हैं, लेकिन उन्होंने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। याचिका में मांग की गई है कि सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। हाईकोर्ट में हुई बहस के दौरान सिंघार की ओर से एडवोकेट विभोर खंडेलवाल ने तर्क में कहा कि या तो कोर्ट इस पर निर्णय दें या विधानसभा अध्यक्ष की निर्देशित करें। शासन की ओर से महाधिवेशन प्रशांत सिंह ने तर्क रखे। हाईकोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया है।

---

8 विधायक चुप्पी साधे बैठे रहे, नहीं पूछे सवाल

## पटवारी बोले, इंदौर जिले के 9 विधायकों में केवल एक ने ही उठाए जनता के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का कहना है कि विधानसभा के मानसून सत्र का पहला चरण शुक्रवार को समाप्त हो गया।



पांच दिन चले इस चरण में इंदौर जिले के 9 में से केवल 1 विधायक ने ही जनता के मुद्दे उठाए, लेकिन प्रश्नकाल समाप्त होने के कारण उनकी आवाज भी सदन में नहीं गूंज सकी। शेष 8 विधायक या तो चुप्पी साधे बैठे रहे या फिर सिर्फ हाजिरी लगाकर सदन से गायब हो गए। उन्होंने कहा कि विधानसभा 1 के कैलाश विजयवर्गीय और सांवेर के तुलसी सिलावट ने सवाल नहीं पूछे, सिर्फ मंत्री के रूप में जवाब दिए। विधानसभा 2 में रमेश मेंदोला, विधानसभा 3 में गोलू शुक्ला, विस 4 में मालिनी गौड़, राऊ के मधु वर्मा और महू की उषा ठाकुर सदन में मौजूद रहे, लेकिन पूरे सत्र में मौन साधे रहे। इंदौर का कोई भी विधायक पूरे समय सदन में नहीं बैठा।

---

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को वर्तिका स्मारिका भेंट

**भोपाल।** जनजातीय कल्याण केंद्र महाकौशल, बरगाव के सदस्य डॉ. भरत शरण सिंह ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को वर्तिका (वार्षिक स्मारिका) सहर्ष भेंट की गई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कल्याण केंद्र द्वारा जनजातीय समाज एवं क्षेत्र में संचालित विविध कार्यों का अवलोकन किया। संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने जनजातीय समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक व सांस्कृतिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों को प्रेरणादायक और सतत विकास के पथप्रदर्शक बताया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल्याण केंद्र की भावी योजनाओं के लिए शुभकामनाएं दीं।



## मप्र में चलेगा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान

**भोपाल।** मप्र में हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता-स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान तीन चरणों में चलाया जाएगा। प्रथम चरण में 2 से 8 अगस्त तक देशभक्ति के वातावरण का जागरण तथा तिरंगे पर केन्द्रित सार्वजनिक कार्यक्रम, चर्चाएं आयोजित की जाएगी। साथ ही तिरंगा से प्रेरित कला, तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन, तिरंगा पर प्रश्नोत्तरी, तिरंगे के लिए स्वयं सेवा, और सैन्य बलों के जवानों और पुलिसकर्मियों को पत्र लेखन आदि गतिविधियां होगी।

---

उद्योगपति, किसान और विशेषज्ञ होंगे शामिल

## 12 से 14 अक्टूबर तक लगेगा राज्य स्तरीय कृषि मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सीहोर में 12 से 14 अक्टूबर तक राज्य स्तरीय कृषि मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के उद्योगपति, किसान और विशेषज्ञ शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि हम मप्र को कृषि और दुग्ध उत्पादन में देश में सर्वश्रेष्ठ बनाने के लक्ष्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक विकासखंड में एक वृंदावन ग्राम विकसित कर रही है। प्रदेश में कृषि सिंचाई का रकबा बढ़कर 52 लाख हेक्टेयर से अधिक हो गया है।

स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यटन सहित सभी क्षेत्रों में नवाचार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को सीहोर जिले के बड़ियाखेड़ी में नई औद्योगिक इकाइयों के भूमि-पूजन और आशय-पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की एयर एंबुलेंस योजना का देश के अन्य राज्य अनुसरण कर रहे हैं। गरीब जरूरतमंद परिवारों के लिए जिलों में शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य लोग मौजूद थे।



### प्रदेश में निवेश लाने के कर रहे है वैश्विक स्तर पर प्रयास

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री प्रदेश में निवेश लाने के वैश्विक स्तर पर प्रयासरत हैं। सीहोर में उद्योग लगने से स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने अब तक प्रदेश के एक करोड़ 9 लाख किसानों के लंबित मामलों का निपटारा किया है। 42 लाख लोगों को पट्टे बांटे गए हैं।



# तीन पेट्रोल पपों पर बिना हेलमेट दिया जा रहा था पेट्रोल, प्रकरण किए दर्ज



भोपाल। शहर में पंपों पर बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चालकों को पेट्रोल देने के मामले में खाद्य विभाग की टीम ने शनिवार को कार्रवाई की है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि बैरसिया क्षेत्र के तीन पेट्रोल पंपों श्रीदेव कृपा, राजधानी किसान सेवा केंद्र और बीआर की जांच की गई। इन तीनों पंपों पर बिना हेलमेट के वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा था। वहीं श्रीदेव कृपा पर स्टाक पंजी सही नहीं मिली और विस्फोटक लाइसेंस भी नहीं था। राजधानी पंप पर 677 लीटर पेट्रोल और 9902 लीटर डीजल स्टाक से अधिक मिलने पर जब्त किया गया। जिसकी कीमत नौ लाख 83 हजार 52 रुपए है। पंप परिसर में निर्मित टैंक एनओसी के सेक्शन नक्शे के अनुसार नहीं बनाए गए थे। पंपों पर कई तरह की अनियमितता मिलने पर सभी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम और कलेक्टर द्वारा जारी आदेश का उल्लंघन करने का प्रकरण दर्ज किया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर तीनों पंपों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है।

## आईएएस के मकान मामले में नोटिस

भोपाल। कोलार इलाके के दानिशकुंज में शिक्षा विभाग में उपसचिव महिला आईएएस अधिकारी मंजूषा राय के एक बिल्डर पर उनके घर में जेसीबी से तोड़फोड़ का आरोप लगाने के बाद शनिवार को मामले की शिकायत पुलिस डीजीपी के पास हुई। इस मामले में डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर को मामले की जांच कराने की बात कही। मामला बढ़ता देख कोलार पुलिस ने कोलार एसडीएम आदित्य जैन को धारा 145 के तहत प्रॉपर्टी पर रिसीवर नियुक्त करने के लिए पत्र लिखा है। पुलिस के अफसरों ने बताया कि आईएएस अधिकारी मंजूषा राय, बटेजा जिन्होंने प्रॉपर्टी खरीदी थी। इसके बाद धर्म सिंह ठाकुर जिसको प्रॉपर्टी बेची थी। तीनों लोगों को नोटिस दिए गए हैं।

## पेज एक का शेष....

### सीहोर के बड़ियाखेड़ी...

उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में भारत की भूमिका विश्व में निरंतर महत्वपूर्ण हो रही है। भारत को कभी सोने की चिड़िया कहा जाता था। आज भारत सोने के बाघ की तरह दहाड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत फर्स्ट की भावना से देश के किसान और उद्योगपतियों के लिए दुनिया से लोहा लेने को तैयार हैं। उनकी मंशा के अनुरूप प्रदेश में हर दूसरे या तीसरे दिन उद्योगों को नई सौगात और युवाओं को रोजगार का लाभ मिल रहा है।

### इन औद्योगिक इकाइयों ...

में 400 करोड़ रुपए के निवेश से शुरुआत की जाएगी। बड़ियाखेड़ी फेज-2 में 10.25 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जिससे 350 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। इको कंक्रीट क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड 11.15 हेक्टेयर भूमि पर 170 करोड़ रुपए के निवेश से भवन निर्माण सामग्री निर्मित होगी। वन्या वेदा फ्रीव्स को खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र में 20.020 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गई है। इस इकाई में 115 करोड़ रुपए के प्रस्तावित निवेश से 100 से अधिक रोजगार सृजित होंगे। अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज फूड प्रोसेसिंग क्षेत्र, विशेष रूप से आटा और चावल मिलिंग में 6 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह 0.1 हेक्टेयर भूमि पर स्थापित होगी। श्रीकृष्णा इंडस्ट्रीज खाद्य प्र-संस्करण क्षेत्र के लिए 3 करोड़ का निवेश करेगी।

### हम मेक इन...

कि आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है। अस्थिरता का माहौल है। दुनिया के सभी देश अपने-अपने हितों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अब भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना होगा। किसान, हमारे लघुउद्योग और रोजगार हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है। देश के नागरिक के रूप में हमारे कई दायित्व हैं। इनमें से एक ये है कि हम स्वदेशी का संकल्प लें। अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हमें एक ही तराजू का होना होगा। हम भारतवासियों से ही पूरे सामान खरीदेंगे। भारत के कौशल और भारतवासियों के पसीने से बनी हुई चीजें ही स्वदेशी है। दुकानदार संकल्प लें कि हम सिर्फ स्वदेशी माल ही बेचेंगे। दिवाली आएगी त्योहारों में हर पल स्वदेशी ही खरीदेंगे। पीएम ने कहा कि भारत में ही शादी करें, स्वदेशी का भाव भविष्य तय करेगा और यह महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि होगी।

### मोदी की कोई ....

फैलाती रही। आज भी विपक्ष के लोग यही काम कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि आज बिना रुकावट के लाभार्थियों के बैंक अकाउंट में पैसे भेजे जा रहे हैं।

### भारत की तेल...

बारे में 1 अगस्त को सरकार की स्थिति साफ कर दी गई। यह बताया गया कि भारत की एनर्जी की खरीद बाजार की ताकतों और देश के हित पर निर्भर करती है। ऐसी कोई खबर नहीं है कि सरकारी तेल कंपनियों ने रूस से आयात रोक दिया है।

### भारत समुद्र में ....

क्रूड ऑयल और 23 लाख बैरल रिफाइंड प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट करता है। भारत दुनिया में तेल का तीसरा सबसे बड़ा कंज्यूमर है। यह अपनी जरूरत का 85 फीसदी तेल इंपोर्ट करता है।

### दुष्कर्म से बचने के...

जाएं, कहीं आपके साथ दुष्कर्म या सामूहिक दुष्कर्म हो गया तो' दावा किया जा रहा है कि बीते तीन वर्षों में राज्य में दुष्कर्म की 6500 से ज्यादा और सामूहिक दुष्कर्म की 36 घटनाएं हुई हैं। पुलिस उपायुक्त (यातायात पश्चिम) नीता देसाई ने बताया कि शहर की यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर प्रायोजित किए थे, न कि महिलाओं की सुरक्षा से संबंधित। उन्होंने दावा किया कि सतर्कता समूह नामक एक गैर-सरकारी संगठन ने यातायात पुलिस की सहमति के बिना ये विवादास्पद पोस्टर लगाए थे।

### पीएम मोदी और सीएम...

कहा, जिनमें राम माधव भी शामिल हैं। यह सब करने के लिए उन्होंने मुझे प्रताड़ित किया। मेरे फेफड़े जवाब दे गए, मुझे अस्पताल में अवैध रूप से हिरासत में रखा गया। मैं गुजरात में रहती थी इसलिए उन्होंने मुझसे पीएम मोदी का नाम लेने को भी कहा। मैंने किसी का नाम नहीं लिया क्योंकि वे मुझे झूठ बोलने पर मजबूर कर रहे थे। प्रज्ञा ठाकुर का दावा उस मामले में आए फैसले के तुरंत बाद आया है जिसमें बयान से पलटने वाले एक गवाह ने भी दावा किया था कि उसे योगी आदित्यनाथ और आरएसएस से जुड़े चार अन्य लोगों को फंसाने के लिए मजबूर किया गया था। इसमें आरएसएस के वरिष्ठ सदस्य इंद्रेश कुमार भी नाम शामिल था।

### पूर्व सांसद प्रज्वल...

महिला से जुड़ा है, जो हासन जिले में रेवन्ना के परिवार के गन्निकाडा फार्महाउस में घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का पौत्र रेवन्ना 2021 में हासन के फार्महाउस और बंगलूरु में अपने घर में महिला के साथ दो बार दुष्कर्म करने का दोषी पाया गया। उसने इस कृत्य को अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड भी कर लिया था। साथ ही धमकी दी थी कि अगर इस बारे में किसी को बताया तो वह वीडियो लीक कर देगा।

### प्रिया को आरोपी ....

और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इससे पहले मृत बच्चों की मां प्रिया यादव ने बताया कि वह देवास से पहले पीथमपुर में कंपनी में कार्य कर रही थी। पति को दो वर्ष पूर्व छोड़ दिया है।

मामला संदिग्ध नजर आने पर पुलिस ने प्रकरण को जांच में लिया। पुलिस की पूछताछ में मृतक बच्चे निशा (3) और हेमंत (7) की मां प्रिया ने बताया कि वह दोनों बच्चों के साथ देवास के ग्राम भवन में किराए पर रहती है। उसने पति विष्णु कटारा से प्रेम विवाह किया था, लेकिन विवाद के कारण पति से अलग हो गई। दो साल से उसने कोई संपर्क नहीं है। नौकरी के लिए पहले पीथमपुर और फिर नौकरी देवास आ गई। पुलिस ने मामले में प्रिया से कड़ी पूछताछ की है।

### प्रेमी रईस खान....

नई जिंदगी शुरू की थी। लेकिन उसे क्या पता था कि जिसे वो अपना सब कुछ मान बैठी है, वही उसकी सांसें छीन लेगा। पुलिस जांच में पता चला है कि रईस खान और भगवती के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध थे। हालांकि दोनों के बीच विवाद भी अक्सर होते रहते थे। शुक्रवार की रात दोनों के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस हुई, जिसके बाद रईस ने कथित तौर पर युवती का गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी रईस खान को गिरफ्तार कर लिया है।

### हत्या के पीछे ....

दर्दनाक सफर ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया है।

### 'महादेवी हथिनी' की ...

इसलिए कोई विरोध नहीं है, लेकिन नागरिकों को तकलीफ हो रही है। बॉम्बे हाईकोर्ट द्वारा हथिनी को गुजरात के वनतारा भेजने के निर्देश के बाद नंदनी के निवासियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका खारिज किए जाने के बाद महादेवी हथिनी को वनतारा भेजा गया है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कोल्हापुर में रह रही बीमार हथिनी महादेवी को गुजरात के जामनगर में स्थित राधे कृष्ण एलिफेंट वेलफेयर ट्रस्ट में ट्रांसफर करने की अनुमति दी थी जो ट्रस्ट वनतारा पहल द्वारा समर्थित है और हाथियों की विशेष देखभाल के लिए जाना जाता है।

कोर्ट के समक्ष पेश रिपोर्ट में बताया गया कि महादेवी गंभीर चोटों से पीड़ित है और उसे एक बेहतर माहौल की जरूरत है, जहां वो ठीक हो सके।

### महादेवी को वापस ...

आश्वासन दिया कि वे महादेवी को कोल्हापुर जिले के नंदनी में वापस लाने के प्रयासों में सहयोग करेंगे।

**NOTICE**

In pursuance to the Order No. S.O. 290 (E) dated 24 Oct. 2015 and it's amendment dated 30th DEC. 2017, issued by Department of Agriculture, Ministry of Agriculture and Farmers Welfare, Govt. of India, Greenstar Fertilizers Ltd. Hereby notifies that it intend to sell 100% water soluble mixture of fertilizers as per the below specifications

| Name of Fertilizers | Total N (%) | Total P205(%) | Total K20(%) | Total S(%) | Total Fe(%) |
|---|---|---|---|---|---|
| NPK 13:40:13 | 13 | 40 | 13 | 0 | 0 |
| NPK 19:19:19 | 19 | 19 | 19 | 0 | 0 |
| NPK 0:60:20 | 0 | 60 | 20 | 0 | 0 |
| NPK 16:08:24 | 16 | 08 | 24 | 0 | 0 |

In above grades (a) Moisture percent by weight, Maximum: 0.5 (b) Total Chloride percent by weight Maximum: 1.5 (c) Sodium as NaCl percent by weight maximum 0.5(d) Matter insoluble in water percent by weight maximum 0.5 (e) Lead (as Pb) percent by weight maximum 0.003 (f) Cadmium (as Cd) percent by weight maximum: 0.0025 (g) Arsenic (as As) by weight maximum: 0.01
1. 100% Water Soluble
2. Suitable to use through drip irrigation system and foliar packing available in 1kg, 5kg, 10 kg and 25 Kg

Marketed By: **Greenstar Fertilizers Ltd.**
Address: Spic House, 88 Mount Road Guindy Chennai-600032
Godown: 10,SDA Compound, Lasudiya Mori Dewas Naka, Indore (M.P.)

**कार्यालय सहायक पुलिस आयुक्त जहांगीराबाद, जिला भोपाल (म.प्र.)**
(0755-2443205.9479990393)
(Email id ato jahangirabad bhopal@mapolice.gov.in)
क्रमांक सपुआ जहां/भो/डी-97/25 दिनांक-31.07.25
// जाहिर सूचना //



सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि थाना स्टेशन बजरिया के थाना स्टेशन बजरिया के गुम इंसान क्रमांक 02/25 एवं अप.क्र. 03/25 धारा 137(2) गुमशुदा / अपहर्ता साक्षी कुमारी उम्र 17 साल माह 02 माह जिसका हुलिया कद 5,3 फिट करीब शरीर सामान्य, रंग गौरा, चेहरा गोल बाल काले, चेक शर्ट हरा जिंस पहने है, ठुडी में चोट का निशान है। थाना स्टेशन बजरिया भोपाल में आकर संपर्क करें अथवा दूरभाष नंबर 9479990523, 9479990527 पर तत्काल संपर्क करें।

सहायक पुलिस आयुक्त
जहाँगीराबाद जोन-1 भोपाल
G-16655/25 " स्वच्छता ही सेवा "

**कार्यालय थाना प्रभारी थाना कोतवाली नगरीय पुलिस भोपाल (म.प्र.)**
क्रमांक-थाप्र/कोत/भो/डी-08/2025 दिनांक 30/07/2025
जाहिर सूचना



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि थाना कोतवाली भोपाल के मर्ग क्रमांक 08/2025 मे मृतक अज्ञात पुरुष उम्र करीबन 60-65 साल जिसका हुलिया शरीर दुबला पतला, दाढ़ी मूंछ सफेद, सिर के बाल सफेद, लाल सफेद की शर्ट एवं मटमैले कलर का पैंट शरीर पर पहने हुऐ है। मृतक बीमार होकर हुलिया से भिखारी जैसा प्रतीत होता है। मृत अवस्था मे मिला है जिसका फोटो उपरोक्तानुसार है। यदि मृत व्यक्ति व उसके परिजनों के संबंध मे कोई जानकारी हो या इसके परिजन हो तो थाना कोतवाली भोपाल मे आकर संपर्क करें अथवा दूरभाष क्रमांक 0755-2677309 अथवा 0755-24443220 जांचकर्ता सउनि दुलीचंद साहू के मोबा. नं. 9993710919 अथवा थाना प्रभारी कोतवाली भोपाल के मोबा.नं. 7587601981 पर तत्काल संपर्क करें।

थाना प्रभारी,
थाना कोतवाली नगरीय पुलिस भोपाल
जी -16607/25 स्वच्छता ही सेवा

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
* M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) * PGDCA * B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) * B.Com. Plain & Computer * M.Com * BCA * BA * BBA * M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) * B. Lib * M. Lib. * B.P.E.S. * PG Diploma in Yoga * D.El. Ed. * B.Ed. * B.P.Ed. * M.Ed. * M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्रर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

क्या आपको अपनी लाडली के लिए अच्छा वर चाहिए...
तो हमसे जुड़िए... या आपको तलाश है... एक अच्छी बहू की...
हरिभूमि वैवाहिकी

वधु चाहिए
सुन्नी मुस्लिम मंसूरी मध्यप्रदेश निवासी, तलाकशुदा निःसंतान 44/5'6"/ BE/Manager/IT MNC,आय 20+LPA वर हेतु वधु चाहिए
+91 88155-29586

वधु चाहिए
जाति, उम्र, दहेज बन्धन नहीं
सरकारी, नौकरी, पेशा, मासिक आय 1.50 लाख से ज्यादा वर हेतु उच्च शिक्षित/संस्कारी वधु चाहिए
नौकरी पेशा, व्यवसायी, अकेली संतान, MBBS, BAMS, BHMS, BEMS, BSC, MSC, नर्सिंग, NET, SET, PHD को प्राथमिकता
(टीप- नौकरी पेशा, तलाकशुदा, अकेली संतान, डॉक्टर, इंजीनियर हो तो विधवा, तलाकशुदा, निःसंतान, बच्चे वाले भी संपर्क कर सकते हैं)
-सम्पर्क करें- 8319734310

Ratnawala
www.ratnawala.com
रत्नवाला
समय से पहले - किस्मत से ज्यादा
हम पुराने पहने हुए रत्न नहीं बेचते हैं
* शुद्ध - प्रमाणिक असरदार रत्न उपलब्ध
* रत्न तराशने की फैक्ट्री
* अनुभवी ज्योतिषाचार्य से सलाह
* ग्रहों के अनुसार उपयुक्त रत्न की सलाह
विश्वास का साथ सेवा के 30+ वर्ष
PRATEESH SAXENA Gemologist & Govt. Valuer
जब हुबहू नकली रत्न बन सकते हैं तो कागज का नकली 'टेस्टिंग सर्टिफिकेट' भी बन सकता है। सजग रहें
89-89-678-678
City Trade Center, 141, Malviya Nagar, Bhopal | ज्योतिषम्

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यवस्थापक

## शब्द पहेली - 5947




**बाएँ से दाएं**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह,टीस,लालसा-3
6. हानि,आपत्ति-2
7. दुश्मनी,बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश,आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. शैतानी,बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा,लालसा-4
24. कवि,गजलकार-3
25. जरा,थोड़ा-2
27. मुलायम,नाजुक-3
28. गुफा,खोह-2
29. प्रियतम,सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह.शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा,गंजा-4
4. पंक्ति,लाइन-3
5. लड़की, पुत्री,बेटी -2
7. वहम,संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा,कसम -3
13. गंगा का पानी -4
15. तीखा,तीक्ष्ण-3
16. आतुर,धैर्यहीन -4
17. संभवतः-3
18. मर्कट,कपि-3
20. गोविंदा,खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना -4
23. साजन,प्रेमी-3
24. संध्या,सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना,मास-2

■ मंगल सेनचा, बैंगलोर

### शब्द पहेली- 5946 का हल



## सूडोकु नवताल- 5957

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल- 5956 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## राशिफल

**मेष** - संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** - खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** - शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** - क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** - कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** - कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** - लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** - संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** - स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** - आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** - क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** - किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

# 6 साल में 200% उछला सोना, अगले 5 वर्ष में सवा 2 लाख रु. का हो सकता है 10 ग्राम!

**अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा।**

किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सोना डिमांड में रहेगा



एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में सोने की कीमत पिछले 6 साल में 200 प्रतिशत तक बढ़ी हैं। मई 2019 में सोना 30,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था, लेकिन जून 2025 तक कीमत बढ़कर करीब 1,00,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से अधिक हो गई। इस साल की बात करें तो सोने की कीमतों ने 2025 में निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का भाव 30 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा है। पिछले 6 साल पर नजर डालें तो एमसीएक्स पर सोने का भाव मई 2019 में लगभग 32,000 प्रति 10 ग्राम था। यह अब बढ़कर लगभग 97,800 प्रति 10 ग्राम हो गया है, यानि कि 200 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि। अगले पांच साल में सोने की कीमतें सवा दो लाख रुपये प्रति 10 ग्राम तक जा सकती हैं। गोल्ड बाजार के जानकारों का कहना कि सोना से सबसे लोकप्रिय और सुरक्षित निवेश के तौर पर जाना जाता है। चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों सोने ने हमेशा से ही अच्छा और सुरक्षित रिटर्न दिया है। इस तेजी में मुख्य रूप से कोविड-19 महामारी, बेहद ज्यादा ढीली मौद्रिक नीतियों, भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजार में अनिश्चितता का हाथ रहा। 2025 में सोने ने एमसीएक्स पर अपना रिकॉर्ड हाई 1,01,078 रुपये प्रति 10 ग्राम देखा। लॉन्ग टर्म में संरचनात्मक रूप से ऊंची कीमतों के लिए माहौल अभी भी सपोर्टिव बना हुआ है। पोर्टफोलियो डायवर्सिफिकेशन में सोने का अहम रोल बरकरार है और आगे भी रहेगा। सोने के भविष्य की बात करें तो किसी भी तरह के भूराजनीतिक तनाव के बीच सेफ एसेट के तौर पर सोना डिमांड में रहेगा। साथ ही इसकी मांग के नए रास्ते भी खुल रहे हैं। जैसे कि कहा जा रहा है कि चीन बीमा क्षेत्र में कथित तौर पर अपने एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) का 1% सोने में लगा रहा है।

### 5 साल में कहां होगी कीमत

एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक एक्सपर्ट का कहना है कि अगले 5 साल के दौरान सोने की कीमतों में शानदार तेजी जारी रह सकती है। भू-राजनीतिक तनाव और ट्रेड वॉर के चलते सुरक्षित निवेश के रूप में सोने की मांग बनी रहने की उम्मीद है। पिछले 5 वर्षों में भारतीय बाजार में सोने का भाव 18% की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ा। अगर यही रफ्तार जारी रही तो आगे के 5 सालों के दौरान सोने की कीमतें 2,25,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकती हैं।

### कंसोलिडेशन का अनुमान

वहीं दूसरी ओर एक एजेंसी की गोल्ड स्ट्रैटेजी रिपोर्ट में कहा है कि सोने की कीमतें अब कंसोलिडेशन फेज यानि ठहराव के दौर में जा सकती हैं। आगे तेजी के लिए किसी बड़े और नए ट्रिगर की जरूरत होगी। अब ज्यादा स्पष्टता का इंतजार करना चाहिए या किसी निर्णायक ट्रिगर का, जो गोल्ड की कीमतों को फिर से पुश करे। इस बीच गोल्ड में कंसोलिडेशन यानी ठहराव का दौर रहेगा।

# स्टॉक मार्केट ऊंचाई पर हो तो बंद नहीं करें एसआईपी, संयम बरतें

बिजनेस डेस्क

जब शेयर बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंचता है, तो कई निवेशकों के मन में सवाल आता है कि क्या अब सिस्टमैटिक इनवेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) रोक देना चाहिए? उन्हें लगता है कि ऊंचे स्तर पर निवेश करने से रिटर्न कम मिल सकता है या घाटा हो सकता है। हालांकि, इन्वेस्टमेंट एक्सपर्ट की राय इसके ठीक उलट है। उनका कहना है कि ऐसा सोचना निवेश की मूल रणनीति के खिलाफ है और इससे लंबे समय में नुकसान हो सकता है। इसलिए जब बाजार ऊंचाइयों पर हो तो निवेशकों को संयम बरतना चाहिए। इससे वे लान्ग टर्म में अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं और अपने पैसे को बढ़ा सकते हैं। ऐसे समय में निवेशकों को थोड़ा स्मार्ट और चूजी बन जाना चाहिए ताकि, आने वाले समय में परेशानी न हो। इसलिए निवेश बंद न करें और इंतजार करें। बाजार में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं।

### एसआईपीऔर डिप-बायिंग को साथ चलाना समझदारी

जानकारों का कहना है कि एसआईपी को रोकने की बजाय उसे जारी रखना चाहिए और अगर आपके पास अतिरिक्त रकम है, तो बाजार में गिरावट के दौरान उसमें लंबी अवधि के नजरिए से निवेश करना बेहतर रहता है। उनके मुताबिक, मासिक बचत एसआईपी के जरिए होनी चाहिए और अगर बाजार गिरता है, तो उसमें अतिरिक्त निवेश किया जा सकता है। इससे लॉन्ग टर्म में फायदा मिलता है। हालांकि, बाजार कब गिरेगा, इसका अंदाजा लगाना आसान नहीं है। डिप्स को पहचानना मुश्किल होता है, इसलिए निवेशकों के लिए बेहतर रणनीति यह हो सकती है कि वो लंप सम राशि को एसआईपी और डिप-बायिंग दोनों के लिए अलग-अलग हिस्सों में निवेश करें।

### 2025 में अब तक 1.12 करोड़ एसआईपी बंद

एएमएफआई (एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया) के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 की शुरुआत से लेकर अब तक करीब 1.12 करोड़ एसआईपी अकाउंट बंद हो चुके हैं। इसका मतलब है कि बहुत से निवेशकों ने बाजार की ऊंचाई देखकर अपनी एसआईपी रोक दी है और बाजार गिरने पर दोबारा शुरू करने की सोच रहे हैं। एसआईपी को रोकना गलत कदम है। उनके मुताबिक, जब बाजार ऊंचा होता है, तो एसआईपी रोकना सही लग सकता है। लेकिन ये कदम फाइनेंशियल गोल्स को नुकसान पहुंचा सकता है। एसआईपी का फायदा यही है कि ये आपको समय पर और बिना भावनाओं के निवेश करने में मदद करता है। भारतीय बाजार ने पिछले 10 सालों में कई बार नई ऊंचाइयां देखी हैं और हर बार वह और ऊपर गया है। अगर लोग हर बार एसआईपी रोकते, तो वे बड़े फायदे से चूक जाते।

### उलटी सोच हो सकती है एसआईपी रोकना

एसआईपी को रोकने के फैसले को 'काउंटरइंट्यूटिव' यानी आम समझ के खिलाफ मानते हैं। उनका कहना है कि इतिहास यही बताता है कि जो निवेशक लगातार निवेश करते हैं, वो ज्यादा फायदा कमाते हैं। बार-बार एग्जिट और एंट्री करने से फायदा नहीं होता। वो कहती हैं, एसआईपी का मकसद ये है कि आपकी हर महीने की बचत बाजार में लगती रहे। अगर इसे नियमित और अनुशासित तरीके से किया जाए तो कंपाउंडिंग का फायदा मिलता है। लेकिन कई बार लोग बाजार के मूवमेंट को देखकर एसआईपी बदलने लगते हैं।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग भ/प संभाग राजगढ़

निविदा सूचना क्रमांक 13/निविदा/2025-26 राजगढ़, दिनांक 30.07.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदाये आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है :-

| स. क्र. | टेण्डर नं. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWDRB _440887_1 | राजगढ़ | विशेष मरम्मत | विशेष मरम्मत कार्य एस.पी. बंगला राजगढ़ जिला राजगढ़ | प्रथम | 4.22 | 8440.00 | 4 माह वषार्काल सहित |
| 2 | 2025_PWDRB _440897_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 10.00 | 20000.00 | 6 माह वषार्काल सहित |
| 3 | 2025_PWDRB _440906_1 | राजगढ़ | वार्षिक मरम्मत | वार्षिक मरम्मत कार्य शासकीय गैर आवासीय भवन उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वषार्काल सहित |
| 4 | 2025_PWDRB _440909_1 | राजगढ़ | जल अवरोधीकरण | जल अवरोधीकरण कार्य शासकीय आवासीय भवन उपसंभाग राजगढ़ | प्रथम | 5.00 | 10000.00 | 4 माह वषार्काल सहित |
| | | | | योग- | | 24.22 | | |

उपरोक्त वेवसाईट पर ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम दिनांक 14.08.2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट मे देखा जा सकता है। निविदा मे होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।
अमानत राशि एवं समस्त दस्तावेज ऑनलाईन स्वीकार किये जावेगें।

जी - 16644/25 स्वच्छता ही सेवा

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग भ/प
संभाग राजगढ़



**परिशिष्ट A - संख्यांक 2**
**न्यायालय सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ललितपुर**

**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए समन**
**वाद संख्या 329/2024**
**मुन्नालाल बनाम धरमदास आदि**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**
प्रेषिती- **तारीख पेशी: 29.09.2025**

धरमदास पुत्र स्व. श्री रामप्रसाद ब्राह्मण निवासी ग्राम व पोस्ट कल्यानपुरा, परगना, तहसील व जिला ललितपुर (उ.प्र.), हाल निवासी 605, एन.-2, हबीबगंज, बी.एच.ई.एल., हुजूर, भोपाल (म.प्र.)। आधार नम्बर- xxxx xxxx 7659

- प्रतिवादी संख्या 1

मुन्नालाल पुत्र स्व.श्री रामप्रसाद निवासी ग्राम कल्यानपुरा वादी उक्त ने आपके विरुद्ध विक्रय पत्र निरस्तीकरण एवं स्थायी निषेधाज्ञा की प्राप्ति हेतु वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में तारीख 29.09.2025 को 10:30 AM. बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन से ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह आज तारीख तारीख 23/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**सिविल जज (जूनियर डिवीजन) ललितपुर**



**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER-I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
72nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhawan (BSNL Building), Residency Road, Near Head Post Office, South Civil Lines, Jabalpur -482001 (M.P.)

NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT. 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993

**RC/529/2020** **08-07-2025**

**BANK OF BARODA**
**Versus**
**JAYSHREE SHARMA**

**To**
**(CD1) JAYSHREE SHARMA**
**(CD2) DINESH KUMAR SHARMA**
29 CHAR BATTI CHOURAHA GANJ ASHTA SEHORE, MP-466116
**(CD3) VEERESHWAR PRASAD VYAS**
01 NEELGAR MANDIR TO ADALAT ROAD, SEHORE MP-466116

Whereas you the was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **10-06-2020** in **OA/303/2019** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs.27,61,809.57/-** (Rupees Twenty Seven Lakhs Sixty one thousand eight hundred nine & paisa fifty seven only) alongwith pendentellite & future interest @9.00% simple interest yearly w.e.f. **26.02.2019** till realisation and cost of **Rupees 30,000/-** (Rupees thirty thousand only) and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable/ immoveable property

2. You are hereby informed that the **05/08/2025 at 10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**

Agriculture Land bearing Survey No. 420/118/1/4, situated at village khajuriya kasam, Tehsil- Ashta, District- Sehore (MP) Area 0.6070 Hactare, property in the name of Smt. Jayshree Sharma w/o Shri Dinesh Kumar Sharma.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **08/07/2025**

Seal

Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur



**भारतीय थल सेना**
**JOIN INDIAN ARMY AS AN OFFICER**
www.joinindianarmy.nic.in

**अधिकारी प्रविष्टियाँ**

1. निम्नलिखित कोर्सों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:-
(क) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक पुरुष अभ्यर्थियों के लिए।
(ख) 123वाँ अल्पकालिक सेवा कमीशन जे.ए.जी. कोर्स अप्रैल 2026 कानून में स्नातक महिला अभ्यर्थियों के लिए।
(ग) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (पुरुष) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।
(घ) 123वाँ अल्पसेवा कमीशन एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स (महिला) (युद्ध में हताहत सेना कार्मिकों के आश्रितों सहित) अप्रैल 2026 के लिए।

2. ऑनलाइन आवेदन निम्नलिखित अवधि तक खुले रहेंगे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (क) | जे.ए.जी. कोर्स | पुरुष | 04 अगस्त से 03 सितम्बर 2025 |
| (ख) | जे.ए.जी. कोर्स | महिला | 05 अगस्त से 04 सितम्बर 2025 |
| (ग) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | पुरुष | 11 अगस्त से 10 सितम्बर 2025 |
| (घ) | एन.सी.सी. विशेष भर्ती कोर्स | महिला | 12 अगस्त से 11 सितम्बर 2025 |

**OFFICER ENTRIES**

1. Applications are invited for the following courses:-
(a) 123rd Short Service Commission JAG Entry Scheme Course (Men) Apr 2026 course for Law Graduates.
(b) 123rd Short Service Commision JAG Entry Scheme Course (Women) Apr 2026 course for Law Graduates
(c) 123rd Short Service Commission NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Men (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)
(d) 123rd Short Service Commision NCC Special Entry Scheme Course Apr 2026 for Women (including Wards of Battle Casualties of Army personnel)

2. Online applications will open as under:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | JAG Course | Men | 04 Aug to 03 Sep 2025 |
| (b) | JAG Course | Women | 05 Aug to 04 Sep 2025 |
| (c) | NCC (Special) Course | Men | 11 Aug to 10 Sep 2025 |
| (d) | NCC (Special) Course | Women | 12 Aug to 11 Sep 2025 |

नोट:-
1. सेना में भर्ती पूर्णतया पारदर्शी और मुफ्त है। दलालों से सावधान रहें।
2. विस्तृत नोटिफिकेशन और जानकारी के लिए, कृपया www.joinindianarmy.nic.in पर जाएं।

Note :-
1. Recruitment in the Army is totally transparent and free. Beware of touts.
2. For detailed Notification, please visit www.joinindianarmy.nic.in.

CBC 10601/11/0045/2526



**इंडियन बैंक Indian Bank**
इलाहाबाद ALLAHABAD

अंचल कार्यालय, दिल्ली साउथ, 17, संसद मार्ग, द्वितीय तल, इलाहाबाद बैंक बिल्डिंग, नई दिल्ली–110001
कॉर्पोरेट कार्यालय : 254–260, अव्वई शनमुगम सलाई, रोयापेट्टा, चेन्नई–600014

परिशिष्ट IV-क, (नियम 9(1) का परन्तुक देखें)
**अचल सम्पत्तियों के बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 9(1) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जिसका **रचनात्मक कब्जा** प्रतिभूत लेनदार, इंडियन बैंक, मयूर विहार शाखा के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, इंडियन बैंक, मयूर विहार शाखा, प्रतिभूत लेनदार की कर्जदार **मैसर्स जैन ब्रदर्स प्रो. श्री सौरव जैन पुत्र श्री कैलाश चंद्र जैन**
फैक्टरी पता – 485ए/ए–14 ए जी.टी.रोड, दिलशाद गार्डन औद्योगिक क्षेत्र शाहदरा – 110091
**प्रो. श्री सौरव जैन पुत्र श्री कैलाश चंद्र जैन**
आवासीय पता – फ्लैट नंबर 105 सतपुड़ा टावर, कौशांबी साहिबाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश – 201010
**गारंटर – श्रीमती राजकुमारी जैन पत्नी श्री कैलाश चंद्र जैन** पता – सोसायटी लाइन गल्ला मंडी चौक नंबर 2 वीए नंबर 37 भिंड मध्य प्रदेश 477001 **और**– आवासीय पता – फ्लैट नंबर 105 सतपुड़ा टावर, कौशांबी साहिबाबाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश – 201010 की तरफ दिनांक **25.09.2024 तक बकाया राशि रु. 58,25,552.00 (रुपये अठावन लाख पच्चीस हजार पांच सौ बावन मात्र)** + आगे ब्याज, लागतें, अन्य शुल्क और उन पर लागू व्यय की वसूली हेतु दिनांक **20.08.2025** को **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" और "जो कुछ है वहां है"** के आधार पर बेची जाएगी।
ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री हेतु प्रस्तावित संपत्ति का विशिष्ट विवरण नीचे दिया गया है :

| | |
|---|---|
| संपत्ति का विस्तृत विवरण | आवासीय फ्लैट संख्या 7, प्रथम तल, शबरी कॉम्प्लेक्स जोन–II, वार्ड संख्या 47, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 19.88 वर्ग मीटर, जो श्रीमती राज कुमारी जैन पत्नी कैलाश चंद्र जैन के नाम पर है। |
| स्थान | 77.436240, 23.230127 |
| संपत्ति पर भार, यदि कोई हो | बैंक को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य | रू 15.40 लाख |
| ईएमडी राशि | रू 1.54 लाख |
| बोली वृद्धिशील राशि | रू 0.10 लाख |
| ई–नीलामी की तिथि और समय | 20.08.2025 सुबह 11 बजे से सायं 5 बजे तक |
| संपत्ति आईडी नंबर | IDIB30437153425 |
| संपर्क व्यक्ति : | वरूण कुमार, 9958899040 |

बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन बोली में भाग लेने के लिए हमारे ई नीलामी सेवा प्रदाता **PSB Alliance Pvt. Ltd.** की वेबसाइट **(https://www.baanknet.com)** पर जाएं। तकनीकी सहायता के लिए कृपया फोन 8291220220 पर कॉल करें। पंजीकरण की स्थिति और EMD स्थिति के लिए कृपया **support.baanknet@psballiance.com** पर संपर्क करें।
संपत्ति के विवरण और संपत्ति की तस्वीर और नीलामी के नियमों और शर्तों के लिए कृपया **https://www.baanknet.com** और इस पोर्टल से संबंधित स्पष्टीकरण के लिए, कृपया PSB Alliance Pvt ltd, संपर्क नंबर 8291220220 से संपर्क करें।
बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे **https://www.baanknet.com** के साथ वेबसाइट में संपत्ति की खोज करते समय ऊपर उल्लिखित संपत्ति आईडी नंबर का उपयोग करें।

| बैंक की वेबसाइट www.indianbank.in | ई–नीलामी वेबसाइट | कागजात | संपत्ति का स्थान | संपत्ति का वीडियो | संपत्ति के फोटो |
|---|---|---|---|---|---|

दिनांक : 31.07.2025, स्थान : नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी, इंडियन बैंक



**केनरा बैंक Canara Bank** भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking — सिंडिकेट Syndicate
क्षेत्रीय कार्यालय-1 पर्यावास भवन, भोपाल
**ई-नीलामी सूचना**

परिशिष्ट - IV क [ नियम 8(6) का परन्तुक देखें ]
**चल एवं अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित चल एवं अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित संपत्तियाँ **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** ले लिया गया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय निम्नवर्णित दिनांक को **केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार पर किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानतदार का नाम | बकाया राशि | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **केनरा बैंक, अयोध्या बायपास शाखा, भोपाल e-mail id : cb5104@canarabank.com contact No. : 918128384223 Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0005104** | | | |
| ऋणी: **मेसर्स रामासिस एनर्जी कॉर्पोरेशन** प्रोपराइटर- श्री अरुण कुमार तिवारी पुत्र ब्रम्हदेव तिवारी और श्री विनय कुमार तिवारी पुत्र ब्रम्हदेव तिवारी | दिनांक 15.05.2024 को ₹ 4069504/- +ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट नं. सी- 112, क्षेत्रफल- 364 वर्गफिट निर्मित क्षेत्रफल प्रथम तल, शिव कॉम्प्लेक्स बिल्डिंग, ओम शिव काम्पलेक्स को-आपरेटिव हाऊसिंग सोसायटी लिमिटेड, नर्मदा नगर, केबिन रोड, भयंदर (ई), ठाणे -401105, पुराना सर्वे नं.121 की भूमि पर निर्मित, नया सर्वे नं. 106, हिस्सा नं.13, ग्राम : खारी, तालुका जिला- थाणे संपत्ति मालिक- श्री विनय ब्रह्मदेव तिवारी, संपत्ति की चर्तुसीमाएं: पूर्वः उसी बिल्डिंग का फ्लैट सी/114, पश्चिमः ओमशिव कॉम्प्लेक्स का बी विंग, उत्तरः सांई जैसल कृपा कॉम्प्लेक्स, दक्षिणः उसी बिल्डिंग का फ्लैट सी/111, | ₹ 21,50,000/- / ₹ 2,15,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक होशंगाबाद शाखा (Ph. No 7080725570) e-mail id : cb2367@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC- CNRB0002367** | | | |
| ऋणी : **मेसर्स श्री राम कन्सट्रक्शन** प्रोपराइटर- श्री अनिल अहिरवार | ₹ 14,94,099.62 + दिनांक 31.03.2021 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे | संपत्ति का समस्त भू भाग स्थित दुकान नं. एल-13, डायवर्टेड सर्वे नं. 363/3, अमृत परिसर, मौजा-मालाखेड़ी, वार्ड नं. 8, होशंगाबाद म.प्र.- 461001, उपजिला- होशंगाबाद एवं जिला- होशंगाबाद में पंजीकृत चर्तुसीमाएं- उत्तर-रोड, दक्षिण- कॉरिडोर, पूर्व- दुकान नं. एल-14, पश्चिम- गौर साहब का मकान | ₹ 11,70,000/- / ₹ 1,17,000/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी एवं बंधककर्ता: **श्रीमती अनीता दोहरे पत्नि श्री मुकेश दोहरे** (सहबाध्यकारी/ऋणी/बंधककर्ता **श्री मुकेश दोहरे पुत्र सुकम लाल दोहरे** | ₹ 6,56,754.09 + दिनांक 31.10.2024 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी मकान स्थित प्लाट सर्वे नंबर 97/189, वार्ड नंबर 5 बाबई पीसी नं. 24/50, सेटलमेंट क्रमांक 01215 तहसील बाबई जिला- नर्मदापुरम म.प्र. 461661 चर्तुसीमाएँ: पूर्व- सुकुम लाल का घर, पश्चिम- सुरेंद्र मालवीय का घर, उत्तर-लेन, दक्षिण-राजू मालवीय का घर | ₹ 8,30,000/- / ₹ 83,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक मंडीदीप शाखा, फोन : (Ph. No 9575560444) e-mail id : cb4594@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0004594** | | | |
| ऋणी : **सीमा ठाकुर** पत्नि सुरेश ठाकुर जमानतदार- सुरेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री पर्वत सिंह चौहान | ₹ 8,13,756.43 + ब्याज एवं अन्य खर्चे | 2 बी.एच.के. फ्लैट नं. एम.-7, चतुर्थ तल प्लाट नं. 55, 56, 57, 58, 59, 60, 61 एवं 62, खसरा नं. 473/1/2/1 का भाग, वैष्णौ एवेन्यु, उद्योगपुरी कालोनी, दाहोद रोड, वार्ड नं. 17, मण्डीदीप, तहसील- गौहरगंज, जिला-रायसेन एरिया 500 वर्गफिट (46.46 वर्गमीटर) संपत्ति मालिक- श्रीमती सीमा ठाकुर पत्नि श्री सुरेश ठाकुर चर्तुसीमाएं- उत्तर- फ्लैट नं. एम-6, दक्षिण- फ्लैट नं. एम-8, पूर्व- 30 फिट रोड, पश्चिम- कॉमन कारिडोर | ₹ 6,39,000/- / ₹ 63,900/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक करोंद बायपास शाखा, भोपाल फोन : 919131713591, e-mail id : cb5273@canarabank.com Collection A/c for EMD : A/c No 209272434, IFSC Code: CNRB0005273** | | | |
| ऋणी- **श्री कमलेश्वर यादव** पुत्र श्री दिनेश कुमार यादव | दिनांक 31.03.2021 को ₹ 1024597/- +ब्याज एवं अन्य खर्च | रिहायशी एल.आई.जी. फ्लैट नं. 124, तृतीय तल, ब्लॉक - एच, वैद्यनाथ धाम ग्राम-लाम्बाखेड़ा तहसील हुजूर, भोपाल क्षेत्रफल- 417 वर्गफिट संपत्ति मालिक- कमलेश्वर यादव चर्तुसीमाएं- पूर्व- फ्लैट नं. 123, पश्चिम- फ्लैट नं. 125, उत्तर- कॉमन पैसेज, दक्षिण- खुला क्षेत्र | ₹ 8,01,000/- / ₹ 80,100/- / ₹ 10000/- |
| ऋणी- **श्री दिलीप गुर्जर** पुत्र हरि सिंह गुर्जर | दिनांक 04.07.2024 को ₹ 1817942.87 +ब्याज एवं अन्य खर्चे | रिहायशी फ्लैट नं. एम.आई.जी. 304,ब्लॉक - ए, तृतीय तल, आस्था हाईट्स, ग्राम-लाम्बाखेड़ा, बैरसिया रोड, भोपाल क्षेत्रफल- 82.06 वर्गमीटर संपत्ति मालिक- दिलीप गुर्जर चर्तुसीमाएं- पूर्व- खुला, पश्चिम- एम.आई.जी. 305, उत्तर- कॉमन क्षेत्र, दक्षिण-खुला | ₹ 9,50,000/- / ₹ 95,000/- / ₹ 10000/- |
| **केनरा बैंक कोलार रोड शाखा, भोपाल (फोन नं. 8722237676) e-mail id : cb2626@canarabank.com Collection A/c for EMD - 209272434, IFSC Code: CNRB0002626** | | | |
| ऋणी- **श्री जैनम बैग्स एण्ड फुटवेयर,** प्रोप हर्ष डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी गारंटरः श्री विराज डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी | दिनांक 09.09.2022 को ₹ 9,96,919.60/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे | आवासीय फ्लैट संख्या-सी-3, तीसरी मंजिल, प्लाट संख्या 205-डी, डी सेक्टर, ''कृष्णा हाईट्स'' गांव नयापुरा, वार्ड नंबर 83, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल (म.प्र.) पिलिन्थ क्षेत्रफल- 600 वर्गफीट एवं कारपेट क्षेत्रफल- 540 वर्गफिट संपत्ति मालिक-श्री विराज डोशी पुत्र श्री पंकज डोशी चर्तुसीमाएं: पूर्वः अन्य संपत्ति, पश्चिमः- फ्लैट नंबर सी-2, उत्तर :- कालोनी रोड, दक्षिणः- कॉरिडोर | ₹ 16,00,000/- / ₹ 1,60,000/- / ₹ 10000/- |
| **धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 28-08-2025 या उससे पूर्व सायं 11.30 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 28-08-2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)** | | | |
| **एम.पी. नगर शाखा, भोपाल (Ph. No 917838742422) e-mail id : cb2073@canarabank.com EMD Deposit A/c No 209272434 IFSC Code: CNRB0002073** | | | |
| ऋणी: **श्री अर्जुन सिंह चौहान C/o विजय सिंह चौहान** सहऋणी: **श्रीमती विशाखा चौहान पत्नि अर्जुन सिंह चौहान** | ₹ 17,97,462/- + दिनांक 26.03.2025 से ब्याज एवं अन्य खर्चे | बंधक संपत्ति स्थित आवासीय फ्लैट क्रमांक 601 ब्लॉक, निर्मलम (F+G) छठी मंजिल आशिमा रॉयल सिटी, फ्लैट क्षेत्रफल 745.54 वर्गफीट, वार्ड क्रमांक 85 भोपाल तहसील हुजूर जिला - भोपाल (म.प्र.) प्लाट की चर्तुसीमाएं- पूर्व- कॉरिडोर/फ्लैट क्रमांक 606, पश्चिम- रोड, उत्तर- आन्या ब्लॉक, दक्षिण- फ्लैट क्रमांक 602 संपत्ति मालिक-श्री अर्जुन सिंह चौहान C/O श्री विजय सिंह चौहान | ₹ 31,62,000/- / ₹ 3,16,200/- / ₹ 10000/- |
| **धरोहर राशि (ईएमडी) जमा करने की अंतिम तिथि 06-09-2025 या उससे पूर्व सायं 11.30 बजे तक ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : 06-09-2025, दोपहर 12.00 से दोपहर 1.00 बजे तक (5 मिनिट के असीमित विस्तार पर)** | | | |

**E-Auction login Website: M/s PSB Alliance (Ebkray) Helpdesk No. 8291220220 Email : support.ebkray@psballiance.com, Website : https://BAANKNET.com**
नीलामी की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केनरा बैंक की वेबसाइट **https://www.canarabank.com** में "E-Auction" की लिंक देखें अथवा उपरोक्त वर्णित संबंधित शाखाओं के प्रबंधक अथवा प्राधिकृत अधिकारी अथवा केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय -1, वसूली विभाग फोन : 7081160770, email id: recrobpl@canarabank.com से कार्यालयीन समय एवं कार्यालयीन दिवस में संपर्क करें।
स्थान : भोपाल दिनांक: **31-07-2025** — प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक

**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 फीसदी टैरिफ थोपने के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था को मृत कहना नई दिल्ली को नागवार गुजरा है। भारत ने वाशिंगटन को सीधा संदेश दिया है कि भारत की ट्रेडनीति अपनी जरूरतों के हिसाब से है। कोई दूसरा तय नहीं कर सकता कि भारत किससे क्या खरीदेगा। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही ट्रंप को चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है, खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा भी बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। ट्रेड को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। आजकल में पेश है ट्रंप डेड बोल के असर का विश्लेषण...**

# ट्रंप के 'डेड' बोल भारत को नागवार



विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है, यह असंभव है।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दूसरी दफा अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर सत्तासीन होने के पश्चात अपनी राजनीतिक शक्ति के अहंकार में एकदम मदहोश हो गए हैं। सत्ता अहंकार के वशीभूत होकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बड़-बोलेपन की फितरत में भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे दिया। ट्रंप ने ये भी फरमाया कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्थाएं डूबती है तो डूब जाने दो, मुझे क्या? विश्व पटल पर क्या कोई भी कुशल, सुलझा हुआ और जानकार सर्वोच्च राजनेता किसी भी मुल्क के लिए इस तरह के तल्ख अल्फाज कदाचित अभिव्यक्त कर सकता है? समस्त विश्व जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था निरंतर गति से आगे बढ़ती हुई एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। भारत का स्थान दुनिया के देशों में 4थी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के तौर पर स्थापित हो चुका है। विश्वबैंक और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) द्वारा प्रेषित आंकड़ों के मुताबिक भारत की वार्षिक जीडीपी तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की है। आने वाले वक्त में भारत यथाशीघ्र पांच ट्रिलियन डॉलर की जीडीपी वाला मुल्क बन जाएगा। विश्व बैंक और आईएमएफ के इन आंकड़ों को नज़रअंदाज़ करके इस धरा पर कोई नासमझ व्यक्ति ही भारत की अर्थव्यवस्था को एक मृत अर्थव्यवस्था करार दे सकता है।

## ट्रंप का डेड इकॉनामी का जुमला बेतुका

विश्व पटल पर भारत के सबसे भरोसेमंद मित्र राष्ट्र रूस की अर्थव्यवस्था की तरफ एक दृष्टिपात करें तो रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में भी फरवरी 2022 से रूस की अर्थव्यवस्था प्रत्येक वित्तीय वर्ष में निरंतर 4.3 प्रतिशत की विकास गति से आगे बढ़ रही है। जबकि इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष केवल 1.1 प्रतिशत है और अमेरिका की अर्थव्यवस्था की विकास गति प्रतिवर्ष 2.8 प्रतिशत रही है। विश्व बैंक और आईएमएफ के प्रमाणित अंतरराष्ट्रीय आर्थिक आंकड़ों से बाकायदा सिद्ध हो जाता है कि भारत और रूस की अर्थव्यवस्था की ग्रोथ वस्तुतः अमेरिका की इकॉनामिक ग्रोथ से कहीं आगे छलांगें लगा रही हैं। ब्रिक्स देशों के संगठन की सैन्य और आर्थिक शक्ति से एकदम बौखलाए और दिग्भ्रमित हुए डोनाल्ड ट्रंप ही भारत और रूस की अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनामी करार दे सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप के डेड इकॉनामी वाले जुमले का वास्तविकता से कोई भी ताल्लुक नहीं है। विश्व पटल पर सबसे अधिक जीडीपी वाले देश हैं, क्रमशः अमेरिका, चीन, जर्मनी और भारत। जीडीपी के मामले में वस्तुतः दुनिया के पटल पर जापान को पीछे छोड़कर भारत चौथे नंबर पर आसीन हो चुका है। निकट भविष्य में प्रबल संभावना है कि जर्मनी को भी पीछे छोड़कर भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते की खातिर बातचीत विगत छह महीनों से निरंतर जारी है। हालांकि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वार्ता अपने अंतिम पड़ाव तक अभी पहुंच नहीं सका है किंतु दुर्भाग्यपूर्ण रूप से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा यकायक एकतरफा फैसला लेते हुए, भारत द्वारा अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले सामान पर एक अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क आयद करने का ऐलान कर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी ऐलान किया कि भारत यदि रूस से तेल खरीदता है तो फिर पैनल्टी के तौर पर अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त शुल्क (टैरिफ) भी आयद किया जाएगा।




## अमेरिका से व्यापार समझौते में अड़चन

परिणाम स्वरूप अमेरिका द्वारा भारतीय सामान पर आयात शुल्क की दरें 27 प्रतिशत से कहीं ऊपर उठकर तकरीबन 30 प्रतिशत हो जाएंगी। भारत-अमेरिका के मध्य व्यापार समझौते में सबसे बड़ी अड़चन आई है कि डोनाल्ड ट्रंप चाहते हैं कि किसी भी तरह से भारत अमेरिका के साथ 500 अरब डॉलर की ट्रेड डील साइन कर ले और वह भी अमेरिका द्वारा थोपी गई मनमानी शर्तों पर। भारत के करोड़ों किसानों और छोटे उद्योगों के हितों की रक्षा करने के लिए भारत सरकार कुछ खास पहलुओं पर अमेरिका से व्यापार समझौता कदापि नहीं करना चाहती है। राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के डेयरी प्रोडक्ट्स के लिए भारत के बाजार को खोल देने की जिद पर अड़े हैं। भारत अपने डेयरी बाजार को अमेरिका के लिए कदापि खोलना नहीं चाहता है। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अपनी सशस्त्र सेनाओं के लिए रूस का दामन छोड़कर अमेरिका से आधुनिकतम अस्त्र-शस्त्र खरीदे। सर्वविदित है कि रूस द्वारा भारत को अस्त्र-शस्त्रों के साथ ही उनको निर्मित करने की तकनीक भी उपलब्ध कराई जाती है, जबकि अमेरिका कदाचित ऐसा नहीं करता है और अमेरिका वस्तुतः रूस के मुकाबले भारत के लिए कहीं अधिक ऊंचे दामों पर अपने अस्त्र-शस्त्रों की कीमत तय करता है। उल्लेखनीय है कि भारत द्वारा अमेरिका के एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमानों की खरीद के प्रस्ताव को संभवतया इसलिए ठुकरा दिया गया, हालांकि अभी तक भारत द्वारा इन विमानों के विषय में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की गई है।

## एफ-35 से बेहतर है रूस निर्मित विमान

भारत के जाने-माने सैन्य विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ फाइटर विमान के मुकाबले में रूस द्वारा निर्मित एसयू-57 स्टील्थ फाइटर विमान कहीं अधिक बेहतर और अपेक्षाकृत कम कीमत वाला है। यह भी एक कारण हो सकता है कि भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त पेनाल्टी आयद करने में डोनाल्ड ट्रंप ने जल्दबाजी प्रदर्शित की है। विश्व पटल पर भारत अकेला देश नहीं है जो कि अमेरिका के आयात शुल्क का दबाव झेल रहा है, वरन् दुनिया में ऐसे और भी 90 देश हैं, जोकि अमेरिका के मनमाने आयात शुल्क के दबाव का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सदैव भारत को अपना दोस्त देश कहकर पुकारा है। यक्ष प्रश्न है कि ट्रंप ने अपने दोस्त देश के साथ ऐसा दगा क्यों किया है?

उल्लेखनीय तथ्य है कि विगत अनेक वर्षों से अमेरिका वस्तुतः भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर रहा है। विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान दोनों देशों के मध्य कुल व्यापार 131.84 अरब डॉलर का रहा। भारत द्वारा अमेरिका को 87.4 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया गया और भारत द्वारा अमेरिका से 41.8 अरब डॉलर का सामान आयात किया गया। बाजार व्यवस्था के जानकारों के मुताबिक भारत पर अमेरिका द्वारा तकरीबन 30 प्रतिशत आयात शुल्क आयाद करने से भारत की जीडीपी में तकरीबन 0.20 प्रतिशत की कमी आ सकती है। डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया कुछ शिथिल हो सकता है। हालांकि भारत की अर्थव्यवस्था इतनी ताकतवर है, क्योंकि भारत तकरीबन चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का देश है। भारत के पास अपने ही देश में मजबूत घरेलू मांग और बाजार भी मौजूद है। अमेरिकी बाजार का सशक्त विकल्प तलाश कर लेने की प्रबल संभावना भारत के पास विद्यमान है। अतः भारत को यूरोपीय संघ, जापान, आसियान देश, अफ्रीकी देश और लैटिन अमेरिका जैसे देशों के वैकल्पिक बाजारों पर अपना समुचित ध्यान केंद्रित करना होगा। ग्लोबल साउथ देशों का सारा बाजार भारतीय सामान का इंतजार कर रहा है। बैंक ऑफ़ अमेरिका और जेपी मॉर्गन जैसे वित्तीय संस्थान पहले से ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को जबरदस्त चेतावनी दे चुके हैं, कि अगर अमेरिकन टैरिफ नीति लंबे वक्त तक जारी रही तो फिर अमेरिका की जीडीपी ग्रोथ घट सकती है। अमेरिका में खपत गिर सकती है, जिससे खुदरा बाजार और सेवा सेक्टर अत्यंत प्रभावित हो सकते हैं। अमेरिकन अर्थव्यवस्था पहले से ही चौपट पड़ी हुई है, क्योंकि अमेरिका के ऊपर तकरीबन 37 ट्रिलियन डॉलर का कर्जा सिर पर चढ़ गया है। अमेरिका को अगेन ग्रेट बनाने की दिग्भ्रमित सनक में कहीं डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका की अर्थव्यवस्था का रहा सहा बंटाधार ही ना कर दें। अमेरिका-भारत टकराव से उत्पन्न वातावरण में भारत अपनी ही करेंसी में चीन, रूस, ब्राज़ील, साउथ अफ्रीका और ईरान सरीखे मुल्कों के साथ अपना व्यापार बढ़ा सकता है। हालांकि विस्तारवादी चीन के साथ भारत के बुनियादी मतभेद कायम हैं, लेकिन भारत-चीन के द्वारा परस्पर व्यापार में निरंतर वृद्धि की जा सकती है।

## विश्व व्यापार संगठन की हिदायत का उल्लंघन

तकरीबन तीस वर्ष पहले विश्व पटल पर विश्व व्यापार संगठन का उदय हुआ था। उस वक्त विश्व के देशों ने विचार किया था कि आर्थिक प्रगति के नियमों के आधार पर वैश्विक व्यापार को संचालित किया जाना चाहिए। विश्व व्यापार संगठन के स्थापित नियमों ने दुनिया की महाशक्तियों का विशेषकर नव साम्राज्यवादी शक्तियों का बहुत अधिक दबाव बर्दाश्त किया है, इसके बावजूद वैश्विक व्यापार में शानदार प्रगति का दीदार हुआ है। दुर्भाग्य से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अप्रैल 2025 में अंजाम दिए गए टैरिफ ऐलान ने विश्व व्यापार के संतुलन को एकदम बिगाड़ कर रख दिया। विश्व व्यापार संगठन का बुनियादी विचार रहा है कि विकसित देशों को विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था को ताकत प्रदान करने की खातिर अपेक्षाकृत कम आयात शुल्क आयद करना चाहिए। दुर्भाग्य से अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने विश्व व्यापार संगठन की इस बुनियादी हिदायत का घनघोर उल्लंघन किया है। दुनिया के पटल पर अगर आर्थिक तौर पर ताकतवर देश अपेक्षाकृत कमजोर देशों के साथ इस तरह का व्यवहार करेंगे तो फिर दुनिया में चौतरफा आर्थिक प्रगति का संकल्प एक कटु कल्पना रह जाएगा। भारत और अमेरिका के मध्य व्यापार को लेकर यदि कूटनीतिक कटुता बढ़ जाती है तो फिर विगत वर्षों के दौरान दोनों देशों के मध्य आर्थिक और रणनीतिक संबंधों के जो नए दरवाजे खुल गए हैं, वो पुनः बंद हो जाएंगे।

## हिंद प्रशांत क्षेत्र में साथी खो देगा अमेरिका

भारत-अमेरिकी परस्पर संबंधों में शानदार उभार देखा गया है, वो भी खाक़ में मिल जाएगा। परस्पर व्यापार सम्बन्ध को लेकर भारत-अमेरिका के मध्य यदि तनाव जारी बना रहता है तो फिर एशिया और हिंद प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका एक भरोसेमंद साथी भारत को गंवा सकता है। इस क्षेत्र में यदि चीन के विस्तारवाद पर लगाम कसनी है और ताइवान को सुरक्षित रखना है तो फिर राष्ट्रपति ट्रंप को भारत के प्रति अपनी नीति में बुनियादी परिवर्तन करना होगा। क्या अमेरिका को भारत वस्तुतः ब्राजील और चीन की तल्ख भाषा में सख्त प्रतिउत्तर दे सकता है? नहीं, क्योंकि भारत अपनी संतुलित विदेश नीति के तहत अमेरिका से अपने आर्थिक और कूटनीतिक संबंध कदापि खराब करना नहीं चाहता। किंतु डोनाल्ड ट्रंप की धमकियों से खौफज़दा होकर भारत क्या रूस के साथ अपने गहन ऐतिहासिक रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को खत्म कर सकता है। भारत के लिए यह सोचना-विचारना तक असंभव है।

# अमेरिकी दबाव के आगे झुके नहीं भारत



ट्रेडनीति
डा. जयंतीलाल भंडारी
प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में भारत और अमेरिका के बीच कारोबार और गहरी मित्रता की जिन चमकीली ऊंचाइयों की उम्मीदें की जा रही थी, वे ट्रंप के द्वारा भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने के ऐलान के बाद चकनाचूर हो गई हैं। इतना ही नहीं ट्रंप ने दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से भारतीय अर्थव्यवस्था को मृतप्रायः बताते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था उसी तरह गर्त में चली जाएगी, जैसे भारत के पुराने दोस्त रूस की अर्थव्यवस्था गर्त में गई है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत सहित 70 देशों पर व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए 10 से 41 प्रतिशत तक टैरिफ लगाया है, जिसमें भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ सुनिश्चित किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा कि भारत हमारा मित्र है मगर हमने पिछले कई वर्षों में उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि वहां काफी ऊंचा शुल्क है, जो दुनिया में सबसे अधिक है। उन्होंने हमेशा अपने सैन्य उपकरणों और कच्चे तेल का बड़ा हिस्सा रूस से खरीदा है, जबकि हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं बंद करे।

उल्लेखनीय है कि इस समय जब अमेरिका और भारत के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर अंतिम दौर की चर्चा जारी है, जिसे फरवरी 2025 में प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच समझौते के तहत इसी वर्ष के अंत तक अंतिम रूप देने का निर्णय हुआ है। लेकिन अंतिम चर्चा के समय भारत देश के करोड़ों लोगों की आजीविका से जुड़े हुए कृषि और डेरी क्षेत्र में रियायत देने को तैयार नहीं है, ऐसे में अमेरिका ने भारत पर दबाव बढ़ाने के लिए ऊंचे टैरिफ का ऐलान किया है। स्थिति यह है कि कुछ देशों ने ट्रंप की एकपक्षीय और भेदभाव भरी मांगों के सामने घुटने टेक दिए हैं और अमेरिका की मांगों को मानते हुए जहां ऊंचे टैरिफ को स्वीकृति दी है, वहीं अमेरिका में भारी निवेश का वादा किया है।

## भारत की आवश्यकताएं अलग

निश्चित रूप से ट्रंप ने जिस तरह दूसरे देशों को व्यापार समझौते के लिए मनाया, वैसा भारत के नजरिये से दिक्कतदेह हैं। भारत के लिए ऐसे किसी समझौते को मानना मुश्किल है। ऐसा इसलिए कि भारत की विकास और आजीविका संबंधी आवश्यकताएं अलग हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि अमेरिका भारत का प्रमुख व्यापारिक साझेदार और निर्यात गंतव्य है। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत ने अमेरिका को 86.5 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुओं का निर्यात किया जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 11.6 फीसदी अधिक है जबकि इस दौरान आयात 45.7 अरब डॉलर रहा, जिससे अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अधिशेष 40.8 अरब डॉलर रहा।

## टैरिफ से कई उद्योग प्रभावित होंगे

ट्रंप के द्वारा लगाए गए टैरिफ के मद्देनजर भारत के कई उद्योग-कारोबार प्रभावित होंगे। वे सभी वस्तुएं और सेक्टर जिनका भारत निर्यात करता है उन कंपनियों पर बड़ा असर देखने को मिलेगा। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि भारत का वस्तु निर्यात वित्त वर्ष




2025-26 में 86.5 अरब डॉलर से 30 फीसदी घटकर वित्त वर्ष 2026 में 60.6 अरब डॉलर रह सकता है। इसी तरह वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने कहा कि अमेरिका की तरफ से भारत पर 25 प्रतिशत सीमा शुल्क और टैरिफ लगाए जाने से चालू वित्त वर्ष 2025-26 में देश की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर में महद 0.30 प्रतिशत की गिरावट आ सकती है। बार्कलेज ने कहा है कि घरेलू मांग पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था पर इस शुल्क वृद्धि का व्यापक असर पड़ने की आशंका नहीं है। भारतीय अर्थव्यवस्था की अपेक्षाकृत बंद प्रकृति और घरेलू मांग पर निर्भरता इसे बड़े झटकों से बचाती है। इसी के साथ बार्कलेज ने उम्मीद जताई कि भारत-अमेरिका के बीच व्यापार वार्ताओं के चलते अंतिम शुल्क दर आगे चलकर कम होकर 25 प्रतिशत से नीचे आ सकती है। जहां ट्रंप के टैरिफ से भारत के उद्योग-कारोबार पर प्रतिकूल असर होगा, वहीं अमेरिका को भारत से अधिक नुकसान होने की आशंका है।

हाल ही में प्रकाशित भारतीय स्टेट बैंक की नई रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप टैरिफ का असर भारत की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर कहीं अधिक पड़ने की संभावना है। एसबीआई रिसर्च ने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका में उच्च महंगाई, कमजोर डॉलर और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कमी का कारण बन सकता है। यह अमेरिका की खराब व्यापार नीति है, क्योंकि इससे अमेरिका की घरेलू मुद्रास्फीति और उपभोक्ता कीमतों पर ही नकारात्मक असर पड़ेगा, जबकि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला की छिपी हुई ताकतें खुद को समायोजित कर भारत को कुछ राहत देंगी।

यद्यपि ट्रंप के नए टैरिफ से अमेरिका को भारत से निर्यात में कमी जरूर आएगी, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था पर कोई असर इसलिए नहीं होगा, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी की यह रणनीति सही है कि यदि झुक गए तो भविष्य में और भी दबाव पड़ सकता है तथा बार-बार घुटने टेकने पड़ सकते हैं। ऐसे में जनहित के मद्देनजर अब तक भारत ने अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता नहीं किया है। भारत ने ट्रंप की उस इच्छा को ठुकरा दिया है, जिसमें ट्रंप अन्य देशों के साथ भारत के रिश्तों पर वीटो चाहते हैं, यानी ट्रंप चाहते हैं कि अमेरिका तय करे कि भारत किसके साथ कैसे रिश्ते रखे। निश्चित रूप से अब भारत को अमेरिकी बाजारों को निर्यात करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में भारत को कई बातों पर ध्यान देना होगा। भारत को अपनी अर्थव्यवस्था को और भी बहिर्मुखी बनाना होगा। अच्छी बात यह है कि हाल ही में भारत ने महत्वपूर्ण मुक्त व्यापार-समझौते (एफटीए) कर लिए हैं और उसे दोगुनी तेजी के साथ ऐसे अन्य समझौतों की दिशा में बढ़ना होगा। हमें पूर्व के अपने पड़ोसियों के साथ आर्थिक जुड़ाव का रास्ता दोबारा तैयार करना होगा।

## सीपीटीपी का हिस्सा बने भारत

भारत को व्यापक एवं प्रगतिशील प्रशांत पार साझेदारी (सीपीटीपी) का हिस्सा बनने के लिए आगे बढ़ना होगा। उम्मीद करें कि ट्रंप की टैरिफ चुनौती के बीच भारत अपने देश के करोड़ों लोगों के कृषि और डेयरी क्षेत्र से जुड़े हुए हितों के लिए दृढ़ता के साथ खड़ा रहेगा और ट्रंप की भेदभाव भरी मांगों के दबाव से दूर रहेगा। निश्चित रूप से दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भारत के 140 करोड़ लोगों के विशाल बाजार और भारत के युवाओं की बढ़ती क्रयशक्ति के सामने कारोबारी ट्रंप भारत के साथ पारस्परिक व्यापार हितों के अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ेंगे। भारत और अमेरिका के बीच शीघ्र ही अच्छे कारोबार समझौते से व्यापार का नया लाभप्रद दौर अवश्य आकार लेते हुए दिखाई देगा। बस भारत झुके नहीं।

# आर्थिक राष्ट्रवाद दिखाने का वक्त



आर्थिकी
शंभू भद्र
वरिष्ठ आर्थिक पत्रकार

गिद्ध के श्राप से गाय नहीं मरती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत व रूस को मृत अर्थव्यवस्था कह भर देने से भारतीय अर्थव्यवस्था मृत नहीं हो जाती है। प्राचीन काल में भी जब अमेरिका का अस्तित्व भी नहीं था, तब भारत आर्थिक महाशक्ति था, वैश्विक निर्यात में 45 फीसदी योगदान करता था। मध्यकाल में भी भारत एक आर्थिक शक्ति था। दमनकारी व शोषणकारी अंग्रेजी हुकूमत के दौर में जरूर भारत के आर्थिक हालात चरमराए, लेकिन आजादी के बाद से भारत उतरोत्तर प्रगति पथ पर है। आज भारत विश्व की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था है, जर्मनी को पछाड़ कर जल्द तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की कगार पर है। भारत की आर्थिक क्षमता व सामर्थ्य को लेकर ट्रंप या तो गफलत में हैं या शेखी बघार रहे हैं। अमेरिका में ट्रंप ने झूठ बोलने का रिकार्ड बनाया है और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार झूठ बोल रहे हैं।

ट्रेड वार्ता जारी रहने के बीच एकतरफा मनमाना तरीके से 25 फीसदी टैरिफ भारत पर थोपने के बाद ट्रंप का भारतीय अर्थव्यवस्था को डेड इकॉनोमी कहना अमेरिकी पराभव को लेकर उनकी हताशा को दर्शाता है। ट्रंप अमेरिकी चुनाव के दौरान यूक्रेन व रूस जंग खत्म कराने की शेखी बघारते थे, युद्ध खत्म नहीं करा पाए। यूक्रेन को जलील किया तो यूरोप ने अलग राह पकड़ ली, ईरान को आंख दिखाई, कतर में जवाब मिला। ट्रेड को लेकर चीन को सबक सिखाने की बात कही थी, सबसे पहले ड्रैगन के सामने ही घुटने टेके। हकीकत तो यह है कि अमेरिकी अर्थव्यवस्था वर्ष 2008 की मंदी के बाद से कभी उबर ही नहीं पाई है। इन 17 वर्षों में अमेरिका की जीडीपी हमेशा ढलान पर हिचकोले खाती रही है, मौजूदा जीडीपी दर 2.8 फीसदी है।

## अमेरिका सबसे बड़ा कर्जदार

अमेरिका बेशक विश्व की नंबर एक इकॉनोमी है, लेकिन वह सबसे बड़ा कर्जदार भी है। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज करीब 37 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 32 लाख अरब रुपये को पार कर गया है। अमेरिका का कर्ज पर ब्याज चुकाने का खर्च हर साल 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच रहा है। ट्रंप अमेरिकी अर्थव्यवस्था को संकट से उबारने के वादे के साथ सत्ता में आए हैं, उन्हें टैरिफ बढ़ा कर आय बढ़ाना आसान रास्ता लग रहा है, लेकिन इस शॉर्टकट से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। यह न 60 के दशक का दौर है, न 80 के दशक का। 90 के दशक के बाद दुनिया बदल चुकी है। वैश्विक अर्थव्यवस्था मुक्त व उदार हो गई है और अब वह बहुध्रुवीय है। इसलिए कोई भी देश न किसी एक देश पर निर्भर है और न ही कोई एक देश किसी दूसरे देश का कुछ बिगाड़ सकता है।

## भारत बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था

भारत तेज वृद्धि हासिल करने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए ट्रंप का भारत को 'मृत अर्थव्यवस्था' बताना अनुचित है। ऐसे समय जब अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष समेत प्रमुख वैश्विक एजेंसियां भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में पेश कर रही हैं, ट्रंप का कथन एक और झूठ के सिवा कुछ नहीं है।



अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 29 जुलाई को अपने सदस्य देशों का वर्ल्ड इकॉनॉमिक आउटलुक (डब्लूईओ) का नया आकलन जारी किया था। आईएमएफ के 191 सदस्य देश हैं। आईएमएफ ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2026-2027 में 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आईएमएफ ने डब्लूईओ रिपोर्ट में कहा है कि उसने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान 0.2 फीसदी यानी 20 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया है व अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विकास के अनुमान को 0.1 फीसदी यानी 10 आधार अंकों से बढ़ाकर 6.4 फीसदी कर दिया गया है। आईएमएफ ने अमेरिकी जीडीपी के लिए विकास की दर 1.9 फीसदी रहने का अनुमान लगाया है। यह अनुमान 2023 में 2.9 फीसदी था, अमेरिकी जीडीपी दर उस वर्ष 2.54 फीसदी रही थी।। विश्व बैंक और पेरिस स्थित आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जबकि एशियाई विकास बैंक (एडीबी) का अनुमान 6.5 प्रतिशत है और 2026-27 के लिए 6.7 फीसदी है। पिछले महीने जारी वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में विश्व बैंक ने कहा था कि अनिश्चितताओं के कारण निर्यात पर बने दबाव के बाद भी भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। ग्लोबल क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज ने इस साल छह मई को जारी अपनी रिपोर्ट में 2025 में भारत की जीडीपी की विकास दर 6.3 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिकी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने जून में जारी एशिया-पैसिफिक इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि भारत में घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है, जिससे अर्थव्यवस्था को वैश्विक चुनौतियों के बाद भी गति मिल रही है। एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 में आर्थिक विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया था। अमेरिका ने जिस व्यापार घाटा का हवाला देते हुए भारतीय आयातों पर 25 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की है, उसकी हकीकत भी आंकड़े में कुछ और है। भारत के साथ अमेरिका का व्यापार घाटा केवल 41 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो चीन के साथ 270 अरब डॉलर व वियतनाम जैसे छोटे देश के 113 अरब डॉलर से बहुत कम है। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के विश्लेषण के अनुसार 25 प्रतिशत शुल्क दवा, मुख्य रसायन, ऊर्जा उत्पाद और इलेक्ट्रॉनिक जैसे क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा। ट्रंप शुल्क का भारत पर खास असर इसलिए भी नहीं पड़ेगा, क्योंकि भारत के कुल निर्यात का बड़ा हिस्सा पहले ही अमेरिकी सरकार की तरफ से 'सेक्शन 232' के तहत दी जाने वाली छूट के दायरे में आता है। ऐसे में उन उत्पादों पर बढ़ा हुआ शुल्क लागू नहीं होगा।

## विविध बाजार विकल्प अपनाएं

भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाले डीजल और विमान ईंधन उत्पादों को भी आयात शुल्क से छूट प्राप्त है। इसलिए भारत को बिल्कुल नहीं झुकना चाहिए। भारत के सामने ब्रिटेन, यूरोप, मध्य-पूर्व एशिया, खाड़ी देश, रूस, अफ्रीकी देश, पूर्वी एशिया के बाजार के विकल्प खुले हैं। भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती घरेलू खपत से है, निर्यात से नहीं। अमेरिका के बुरे बर्ताव को भारत को अवसर के रूप में लेना चाहिए और विविध बाजार विकल्पों को अपना कर आर्थिक राष्ट्रवाद को मजबूत करना चाहिए। अमेरिकी दबाव में भारत को कृषि, खाद्यान्न व डेयरी क्षेत्र कतई नहीं खोलना चाहिए। अमेरिका की अनुचित मांगों को मानने की जरूरत नहीं है। ट्रेड डील के जरिये अमेरिका भारत को अपने कृषि व डेयरी उत्पादों का डंपिंग ग्राउंड बनाना चाहता है। जैसे उसने मैक्सिको व हैती को बनाया था। भारत को अपनी शर्तों पर अड़े रहना चाहिए।

# ज़िंदगी लाइव





## 250 से अधिक प्रतिभागियों ने 3 घंटे की प्रस्तुति में दिखाई ऑपरेशन सिंदूर की शौर्य गाथा

रवीन्द्र भवन में विविधा कला अकादमी के वार्षिकोत्सव 'भारत वीरों की भूमि' की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कश्मीर की सुंदर घाटी में पहलगाम हत्याकांड की साजिश ने पूरे देश को झंकझौर कर रख दिया था और इसी के फलस्वरूप भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के रूप में अपना बदला लिया, जिसमें भारत के वीर जवानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश की माटी की रक्षा की और मातृभूमि के प्रति अपने कर्त्वय की परीक्षा भी दी। ऑपरेशन सिंदूर की इसी विजय गाथा को विभिन्न नृत्य शैलियों के रूप में सजाकर प्रस्तुत किया। विविधा कला एवं सांस्कृतिक अकादमी के करीब 250 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रस्तुति दी। जिसमें तीन वर्ष से लेकर 50 वर्ष तक की महिलाओं ने करीब तीन घंटे तक की प्रस्तुति 'भारत वीरों की भूमि' ने समा को बांधे रखा।



### झांसी की रानी के बलिदान के साथ नजर आई भगत सिंह की शहादत

इस प्रस्तुति में स्वतंत्रता पूर्व के सैनानियों से लेकर वर्तमान तक सैनिक दलों के झुंड को बड़े ही मनभावन ढंग से मंच पर प्रस्तुत किया, जिमसें जहां एक ओर झांसी की रानी की वीरता का रंग नजर आया तो वहीं शहीद भगत सिंह और सुखदेव को भी दर्शकों ने सराहा। नृत्य नाटिका की निर्देशिका अभिलाषा तिवारी ने कहा कि हम करीब दो माह से इस परफार्मेंस की तैारी कर रहे है, जिसमें हमारे बच्चों ने अपनी जी जान लगाकर प्रस्तुति को सुंदर रूप में मंच पर दर्शाया। प्रस्तुति में भारत हमको जान से प्यार है.... , मेरे देश की धरती..., ऐ वतन ऐ वतन... के रूप में अपनी प्रस्तुति से समा को बांधे रखा।

चार दिवसीय समारोह के दूसरे दिन हुई सारंग फगरे और पं. विनोद मिश्रा की संगीतमय प्रस्तुति

## सुर और भक्ति के संगम में मधुरता संग भाव की गहराई ने श्रोताओं को भक्ति रस में किया सराबोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत भवन के अंतरंग सभागार में शनिवार की संध्या एक बार फिर भक्ति और संगीत के मधुर मिलन की साक्षी बनी। संतवाणी समारोह के दूसरे दिन की संगीत सभा में श्रोताओं ने संत कवियों की वाणी को सुरों की सौम्यता में डूबकर सुना और आत्मा को गहराई से छूने वाला अनुभव प्राप्त किया। संगीत केन्द्र अनहद की ओर से संयोजित समारोह संत परंपरा के कालजयी पदों को मंच पर जीवंत करने का अनूठा प्रयास है। कार्यक्रम की शुरुआत युवा संगीत साधक सारंग फगरे की भक्ति पूर्ण प्रस्तुति से हुई। उन्होंने संत सूरदास के एक प्रसिद्ध पद गिरिधर ब्रिजधर मुरलीधर धरणीधर माधो पीताम्बर धर... से अपने गायन का शुभारंभ किया। सूरदास के पदों के बाद सारंग ने कबीर परंपरा का भजन ज्ञानी गुरु पैयां लागू... प्रस्तुत किया, जिसमें आत्मबोध, गुरु महिमा और निर्गुण भक्ति का गूढ़ संदेश मुखर हुआ।



संत परंपरा के कालजयी पदों को मंच पर जीवंत करने का अनूठा प्रयास

### पं. विनोद की भक्ति संगीत में झलकी संत वाणी

अगले क्रम में पं. विनोद मिश्रा ने भक्ति संगीत की प्रस्तुति दी। पं. मिश्रा ने गोस्वामी तुलसीदास के भजन जानकी नाथ सहाय करें... से की। इस भजन में अयोध्या के राजा श्रीराम की करुणा, शक्ति और कृपा की अभिव्यक्ति भावपूर्ण गायन के माध्यम से सामने आई। इसके बाद उन्होंने कबीर की निर्गुण भक्ति पर आधारित रचना मन लागो मेरो यार फकीरी में...की प्रस्तुत दी, जो सांसारिक मोह से परे आत्मा की साधना को समर्पित थी। मीरा बाई के प्रेम और समर्पण से परिपूर्ण भजन हे वनवारी कृष्ण मुरारी... को उन्होंने अपनी भावमयी आवाज में प्रस्तुत कर श्रोताओं को भक्तिरस में डुबो दिया।

## 'प्रेगनेंसी एक डिजीज है'... इसी मिथक को तोड़ने मैंने अपनी प्रेगनेंसी के दौरान सात शहरों में किया जुम्बा

हरिभूमि चर्चा

फिटब्लिस फिटनेस सेंटर में आई प्रसिद्ध महिला प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य कोच, सेलिब्रिटी जुम्बा ट्रेनर सुचेता पाल ने बताए अपने अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारे देश में प्रेगनेंसी को एक डिजीज की तरह देखा जाता है, कई सारे प्रतिबंध एक प्रेग्नेंट महिला के ऊपर लादे जाते हैं कि वजन नहीं उठाना, तेज नहीं चलना और डांस तो बहुत दूर की बात है और मैं लोगों के इस मिथ को ही तोड़ना चाहती थी। इसीलिए मैंने अपनी प्रेगनेंसी के दौरान जुंबा किया और सिर्फ अपने शहर में ही नहीं, बल्कि 7 शहरों में मैंने जुंबा किया। इसमें मैं सिर्फ एक ही संदेश देना चाहती थी की प्रेगनेंसी कोई डिजीज नहीं है, बल्कि यह जीवन का बहुत अच्छा मोमेंट है, जिसको खुलकर इंजॉय करना चाहिए... यह कहना है प्रसिद्ध महिला प्रसव पूर्व और प्रसवोत्तर स्वास्थ्य कोच, सेलिब्रिटी जुम्बा ट्रेनर सुचेता पाल का जो शनिवार को फिटब्लिस फिटनेस सेंटर में जुंबा सेशन लेने आईं और हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े हुए अनुभव साझा किए।

### प्रसव के बाद कोर और पेल्विक फ्लोर व्यायाम पर आधारित मॉम.बॉड.स्ट्रॉन्ग



सुचेता द्वारा शुरू किए गए मॉम.बॉड.स्ट्रॉन्ग के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत की अपनी तरह की पहली प्रसवोत्तर स्वास्थ्य मार्गदर्शिका है, जो महिलाओं को प्रसव के बाद अपने शरीर को धीरे-धीरे और सुरक्षित रूप से ठीक करने में मदद करती है। इसमें महिलाओं के लिए बच्चे के जन्म के बार बेडोल शरीर को सुडोल बनाने के तरीकों खासकर कोर और पेल्विक फ्लोर व्यायाम का छ सप्ताह की ट्रेनिंग कोर्स शामिल है। सुचेता ने कहा कि मैंने प्रेगनेंसी के दौरान जुम्बा किया, लेकिन डॉक्टर की विशेष निगरानी में, इसके द्वारा मैंने दूसरी प्रेग्नेंट महिलाओं को मोटिवेट किया कि वह भी प्रॉपर केयर के साथ प्रेगनेंसी के दौरान जुम्बा कर सकती हैं।

### इंजीनियर बैकग्राउंड की हूं, लेकिन फिटनेस के साथ डांस में भी रहा रुझान

सुचेता ने कहा कि वैसे तो मैं इंजीनियर बनना चाहती थी, लेकिन इसके साथ-साथ मेरा फिटनेस और डांस में भी काफी रुझान रहा और जब आगे चलकर फिटनेस और डांस में मैंने कुछ नाम कमाया तो लगा कि इसी फील्ड में जाना चाहिए, क्योंकि मुझे लगता है कि आपको काम वो करना चाहिए, जिसमें आपका दिल खुश हो, मेरा दिल डांस और जुम्बा से खुश होता है। बस यह रहा कि मेरे करियर के इस महत्तवपूर्ण निर्णय में मेरे पैरेंट्स का बहुत योगदान है, जिन्होंने हमेशा मुझे मोटिवेट किया।

### क्यों छिपाने है प्रेगनेंसी मार्क्स और मम्मा पाउच?

उन्होंने कहा कि आजकल महिलाओं को एक ही चिंता है कि आफ्टर डिलीवरी प्रेगनेंसी मार्कस खासकर माम्मा पाउच कैसे छिपाएं, लेकिन मैं कहती हूं कि प्रेगनेंसी मार्क्स क्यों छिपाने है। क्योंकि हमें मॉर्क्स छिपाने नहीं, बल्कि उन्हें हील करना है।

हिंदी भवन में 30वां पावस व्याख्यानमाला शुरू

## देश में भाषायी विरोध न सिर्फ अपराध है, बल्कि यह असंवैधानिक भी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यदि हम हिंदी को उचित स्थान दिलाना चाहते हैं तो भारतीय भाषाओं के बीच आपसी सौहार्द्र पैदा करना होगा। हम बोलियों को उपेक्षा कर हिंदी का भला नहीं कर सकते। देश में भाषायी विरोध न सिर्फ अपराध है, बल्कि यह असंवैधानिक भी है। इस प्रवृत्ति का तीव्र विरोध किया जाना चाहिए। शनिवार को हिंदी भवन में मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के सारस्वत आयोजन पावस व्याख्यानमाला का शुभारंभ हुआ।



समिति का यह 30वां व्याख्यान माला है। समिति के मंत्री संचालक कैलाशचंद्र पंत की उपस्थिति में उद्घाटन वक्तव्य देते हुए समिति के नवागत अध्यक्ष न्यायमूर्ति डीएम धर्माधिकारी ने कहा कि गैर हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी का विरोध राजनीतिक कारणों से हो रहा है।

'राग यमन' और 'राग भीमपलासी' की सधी हुई बंदिशों पर गूंजी शहनाई की स्वर लहरियां

## सावन मेले में शहनाई की गूंज ने बढ़ाया उत्सव का उल्लास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में मप्र हस्तशिल्प एवं हाथकरघा विकास निगम की ओर से आयोजित सावन मेले में शनिवार की शाम सांस्कृतिक रंग में रंगी नजर आई। अवसर था शहनाई वादन की विशेष प्रस्तुति का, जहां प्रसिद्ध शहनाई वादक कल्लू राव और जीवन राव की जोड़ी ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

शाम होते ही जैसे ही शहनाई की मधुर तान गूंजी, मेले का माहौल एकाएक संगीतमय हो उठा। 'राग यमन' और 'राग भीमपलासी' की सधी हुई बंदिशों के साथ जब दोनों कलाकारों ने शहनाई की स्वर लहरियों को हवा में घोला, तो खरीदारी में व्यस्त लोग भी कुछ पल ठिठककर इस सांगीतिक अनुभव में डूब गए। कल्लू राव और जीवन राव की जुगलबंदी ने श्रोताओं को परंपरागत भारतीय संगीत की गहराई से रुबरु कराया। वहीं सावन मेले में दिनभर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। विभिन्न स्टॉलों पर सावन से जुड़े परिधानों, परंपरागत आभूषणों, घरेलू सजावट की वस्तुओं और हस्तशिल्प सामग्रियों की खरीदारी करते लोगों में खासा उत्साह नजर आया।



## राष्ट्रीय संगोष्ठियों में हुआ वैचारिक मंथन

### वनमाली सृजन केंद्रों के राष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सर्वप्रथम 'विश्व रंग अतंरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड स्वरूप और परिकल्पना' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी संतोष चौबे की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उल्लेखनीय है कि मॉरीशस में विश्व रंग के भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन के अवसर पर संतोष चौबे ने हिंदी के वैश्विक विस्तार के लिए 'विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2025' की घोषणा की थी। चौबे ने इस अवसर पर विश्व रंग फाउंडेशन (भारत), रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (भारत) एवं वनमाली सृजन पीठ (भारत) द्वारा



पचास से अधिक देशों में 14 सितंबर हिंदी दिवस से 30 सितंबर अंतरराष्ट्रीय अनुवाद दिवस तक आयोजित होने जा रहे विश्व रंग अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड–2025 के विषय में विस्तार से जानकारी दी।

मायाराम सुरजन भवन में आयोजित की साहित्यिक संध्या

## काव्य-पुस्तक 'और इन सबके बीच' पर एक गंभीर और सजीव परिचर्चा



**भोपाल।** मायाराम सुरजन भवन में आयोजित एक प्रेरणादायक साहित्यिक संध्या में लेखिका और कवयित्री नेहल शाह की नवीनतम काव्य-पुस्तक 'और इन सबके बीच' पर एक गंभीर और सजीव परिचर्चा हुई। परिचर्चा की शुरुआत में डॉ. अरुणाभ सौरभ ने नेहल की कविता 'कर्ज, गेहूं और शव' का हवाला देते हुए कहा कि यह रचना समाज के महत्वपूर्ण साइकोसोशल पहलुओं को प्रभावी ढंग से उभारती है। निरंजन श्रोत्रिय ने नेहल की कविताओं में अंतर्निहित स्त्री-विमर्श की गहराई को रेखांकित किया।

मानस भवन में संस्कार सुधा फाउंडेशन ने किया आयोजन

## फैशन शो और नृत्य की मनभावन छटा से सजा सतरंगी सावन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

संस्कार सुधा फाउंडेशन द्वारा मानस भवन में दो दिवसीय सतरंगी सावन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। लाइफस्टाइल एवं फूड एग्जीबिशन के साथ इस कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फेशन शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहर की महिलाओं ने शिरकत की।

शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में करीब 15 महिलाओं के ग्रुप ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। इसके साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गीत और नृत्य की प्रस्तुति खास रही। कार्यक्रम की एक ओर कड़ी के रूप में लाइफस्टाइल एग्जीबिशन का भी आयोजन किया गया, जिसमें करीब 20 स्टॉल पर महिलाओं ने होम डेकोरेटिव और महिलाओं के प्रोडक्ट्स को एग्जीबिट किया। संस्कार सुधा की फाउंडर सोनू अग्रवाल ने बताया कि बिगत चार वर्षों से सतरंगी सावन का सफल आयोजन संस्कार सुधा यूथ फाउंडेशन की अध्यक्ष यशस्वी अग्रवाल के नेतृत्व में किया जा रहा है।





### पेंटिंग करने की अपनी हॉबी को बना लिया खास प्रोफेशन

सतरंगी सावन में सीहोर से आईं सोनाली साहू ने कहा कि मुझे शुरू से ही कुछ न कुछ करना था और पेंटिंग मेरी हॉबी थी, इसलिए मुझे लगा कि इसे मैं प्रोफेशन बना सकती हूं। इसलिए मैंने ऐक्रेलिक ऑन कैनवास के साथ-साथ मिरर वर्क के रूप में आर्टिस्टिक पेंटिंग बनानी शुरू की, जिसमें मेरी ऑनलाइन माध्यम से तो पेंटिंग सेलआउट होती ही है, साथ ही मुझे कई ऑडर ऐसे ही घर बैठे भी मिल जाते है, जिमसें ज्यादातर कस्टमाइज ऑडर्र ज्यादा होते हैं।

### डॉ. एनआर भंडारी की पोती सोनल ने दादा और पिता की मृत्यु के बाद लॉन्च किया खुद का ब्रांड

हमीदिया हॉस्पिटल के अधीक्षक रह चुके भोपाल के प्रसिद्ध डॉ. स्व. एन आर भंडारी की पोती सोनल भंडारी रेजिन के बेग्स की ढेरों वैरायटीज या तो खुद तैयार करती हैं या बाहर से इम्पोर्ट कराती हैं और फिर उन्हें ऑनलाइन माध्यम से सेलआउट करती हैं। सोनल कहती हैं कि जब कोरोना काल में मेरे दादा चल बसे और उसके कुछ दिनों बाद पापा भी नहीं रहे तो मुझे लगा कि मुझे वापस भोपाल आना है और यहीं रहकर कुछ करना है, फिर बस मैंने अपना खुद का ब्रांड बनाया और रेजिन कल्चर एंड आर्ट को लांच किया।, जिसमें सेलिब्रिटी स्टाइल डिजाइनर बेग्स को ऑनलाइन और ऑफ लाइन अवेलेबल कराती हूं, जहां मार्केट में ब्रांडेड बेग्स की प्राइज चार से पांच लाख होती है, तो उन्हें मैं चार से पांच हजार में उपलब्ध कराती हूं।



## कृषि कानून पर राहुल का खेल जेटली के बेटे ने खोली 'पोल'

# रोहन ने कहा- मेरे पिता किसी को नहीं धमकाते थे, वे तो थे ही नहीं?

रोहन जेटली ने कहा- राहुल गांधी का दावा है कि कृषि कानूनों को लेकर मेरे पिता ने धमकाया, लेकिन कृषि कानून 2020 में लाए गए और 2019 में ही मेरे पिता का देहांत हो गया था। राहुल पूरी जानकारी रखकर नहीं बोलते। यह काफी दुखद है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता रहे स्व.अरुण जेटली को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कुछ आरोप लगाए हैं। राहुल के आरोपों पर अब अरुण जेटली के बेटे रोहन जेटली ने दो टूक बता कही है। रोहन ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'राहुल का दावा है कि कृषि कानूनों को लेकर मेरे पिता ने उन्हें धमकाया, लेकिन कृषि कानून 2020 में लाए गए और 2019 में ही मेरे पिता का देहांत हो गया था।

**पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता रहे अरुण जेटली को घसीटा**

## नेता प्रतिपक्ष की गलत बयानबाजी पर रोहन जेटली की दो टूक


अरुण जेटली


रोहन जेटली

### वे आम सहमति बनाने में विश्वास रखते थे

रोहन ने सोशल मीडिया पर लिखा कि राहुल दावा कर रहे हैं कि मेरे दिवंगत पिता अरुण जेटली ने उन्हें कृषि कानूनों को लेकर धमकाया था। मैं उन्हें याद दिला दूं कि मेरे पिता का देहांत 2019 में हुआ था। कृषि कानून 2020 में पेश किए गए थे। अहम बात यह है कि मेरे पिता के स्वभाव में किसी को भी धमकाना नहीं था। वे एक कट्टर लोकतांत्रिक व्यक्ति थे। हमेशा आम सहमति बनाने में विश्वास रखते थे। वे सभी के लिए एक पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर पहुंचने के लिए स्वतंत्र और खुली चर्चा का आह्वान करते थे।

**जो नहीं रहे उनके बारे में बोलने पर सचेत रहें राहुल**

मैं राहुल की सराहना करूंगा कि अगर वे उन लोगों के बारे में बोलते समय सचेत रहें जो हमारे साथ नहीं हैं। उन्होंने मनोहर पर्रिकरके लिए भी कुछ ऐसा ही करने की कोशिश की, उनके अंतिम दिनों का राजनीतिकरण किया, वह भी बेहद ही घटिया था।

### राहुल ने किया था दावा- धमकी दी थी

वार्षिक कानूनी सम्मेलन-2025 में बोलते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल ने कहा कि 'मुझे याद है जब मैं कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ रहा था, तो अरुण जेटली को मुझे धमकाने के लिए भेजा गया था। उन्होंने मुझसे कहा था कि अगर आप सरकार का विरोध करते रहे, कृषि कानूनों के खिलाफ लड़ते रहे, हमें तुम्हारे खिलाफ कार्रवाई करनी पड़ेगी। मैंने उनकी तरफ देखा और कहा कि मुझे नहीं लगता कि आपको पता है कि आप किससे बात कर रहे हो?



**भाजपा के अनुराग का हमला**

### 2019 में मौत, 2020 में राहुल से कैसे मिले?

राहुल गांधी के बयान पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल हर दिन एक नया झूठ और एक नया प्रचार लेकर आते हैं। मैं राहुल को याद दिलाना चाहता हूं कि अरुण जेटली का निधन 24 अगस्त 2019 को हुआ था और कृषि कानून क्रमशः 17 सितंबर 2020 और 20 सितंबर 2020 को लोकसभा और राज्यसभा में पारित हुए थे। जब विधेयक आया, तब तक अरुण जेटली का निधन हो चुका था। अनुराग ने कहा कि राहुल को अरुण जेटली के परिवार, भाजपा और पूरे देश से माफ़ी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल को बताना चाहिए जब जेटली जी इस दुनिया में थे ही नहीं तो कैसे उनसे मिले और कब उन्हें धमकी दी?



**खबर संक्षेप**

### नीट पीजी आज, एडमिट कार्ड के बिना नो एंट्री

**नई दिल्ली।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज 3 अगस्त को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा स्नातकोत्तर यानी नीट पीजी 2025 का आयोजन करेगा। ये परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होकर 1:45 बजे तक एक ही पाली में आयोजित की जाएगी। छात्र एक घंटा पहले पहुंचें। एडमिट कार्ड होना जरूरी है।



### जिम में वर्कआॅउट के दौरान अचानक मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पिंपरी चिंचवड कस्बे में एक 37 साल के शख्स की जिम में वर्कआउट के दौरान अचानक मौत हो गई। वह पानी पीने के लिए बैठ रहा था, तभी बेसुध होकर गिर गया। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, तब तक उसकी मौत हो गई। इसका सीसीटीवी फुटेज अब तेजी से वायरल हो रहा है।



### वाड्रा की बढ़ी मुश्किलें 28 अगस्त को पेशी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा समेत अन्य आरोपियों को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में नोटिस जारी किया है। अदालत ने इस मामले की सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तारीख तय की है। यह नोटिस प्री-कॉग्निजेंस (पूर्व संज्ञान) चरण में प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनना है।



### 51 साल के फेमस एक्टर कलाभवन की मौत

**चेन्नई।** मलयालम फिल्म इंडस्ट्री में इस समय मातम पसरा हुआ है। फिल्म इंडस्ट्री के फेमस मिमिक्री आर्टिस्ट और एक्टर कलाभवन नवस की मौत हो गई है। इस खबर के सामने आने के बाद से इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है।बताया जा रहा है कि 51 साल के नवस को केरल के चोट्टानिकारा स्थित एक होटल में अचेत अवस्था में पाया गया था।



### 16 अगस्त से खुलेगा अमृत उद्यान

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन स्थित प्रसिद्ध अमृत उद्यान 16 अगस्त से 14 सितंबर तक जनता के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय ने शनिवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी। इस अवधि के दौरान उद्यान प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहेगा। वहां के आदेश के अनुसार लोगों का अंतिम प्रवेश शाम सवा पांच बजे होगा।



## पटना के कार्यक्रम में रक्षा मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष को लिया आड़े हाथ

**राजनाथ ने कांग्रेस नेता को दी चुनौती**

# राहुल के पास अगर सबूतों का एटम बम है तो देर न करें, वे उसे तुरंत ही फोड़ दें


उन्होंने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो 'एटम बम' की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को छिपने की जगह नहीं मिलेगी। इसी पर राजनाथ ने ललकारा

एजेंसी ▶▶ पटना/नई दिल्ली

इन दिनों विपक्षी दल लगातार चुनाव आयोग पर निशाना साध रहे हैं। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी वोटों की चोरी का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि निर्वाचन आयोग बिहार में 'वोट चोरी' में शामिल है और इस बारे में उनके पास ऐसा पुख्ता सबूत है, जो 'एटम बम' की तरह है, जिसके फटने पर आयोग को कहीं छिपने की जगह नहीं मिलेगी। उनके इसी बयान का जवाब शनिवार को पटना में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल के पास सबूतों का एटम बम है तो उन्हें तुरंत इसे फोड़ देना चाहिए। पटना में एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने यह बात कही। राजनाथ ने चुनाव आयोग पर निशाना साधने के लिए राहुल की आलोचना की। राजनाथ ने आगामी विधानसभा चुनावों की तुलना एक चौराहे से की, जिसमें एक रास्ता (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत) आगे की प्रगति की ओर ले जाता है और दूसरा ('इंडिया' गठबंधन के तहत) बिहार को अराजकता और जाति संघर्ष के पुराने दौर में वापस ले जाता है।

**सीएम नीतीश राज्य को पटरी पर लाए**

### राजग और 'इंडिया' गठबंधन को बताया चौराहे के अलग-अलग रास्ते



### संसद में भूकंप की बात बेकार साबित हो गई

राजनाथ ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल उन्हें बस यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे खुद खतरे से दूर रहें। सिंह ने कहा कि देश को राहुल के पिछले बयानों की याद है। रक्षा मंत्री ने कहा कि राहुल ने संसद में भूकंप आने की धमकी दी थी, लेकिन जब उन्होंने अपनी बात रखी, तो वह एक बेकार बात साबित हुई।

**नीतीश की तारीफ की**

राजनाथ ने बिहार में 20 साल के शासन के दौरान राज्य को पटरी पर लाने में मदद करने के लिए गठबंधन सहयोगी नीतीश कुमार की भी प्रशंसा की। सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार अब बदहाल नहीं रहा। 'द इकोनॉमिस्ट' जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित पत्रिका, जिसने कभी इस राज्य को भारत का पिछलग्गू बताया था, अब इसके बदलाव का जिक्र कर रही है।

### चुनाव आयोग निर्विवाद ईमानदार कांग्रेस के हाथ खून से रंगे

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत का चुनाव आयोग एक ऐसी संस्था है, जो निर्विवाद ईमानदारी के लिए सम्मानित है। राजनाथ ने कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता को किसी संवैधानिक संस्था के बारे में निम्न स्तर की बयानबाजी करना शोभा नहीं देता। सिंह ने कांग्रेस नेता को याद दिलाया कि उनकी अपनी पार्टी के हाथ खून से रंगे हैं, जिन्होंने 1975 में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने की कोशिश की थी।

**तेजस्वी के आरोप को चुनाव आयोग ने नकारा**

### वे ड्राफ्ट मतदाता सूची में 416 पर देखें

राजद नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि मेरा नाम मतदाता सूची में नहीं है। निर्वाचन आयोग ने तुरंत ही तेजस्वी के दावों को सिरे से खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि उनका नाम मतदाता सूची प्रारूप में है। आयोग ने एक मतदान केंद्र की सूची जारी की, जिसमें तेजस्वी का नाम 416वें नंबर पर उनकी तस्वीर के साथ मौजूद है। राजद नेता का दावा झूठा और तथ्यात्मक रूप से गलत है। आयोग ने यह भी बताया कि 1 अगस्त तक सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाने के लिए शून्य दावे और आपत्तियां दायर की हैं।




**बीएलओ का वेतन दोगुना बढ़ाया**

निर्वाचन आयोग ने कर्मचारियों के लिए बड़ी सौगात का ऐलान किया। आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया गया है। ईआरओ और एईआरओ को भी मानदेय देने का फैसला किया है। मतदाता सूची तंत्र में निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी , सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी , बीएलओ पर्यवेक्षक और बूथ स्तरीय अधिकारी की भूमिका अहम होती है।

### पटना डीएम ने तेजस्वी के दावों को किया खारिज एपिक नंबर में कोई बदलाव नहीं

पटना के जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने नेता प्रतिपक्ष के वोटर लिस्ट में नाम को लेकर चल रही चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि तेजस्वी का नाम जिस बूथ पर पहले था, आज भी उसी बूथ पर कायम है। एपिक नंबर में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### पार्टियां राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश कर रहीं: ललन



**कोलकाता।** केंद्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने शनिवार को कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) केंद्र सरकार की तरफ से नहीं, बल्कि पूरी तरह से चुनाव आयोग की तरफ से किया जा रहा है। कोलकाता में पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार के मत्स्य अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर इस प्रक्रिया का राजनीतिक फायदा उठाने का आरोप लगाया।

### तेजस्वी बोले- मेरा नाम कटा



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल सुप्रीमो लालू यादव के बेटे तेजस्वी ने पटना में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 20 से 30 हजार नाम हटाए गए हैं। कुल मिलाकर लगभग 65 लाख यानी लगभग 8.5फीसदी मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए हैं। चुनाव आयोग जब भी कोई विज्ञापन जारी करता था तो उसमें लिखा होता था कि इतने लोग स्थानांतरित हो गए हैं, इतने लोगों की मृत्यु हो गई है, इतने लोगों के नाम डुप्लीकेट हैं। अब चुनाव आयोग ने हमें जो सूची उपलब्ध कराई है, उसमें उन्होंने बड़ी चालाकी से किसी भी मतदाता का पता, बूथ संख्या और ईपीआईसी नंबर नहीं दिया है, ताकि हम यह पता न लगा सकें कि किन लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

### आयोग का यह रवैया लोकतंत्र के लिए खतरनाक

तेजस्वी ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई और कहा कि वह चुनाव आयोग को आदेश दे कि किस बूथ पर किन किन लोगों का नाम काटा गया है? इसकी सूची जारी की जाए। साथ ही चुनाव आयोग से स्पष्टीकरण भी मांगा जाए। उन्होंने संवैधानिक संस्था पर तानाशाही का आरोप लगाया और कहा कि इसने न तो विपक्ष की शिकायतों और सुझावों पर और न ही सर्वोच्च न्यायालय के सुझावों पर कोई ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि आयोग का यह रवैया लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। इस व्यवस्था में निष्पक्ष चुनाव कैसे होगा? यह सोचने वाली बात है।

**राहुल बोले**

### भारत में इलेक्शन सिस्टम खत्म हो चुका

कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी एक बार फिर लोकसभा चुनाव 2024 में धांधली की बात दोहराई और दावा किया कि उनके पास इसके सबूत हैं। शनिवार को उन्होंने कहा कि भारत में इलेक्शन सिस्टम की पहले ही मौत हो चुकी है।

**फडणवीस का राज ठाकरे के बयान पर पलटवार**

## जो अर्बन नक्सल जैसा बर्ताव और कानून विरोधी 'काम' करेगा, वह तो जेल जाएगा

**स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल को लेकर सियासी बहस**

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र में पेश किए गए स्पेशल पब्लिक सिक्योरिटी बिल को लेकर सियासी बहस तेज हो गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे ने इस कानून पर सवाल उठाए, जिसके जवाब में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने साफ शब्दों में कहा कि यह कानून 'राज ठाकरे जैसे लोगों के लिए नहीं' है, बल्कि उनके लिए है जो 'अर्बन नक्सल' जैसे बर्ताव करते हैं। जो संविधानिक व्यवस्था को कमजोर करेगा, कार्रवाई तय है।

### देश विरोधी सोच पर होगी कार्रवाई



फडणवीस ने कहा कि इस कानून का उद्देश्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कुचलना नहीं है, बल्कि उन संगठनों और लोगों के खिलाफ कार्रवाई करना है जो 'शहरी नक्सल' की सोच से समाज को गुमराह करते हैं। उन्होंने कहा कि किसी को भी सरकार की आलोचना करने से नहीं रोका जाएगा, लेकिन यदि कोई सरकार गिराने या हिंसा फैलाने की कोशिश करेगा तो कानून अपना काम करेगा।

**विपक्ष और विशेषज्ञों ने अभिव्यक्ति पर खतरा बताया**

विपक्षी दल और मानवाधिकार कार्यकर्ता इस कानून को अभिव्यक्ति की आजादी और लोकतंत्र पर हमला बता रहे हैं। कानून में कई धाराएं इतनी व्यापक हैं कि किसी भी बयान, लेख या विचार को 'अवैध गतिविधि' करार दिया जा सकता है।



### फर्जी एनकाउंटर केस में 5 पुलिसवाले दोषी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली में विशेष अदालत ने 1993 में हुए एक फर्जी एनकाउंटर के मामले में 5 पूर्व पुलिस अधिकारियों को दोषी ठहराया है। इस मामले में तरन तारन जिले के 7 लोगों की हत्या हुई थी। अदालत ने इन्हें आपराधिक साजिश, हत्या और सबूत मिटाने का दोषी पाया है। सजा का ऐलान 4 अगस्त को होगा। इसमें एसएसपी रिटायर्ड डीएसपी भी शामिल हैं।

**भाजपा विधायक हार्दिक के बागी सुर!**

**भूमिपूजन के बाद काम रुक गया**

## गुजरात मुख्यमंत्री को लिखा पत्र- मेरी बात नहीं सुनी गई तो करूंगा आंदोलन

एजेंसी ▶▶ जयपुर

गुजरात की विरमगाम विधानसभा से भाजपा विधायक हार्दिक पटेल ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को पत्र लिखकर कहा है कि सात महीने पहले विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ था, लेकिन अब तक एक प्रतिशत काम भी शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि लोग परेशान हैं और जनप्रतिनिधि के नाते उन्हें लोगों के साथ उपवास आंदोलन में शामिल होना पड़ेगा। हार्दिक पटेल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर विरमगाम शहर में ओवरफ्लो हो रही सीवर लाइन और लोगों के घरों में आ रहे गंदे पानी की समस्या का स्थायी समाधान करने की अपील की। उन्होंने भाजपा शासित विरमगाम नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि उन्हें अब उपवास आंदोलन में शामिल होना पड़ सकता है।



### नगरपालिका विकास कार्य नहीं कर रही

पाटीदार अनामत आंदोलन के समय से सुर्खियों में आए हार्दिक पटेल अब विरमगाम विधानसभा से भाजपा विधायक हैं। हालांकि कई बार जनता के मुद्दों पर वह अपनी ही सरकार को कठघरे में खड़ा कर चुके हैं। उन्होंने पत्र में लिखा कि नगरपालिका द्वारा जो कार्य होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। विकास कार्यों के टेंडर तो हो चुके हैं लेकिन ठेकेदार द्वारा कोई काम नहीं किया जा रहा है।

**सीएम सैनी ने गिल को शामिल कराया**

## भाजपा ज्वॉइन करते ही नेता के घर पर एजेंसी का छापा

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंजाब में रणजीत सिंह गिल के भाजपा में शामिल होने के कुछ ही घंटे बाद विजिलेंस ब्यूरो ने शनिवार सुबह चंडीगढ़ में उनके घर और खरड़ से उनके कॉर्पोरेट दफ्तर पर छापा मार दिया। रणजीत सिंह गिल शिरोमणि अकाली दल में थे और उन्होंने शुक्रवार रात को ही पार्टी छोड़कर भाजपा का दामन थामा था। भाजपा गिल के खिलाफ विजिलेंस ब्यूरो के द्वारा की गई इस कार्रवाई की कड़ी निंदा की है और कहा है कि पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार राजनीतिक बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है।पंजाब में भाजपा के अलावा कांग्रेस भी भगवंत मान सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाती है। गिल को शुक्रवार रात को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ स्थित अपने आधिकारिक आवास पर भाजपा में शामिल कराया था।



**पुणे में भड़की सांप्रदायिक हिंसा पर सख्त कार्रवाई**

## 500 लोगों पर केस दर्ज, 17 गिरफ्तार और धारा 163 लागू

एजेंसी ▶▶ पुणे

जिले के दौंड तहसील स्थित यावत गांव में शुक्रवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट के चलते भड़की सांप्रदायिक हिंसा के मामले में पुलिस ने अब तक 500 से अधिक लोगों के खिलाफ 5 एफआईआर दर्ज की हैं। हिंसा और आगजनी की घटनाओं के सिलसिले में 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि आपत्तिजनक पोस्ट डालने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार दोपहर एक युवक द्वारा सोशल मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के बाद गांव में सांप्रदायिक तनाव फैल गया। इससे गुस्साए लोगों ने हिंसा करते हुए वाहनों और संपत्तियों को आग के हवाले कर दिया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने और लाठीचार्ज करना पड़ा।

### पुलिस ने शांति बनाने के लिए चौकसी और तैनाती बढ़ाई



**उपद्रवियों ने कई संपत्तियों में लगाई आग**

उपद्रवियों ने एक बाइक, 2 कारें, 1 धार्मिक ढांचा और 1 बेकरी को नुकसान पहुंचाया और उनमें आग लगा दी। पुलिस ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए स्थिति पर नियंत्रण पाया और गांव में शांति बहाल की गई। पुलिस ने बताया कि जिस युवक ने धार्मिक भावना को आहत करने वाली पोस्ट डाली थी, उसके खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है।

**100 से अधिक की पहचान की**

यावत थाने के एक अधिकारी ने बताया कि अब तक हिंसा से जुड़े पांच मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें से 4 केस 500 से अधिक लोगों के खिलाफ दर्ज हैं जो हिंसा, आगजनी और संपत्ति नुकसान में शामिल थे। इनमें से 100 से अधिक की पहचान हो चुकी है और 17 को हिरासत में लिया गया है।

### निषेधाज्ञा लगी और एसआरपीएफ तैनात

पुणे के पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह गिल ने बताया कि पूर्व नियोजित साजिश के संकेत नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि गांव में स्थिति अब नियंत्रण में है। बड़ी संख्या में पुलिस बल और राज्य आरक्षित पुलिस बल (एसआरपीएफ) की तैनाती की गई है। बीएनएस की धारा 144 और बीएनएसएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गणेश बिरादार ने कहा कि गांव में ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है और सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है।




## ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा, पहाड़ी का एक भाग मजदूरों पर कहर बनकर टूटा

# निर्माणाधीन बांध के पास भूस्खलन, 12 में से 4 मजदूर गंभीर रूप से घायल, उपचार जारी

**कार्य अस्थाई रूप से स्थगित किया**

घटना में घायल 12 लोगों में से 8 मजदूरों को प्राथमिक उपचार देने के बाद कैंप भेजा गया है जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को स्वामी विवेकानंद अस्पताल पीपलकोटी में उपचार किया जा रहा है। जबकि 1 गंभीर घायलों को मेडिकल कालेज श्रीनगर रेफर किया गया है। वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत डैम साइट से सभी मजदूरों को हटाया गया है तथा कार्य अस्थाई रूप से स्थगित किया गया है।

### भरतपुर में बुजुर्ग दंपती की मौत, बीकानेर में दो मकान जमींदोज

राजस्थान में बारिश जानलेवा बन गई है। भारी बारिश के बीच शुक्रवार की देर रात भरतपुर के भुसावर स्थित दीवली के बौराज गांव में घर की पट्टियां धराशायी हो गईं। घर में सो रहे बौराज निवासी टुंडा राम मीणा (70) और उनकी पत्नी जग्गो देवी (60) दब गए। तेज आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और दोनों को हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। वहीं, बीकानेर के नोखा में बारिश के बाद दो मकान जमींदोज हो गए। 30 फीट गहरे गड्ढे में दोनों मकान धंस गए। घटना के बाद प्रशासन ने आसपास के 7 मकानों को खाली करा लिया है। घटना शहर रोड़ा रोड स्थित सिनेमा हॉल के पीछे की है।

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के ज्योतिर्मठ में बड़ा हादसा हो गया है। चमोली जिले के ज्योतिर्मठ के हेलंग में टीएचडीसी की ओर से निर्माणाधीन विष्णुगाड़ पीपलकोटी जल विद्युत परियोजना के डेम साइट पर शनिवार को भूस्खलन हो गया। जिससे परियोजना निर्माण कार्य कर रहे 12 मजदूर घायल हो गए हैं। हादसा शनिवार सुबह 11 बजे हुआ। घटना की सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, डैम साइट पर लगभग 40-50 मजदूर कार्यरत थे। इसी दौरान लगभग सुबह 11:00 बजे अचानक पहाड़ी का एक भाग टूटकर गिर गया, जिससे कुल 12 मजदूर घायल हो गए।

### केदारनाथ यात्रा फिर शुरू

## लेकिन पहले से ज्यादा पैदल चल कर पहुंचना होगा धाम

उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम की यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण यह यात्रा कई दिनों से बाधित थी। हालांकि अब बाबा केदारनाथ के दर्शन करने के लिए अब श्रद्धालुओं को पहले से ज्यादा पैदल चल कर बाबा के धाम पहुंचना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुण्ड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।



### अमरनाथ यात्रा आज से स्थगित

प्रशासन ने वार्षिक अमरनाथ यात्रा को इसके तय समापन से एक सप्ताह पहले स्थगित कर दिया है। हाल ही में हुई वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त मार्गों के रखरखाव की जरूरत के कारण यह निर्णय लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि मार्ग पर लगातार श्रमिकों और मशीनरी की तैनाती के कारण हम यात्रा को पुनः आरंभ नहीं कर पाएंगे। इसलिए तीन अगस्त से यात्रा दोनों मार्गों से स्थगित रहेगी।

## खबर संक्षेप

### सिंगल चार्ज में तय की 1205 किमी की दूरी



**नई दिल्ली।** सऊदी अरब द्वारा समर्थित इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी लुसिड मोटर्स ने दुनिया में नया इतिहास रच दिया है। लुसिड की एयर ग्रांड टूरिंग मॉडल ने एक बार फुल चार्जिंग में 1,205 किमी की दूरी तय की, जिससे उसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में जगह मिली है। यह ड्राइव स्विट्जरलैंड के सेंट मोरिट्ज से शुरू होकर जर्मनी के म्यूनिख में खत्म हुई। इस नए रिकॉर्ड ने कंपनी के पहले रिकॉर्ड 1,045 किमी को 160 किमी से पीछे छोड़ दिया। यह लुसिड का दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। पहला रिकॉर्ड 2024 में बना था।

### रिश्वत लेने के जुर्म में 12 साल की सजा सुनाई



**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे को गवाहों को प्रभावित करने और रिश्वत लेने के एक मामले में 12 साल की नजरबंद की सजा सुनाई गई है। उरीबे ने कहा कि वह इस सजा के खिलाफ अपील करेंगे। यह सजा लगभग छह महीने से जारी रहे मुक़दमे के बाद सुनाई गई है और सुनवाई के दौरान अभियोजकों ने सबूत पेश किए कि उरीबे ने उन गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की थी जिन्होंने 1990 के दशक में एक अर्धसैनिक समूह से संबंध रखने का आरोप लगाया था।

## रूस के करीब न्यूक्लियर सबमरीन तैनात करने के बाद ट्रंप ने दिया बड़ा बयान

# कहा- रूस से परमाणु युद्ध के लिए तैयार हैं रूस बोला- हमारे निशाने पर भी पनडुब्बियां

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

मॉस्को के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बेहद सनसनीखेज बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका रूस के साथ परमाणु युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि मुझे नहीं लगता कि ऐसी स्थिति में कोई भी जीतता है। ट्रंप ने यह बयान तब दिया, जब उन्होंने कुछ घंटों पहले रूस के करीब अमेरिकी परमाणु पनडुब्बियों की तैनाती कर दी।

ट्रंप के इस बयान के बाद रूस और अमेरिका के रिश्तों में और अधिक तनाव बढ़ने की आशंका है। इससे पहले ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच पर एक पोस्ट में कहा कि दिमित्री मेदवेदेव के 'बेहद भड़काऊ बयानों' के आधार पर उन्होंने उचित क्षेत्रों में दो परमाणु पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि बयान बहुत महत्वपूर्ण होते हैं और कभी-कभी यह अनचाहे दुष्परिणामों की ओर ले जाते हैं, मैं आशा करता हूं कि मेदवेदेव के बयानों से ऐसा न हो।

> ट्रंप ने कहा कि हमें ऐसा करना ही था। हमें बस सावधान रहना होगा। धमकी दी गई थी। हमें लगा कि यह उचित नहीं है, इसलिए मुझे बहुत सावधान रहना होगा। मैं ऐसा अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कर रहा हूं। जब आप परमाणु शक्ति की बात करते हैं, तो हमें तैयार रहना होगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं

### रूस और अमेरिका के बीच बढ़ रहा तनाव




### मेदवेदेव 'रूस का नाकाम पूर्व राष्ट्रपति'

बता दें, ट्रंप ने गुरुवार तड़के एक पोस्ट में दिमित्री मेदवेदेव को 'रूस का नाकाम पूर्व राष्ट्रपति' बताया था। इसके कुछ घंटे बाद दिमित्री मेदवेदेव ने जवाब देते हुए अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा कि रूस हर मामले में सही है और अपने रास्ते पर चलता रहेगा। इससे पहले मेदवेदेव ने लिखा कि ट्रंप रूस के साथ अल्टीमेटम गेम खेल रहे हैं। उन्हें दो बातें याद रखनी चाहिए। पहली यह कि रूस इजराइल या ईरान नहीं है और दूसरी यह कि हर नया अल्टीमेटम एक खतरा है और युद्ध की ओर ले जाने वाला एक कदम है। रूस और यूक्रेन के बीच नहीं, बल्कि उनके अपने देश (अमेरिका) के साथ।

### शांति पुरस्कार चाह रहे ट्रंप अब युद्ध की धमकी दे रहे

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए जा रहे फैसलों से पूरी दुनिया के सभी देशों के नेता अचंभित हैं। ट्रंप की दबाव वाली राजनीति दुनिया के अधिकतर देशों को रास नहीं आ रही। शुक्रवार को व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने दुनिया भर में कई संघर्षों को समाप्त कराया है। कल नोबेल शांति पुरस्कार की मांग कर रहे ट्रंप आज युद्ध की बात करने लगे हैं जो समझ से परे हैं।

### अपने लोगों की सुरक्षा के लिए ऐसा कर रहा हूं

इससे पहले भी ट्रंप रूस के खिलाफ जंग के लिए तैयार होने का बयान दे चुके हैं। शुक्रवार को व्हाइट हाउस से रवाना होते समय ट्रंप ने कहा कि हमें ऐसा करना ही था। हमें बस सावधान रहना होगा। धमकी दी गई थी। हमें लगा कि यह उचित नहीं है, इसलिए मुझे बहुत सावधान रहना होगा। मैं ऐसा अपने लोगों की सुरक्षा के लिए कर रहा हूं। जब आप परमाणु शक्ति की बात करते हैं, तो हमें तैयार रहना होगा। हम पूरी तरह से तैयार हैं।

### हमारे पास पर्याप्त परमाणु पनडुब्बियां: रूसी सांसद

रूसी संसद ड्यूमा के एक सदस्य ने कहा है कि रूस का मुकाबला करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भेजी गई दो अमेरिकी पनडुब्बियों से निपटने के लिए समुद्र में पर्याप्त रूसी परमाणु पनडुब्बियां मौजूद हैं। रूसी सांसद विक्टर वोडोलात्स्की ने कहा कि दुनिया के महासागरों में रूसी पनडुब्बियों की संख्या अमेरिकी पनडुब्बियों से बहुत ज्यादा है और जिन पनडुब्बियों को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भेजने का आदेश दिया है, वे लंबे समय से उनके नियंत्रण में हैं।

### कुलगाम में आतंकवादरोधी अभियान जारी



## सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर, हथियार जब्त

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू के कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। इस दौरान जिले के अखल इलाके में देर रात चली मुठभेड़ में जवानों ने अब तक दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। भारतीय सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और विशेष अभियान समूह (एसओजी) द्वारा चलाया गया संयुक्त आतंकवाद-रोधी अभियान अभी भी जारी है। सोशल मीडिया के एक्स एकाउंट पर एक पोस्ट में, भारतीय सेना की चिनार कोर ने कहा कि कुलगाम में रात भर रुक-रुक कर और तीव्र गोलाबारी जारी रही। सतर्क सैनिकों ने आतंकियों को गोलीबारी से जवाब दिया और आतंकी बचकर न निकल पाए, इसके लिए घेराबंदी और कड़ी कर दी। कुलगाम में मारे गए एक आतंकी की पहचान हो गई है।

### सेना के शिविर के अंदर लावारिस ड्रोन

जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में एक सैन्य शिविर के अंदर एक छोटा लावारिस ड्रोन मिला है। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार देर रात कुछ सैन्यकर्मियों ने बाड़ी ब्राह्मण छावनी में शिविर के अंदर आपूर्ति डिपो के पास ड्रोन पड़ा देखा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ड्रोन का इस्तेमाल पास में ही एक विवाह समारोह के लिए किया गया होगा और वह नियंत्रण खोकर शिविर में गिर गया होगा। अधिकारियों ने बताया कि ड्रोन को जांच के लिए स्थानीय थाने को सौंप दिया गया है।

### एके-47 राइफल और गोला-बारूद बरामद

देर रात मारे गए आतंकी का नाम हारिस नजीर डार था, जो पुलवामा के अंतर्गत राजपोरा का निवासी था। सर्च ऑपरेशन के दौरान एक एके-47 राइफल, एके मैगजीन और ग्रेनेड सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। इससे पहले सेना की व्हाइट नाइट कोर ने बताया था कि 30 जुलाई को पुंछ सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर हुई गोलाबारी में एक आतंकी मारा गया था।

### चिनार पुस्तक महोत्सव समारोह में बोले मंत्री प्रधान

## कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक में नहीं, 'कलम, में है

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 'कश्मीर समस्या' का समाधान हिंसा में नहीं, बल्कि शिक्षा में है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कश्मीर एक शिक्षित समाज है। प्रधान ने यहां एसकेआईसीसी में नौ दिवसीय चिनार पुस्तक महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कश्मीर समस्या का समाधान बंदूक या लाठियों में नहीं, बल्कि कलम में है। कश्मीरी समाज एक शिक्षित समाज है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के बाद, जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाएं बहाल हो रही हैं।

### लोगों की चुप्पी ज्वालामुखी बन रही: महबूबा

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने दावा किया कि भाजपा की कठोर नीति ने केंद्र शासित प्रदेश के 'लोगों को चुप करा दिया है' जहां एक 'ज्वालामुखी बन रहा है' जिसका समाधान करने की आवश्यकता है। पूर्व सीएम ने कहा कि 5 अगस्त, 2019 (जब केंद्र ने अनुच्छेद 370 के तहत जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द कर दिया।




### लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हो रही

*प्रधान ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले, केंद्र शासित प्रदेश में कई वर्षों तक स्थानीय चुनाव नहीं हुए थे। लोगों का जमीनी स्तर पर प्रतिनिधित्व गायब था; अब धीरे-धीरे जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल हो रही है। प्रधान ने विश्वास व्यक्त किया कि घाटी में पर्यटन क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन हो रहा है, जैसे-जैसे व्यवस्था आगे बढ़ेगी, लोगों के विकास से जम्मू-कश्मीर में समृद्धि आएगी।*

### भारत ने अस्वीकार किया यमन की यात्रा का अनुरोध

## निमिषा प्रिया को बचाने यमन नहीं जा सकेंगे एक्शन काउंसिल के 5 सदस्य

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केरल की रहने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया को यमन के नागरिक तलाल अब्दो महदी की हत्या के मामले में दी गई फांसी की सजा पर रोक लगाने में मुस्लिम धर्मगुरु कंथापुरम मुसलियार का कुछ सफलता का दावा गलत साबित हुआ था। वहीं, अब 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' नामक एक परिषद ने इस संबंध में विदेश मंत्रालय से अपने पांच सदस्यीय दल को यमन की यात्रा करने का अनुरोध किया है जिसे मंत्रालय ने सिरे से खारिज कर दिया है।

### यमन में भारत की मौजूदगी नहीं

मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान में यमन में बने हुए तनावपूर्ण सुरक्षा हालात के बीच भारत ने अपना दूतावास वहां से सऊदी अरब की राजधानी रियाद में स्थानांतरित किया हुआ है। ऐसे में मंत्रालय के समक्ष यमन में इन लोगों की सुरक्षा और कल्याण चिंता का एक बड़ा मुद्दा है। यमन की राजधानी में भारत की कूटनीतिक रूप से कोई मौजूदगी नहीं है। बीते कुछ महीनों से सना में सुरक्षा हालात काफी खराब हैं। क्षेत्रीय घटनाक्रम भी चुनौतीपूर्ण बना हुआ है।

## इसरो का एनालॉग मिशन 'होप' लॉन्च




*नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने इसरो के उच्च-ऊंचाई वाले एनालॉग मिशन 'होप' का औपचारिक उद्घाटन किया है। यह मिशन 1 से 10 अगस्त 2025 तक त्सो कार, लद्दाख में 4,530 मीटर की ऊंचाई में आयोजित किया जाएगा। पृथ्वी के सबसे मंगल जैसे वातावरणों में से एक में स्थापित, 'होप' को मानव शारीरिक प्रतिक्रियाओं के परीक्षण, मिशन प्रोटोकॉल की पुष्टि और अंतरिक्ष उड़ान प्रौद्योगिकियों के मूल्यांकन हेतु ग्रहीय स्थितियों का अनुकरण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह मिशन भविष्य में पृथ्वी की निचली कक्षा में मानव अंतरिक्ष उड़ान और चंद्रमा/मंगल श्रेणी के अन्वेषण मिशनों के लिए भारत की तैयारियों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।*

# आयरलैंड में भारतीयों पर हमले के बाद भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

### भारतीय दूतावास का इमरजेंसी नंबर 08994 23734 किया जारी

## सुरक्षा के लिए बरतें सावधानी सुनसान जगहों पर जाने से बचें

एजेंसी ▶▶ डबलिन

आयरलैंड में भारतीय नागरिकों के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने शुक्रवार को एडवाइजरी जारी की। डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने एक बयान में कहा कि हाल ही में आयरलैंड में भारतीय नागरिकों पर शारीरिक हमलों की घटनाओं में वृद्धि देखी गई है। दूतावास इस संबंध में आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के संपर्क में है। साथ ही आयरलैंड में सभी भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए उचित सावधानी बरतें और सुनसान इलाकों में जाने से बचें। इसके साथ ही दूतावास ने भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी भी शेयर की है। उन्होंने कहा कि डबलिन स्थित भारतीय दूतावास के इमरजेंसी नंबर 08994 23734 (मोबाइल) या cons.dublin@mea.gov.in पर ईमेल करें।



### 26 जुलाई को हुआ था हमला

*भारतीय दूतावास की यह एडवाइजरी 26 जुलाई को डबलिन में एक भारतीय नागरिक पर हुए हिंसक हमले के बाद आई है। घटना के बाद दूतावास ने बुधवार को कहा कि वह पीड़ित और उनके परिवार के संपर्क में है और हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि डबलिन में हाल ही में एक भारतीय नागरिक पर हुए शारीरिक हमले के संबंध में दूतावास पीड़ित और उनके परिवार के साथ संपर्क में है। सभी आवश्यक सहायता दी जा रही है। दूतावास इस मामले में आयरलैंड के संबंधित अधिकारियों के साथ भी संपर्क में है।*

### अमेरिका ने सुरक्षा खतरे का दिया हवाला

## कराची के होटलों में न जाएं अधिकारी

**कराची।** अमेरिकी वाणिज्य दूतावास को मिली धमकी की रिपोर्ट के बाद, अमेरिका ने पाकिस्तान के कराची के आलीशान होटलों में अपने सरकारी कर्मचारियों के आने-जाने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक सुरक्षा अलर्ट में कहा कि कराची स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को कराची के आलीशान होटलों में खतरे की एक रिपोर्ट मिली है। सावधानी के तौर पर, कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास ने इन होटलों में अमेरिकी सरकार के आधिकारिक कर्मचारियों के आने-जाने पर अस्थायी रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी विदेश विभाग वर्तमान में अमेरिकी नागरिकों को आतंकवाद के खतरों और सशस्त्र संघर्ष की संभावना का हवाला देते हुए पाकिस्तान की यात्रा पर पुनर्विचार करने की सलाह दे रहा है।



### ईडी की दो मामलों में बड़ी कार्रवाई

## 'फर्जी' बैंक गारंटी मामले में कंपनी के एमडी को किया गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दो अलग-अलग मामलों में बड़ी कार्रवाइ्र की है। व्यापारिक समूहों के लिए 'फर्जी' बैंक गारंटी जारी करने वाला गिरोह संचालित करने के आरोप में ओडिशा की एक कंपनी के प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है। इस गिरोह ने रिलायंस समूह की एक कंपनी के लिए कथित रूप से 68 करोड़ रुपए की गारंटी भी दी गई थी। संघीय जांच एजेंसी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर स्थित 'बिस्वाल ट्रेडलिंक' कंपनी के खिलाफ धन शोधन के इस मामले में छापेमारी शुरू की थी।




### फेरा उल्लंघन का मामला दर्ज

ईडी ने फेरा के कथित तौर पर उल्लंघन कर विदेश से 220 करोड़ रुपए प्राप्त करने के आरोप में केरल के एक धर्मार्थ संगठन के खिलाफ विदेशी मुद्रा उल्लंघन का मामला दर्ज किया है। कासरगोड स्थित कुन्हाहमद मुसलियार मेमोरियल ट्रस्ट और उसके अध्यक्ष, एनआरआई इब्राहिम अहमद अली के खिलाफ जांच के तहत यह कार्रवाई की गई है।





मित्रता दिवस आज

बाकी सारे रिश्ते तो हमें जन्म से मिलते हैं, एक दोस्ती का रिश्ता हम खुद ही बनाते हैं। स्वार्थ से परे, सुख-दुख पर हमेशा साए की तरह मौजूद रहने वाला यह रिश्ता हमारे लिए सबसे अधिक मायने रखता है। भले ही समय के साथ इसका स्वरूप बदल गया हो लेकिन आज भी यह उतना ही मूल्यवान है।

# सबसे प्यारा-अनमोल दोस्ती का रिश्ता

कवर स्टोरी
अंशु सिंह

इस दुनिया में तरह-तरह के लोग रहते हैं। कुछ हमारे परिवार के सदस्य होते हैं, कुछ रिश्तेदार। कुछ हमसे प्रेम करते हैं तो कुछ हमसे ईर्ष्या करते हैं। कुछ ऐसे भी लोग होते हैं, जो बिना किसी फायदे के जरूरत पड़ने पर हमारी हर संभव मदद करने को सदैव तत्पर रहते हैं। हमें जीवन का सही मार्ग दिखाते हैं। दुख और मुश्किल समय में साथ खड़े होते हैं। उन्हें ही हम दोस्त कहते हैं। यह दोस्ती हमारे आपसी विश्वास और आस्था पर टिकी होती है।

**स्वार्थ से परे आत्मीय रिश्ता:** किसी ने कहा है, 'मुझे अपने मित्रों के बारे में बताइए, मैं आपके व्यक्तित्व के बारे में बता दूंगा।' वास्तव में आपके दोस्त किस तरह के हैं, वह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करता है कि आपका जीवन में क्या लक्ष्य है? आपका चरित्र कैसा है, आपकी सोच कैसी है?

सच में, धन-दौलत तो बहुत से लोग कमा लेते हैं। लेकिन दोस्ती जैसा सच्चा धन हर कोई नहीं कमा पाता। इस दुनिया में हर इंसान को एक ऐसे शख्स की जरूरत होती है, जिसे वह अपनी दिल की बातें बेझिझक बता सके। इसलिए दोस्त वो होता है, जिस पर आंख बंद कर भरोसा किया जा सके। दोस्तों के बीच स्वार्थ का कोई स्थान नहीं होता। न ही दोस्ती किसी की जाति, पंथ या धर्म देखती है।

**पुराणों-इतिहास में मित्रता:** हिंदू पौराणिक कथाओं में मित्रता के कई आदर्श उदाहरण देखे जा सकते हैं। जैसे, भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा, वानर राज सुग्रीव एवं भगवान श्रीराम, श्रीराम एवं विभीषण की मित्रता हमारे लिए आज भी आदर्श हैं। इतिहास पर नजर डालें तो 19वीं सदी के शुरुआती दौर में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक और मोहम्मद अली जिन्ना बहुत अच्छे दोस्त हुआ करते थे। वे अकसर घर-सार्वजनिक स्थलों पर मिलकर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने के तरीकों पर चर्चा करते थे। मुगल



काल में छत्रपति शिवाजी और तानाजी भी बचपन के दोस्त थे। बाल्यकाल से ही दोनों मुगलों के अधीन किलों पर विजय पाने की रणनीति बनाया करते थे। जैसे-जैसे दोनों बड़े हुए, शिवाजी ने तानाजी की मदद से कई लड़ाइयां जीतीं और तानाजी उनके योद्धा सेनापति बन गए। इस तरह उन्होंने आजीवन अपनी दोस्ती की मिसाल कायम की। उनकी दोस्ती इतिहास में अमर हो गई।



**होता है मार्गदर्शक :** दोस्ती का संबंध ही ऐसा होता है कि वे सदा एक-दूसरे के लिए मौजूद रहते हैं। अपने दोस्त का हित करने के लिए व्यक्ति उसकी नाराजगी भी झेलने को तैयार रहता है। एक सच्चा दोस्त हमेशा अपने दोस्त का सबसे बड़ा शुभचिंतक होता है, उसका मार्गदर्शक होता है। हो सकता है कि किसी समय कुछ देर के लिए अपने मित्र की बातें या कार्य आपको उचित न लगें। लेकिन कभी न भूलें कि सच्चा मित्र हर स्थिति में आपका हित ही चाहता है। अगर वह कोई कार्य करने से आपको रोकता है तो उसमें जरूर आपका हित ही होगा। हो सकता है उसका मनोभाव आपको कुछ समय बाद समझ में आए।

**मित्रता पर भी पड़ा तकनीकी प्रभाव:** पिछले दो-तीन दशकों में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारणों से मित्रता में काफी बदलाव आया है। 20 वीं सदी तक दोस्ती खतों और आमने-सामने की मुलाकातों के जरिए कायम रहती थी। फिर टेलीफोन और बाद में इंटरनेट ने संपर्क बनाए रखना आसान बना दिया। इक्कीसवीं सदी में टेक्स्ट मैसेज, सोशल मीडिया और वीडियो कॉल के जरिए संवाद होने लगा। व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे प्लेटफॉर्म ने तो दोस्ती बनाने और निभाने के तरीके को पूरी तरह बदल कर रख दिया। इनसे लोग दुनिया भर में एक-दूसरे से जुड़ सकते हैं। हालांकि इसमें ज्यादातर रिश्तों में गहराई नहीं होती। कह सकते हैं कि दोस्ती की परिभाषा व्यापक हो गई है। आज दोस्ती पारंपरिक बाधाओं को पार करते हुए अधिक विविध और समावेशी तरीकों से विकसित हो सकती है। बहरहाल, समय और दौर कोई भी हो, दोस्ती आज भी दो इंसानों के बीच सबसे प्यारा और अनमोल रिश्ता होता है। *

## दोस्ती से बेहतर रहता है मानसिक स्वास्थ्य



पल्लवी प्रकाश
साइकोलॉजिस्ट-मोटिवेशनल कोच

**अच्छे मानसिक** स्वास्थ्य के लिए भी दोस्ती का बहुत अधिक महत्व होता है। दोस्त, भावनाओं को व्यक्त करने, समस्याओं को साझा करने और सलाह लेने के लिए एक आत्मीय साथ प्रदान करता है। इस भावनात्मक समर्थन से तनाव, चिंता और उदासी सभी को कम किया जा सकता है। फ्रेंडशिप नेटवर्क का हिस्सा होने से व्यक्ति जुड़ाव और खुद को मूल्यवान महसूस करता है। यह अपनेपन की भावना मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है और उसे अकेलेपन, अलगाव की भावनाओं से बचा सकती है। दोस्त नियमित व्यायाम, संतुलित आहार जैसी स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करके और धूम्रपान या अत्यधिक शराब पीने जैसे हानिकारक आदतों से बचाकर व्यवहार को सकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकते हैं।

## बॉलीवुड में दोस्ती



**हिंदी फिल्म** इंडस्ट्री में पिछले कुछ सालों में बहुत कुछ बदला है। एक ऐसी इंडस्ट्री जो अधिकतर बिजनेस बेनिफिट और स्वार्थ के लिए जानी जाती है। उस माहौल में भी कई स्टार्स की दोस्ती एक मिसाल की तरह है। जैसे, करीना-अमृता-मलाइका की एक दशक से भी ज्यादा पुरानी दोस्ती आज भी उतनी ही मजबूत और अटूट बनी हुई है। बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान, अनन्या पांडे और शनाया कपूर बचपन की दोस्त हैं। अनन्या, शनाया को सोल सिस्टर कहती हैं। अभिनेता रणबीर कपूर और निर्देशक अयान मुखर्जी का ब्रोमांस इंडस्ट्री में बेहद चर्चित है। सलमान खान और अजय देवगन भी वर्षों से पक्के दोस्त हैं। इस बारे में अजय कहते हैं, 'सलमान और मैं एक ही समय पर इंडस्ट्री में आए थे। पिछले 25 सालों से हमारी दोस्ती बरकरार है।'

सेल्फ मोटिवेशन
राजयोगी बीके निकुंज जी



# हमेशा साथ रहता है हमारा सच्चा मित्र

यह सही है कि आज के दौर में सच्चा मित्र मिलना बहुत कठिन है। बिना किसी स्वार्थ के हमेशा साथ रहने वाला सच्चा मित्र। ऐसे ही सच्चे मित्र की तरह ईश्वर भी हमेशा हमारे साथ रहता है।

जरूरत के वक्त जो साथ दे, वही सच्चा मित्र होता है। यह पुरानी कहावत आज भी उतनी ही सच है, जितनी वर्षों पहले थी। जीवन के किसी न किसी मोड़ पर हम सभी ने इसे अनुभव किया है, कभी किसी अजनबी से, तो कभी उस शख्स से जिससे हमें कोई उम्मीद नहीं थी। लेकिन आज, जब हमारे जीवन में रिश्तों से ज्यादा 'कांटेक्ट्स' हैं, और मित्र बस केवल स्क्रीन पर दिखाई देने वाले नाम बनकर रह गए हैं, तब यह सवाल जरूरी हो गया है कि मित्रता वास्तव में हमारे लिए क्या मायने रखती है?

**हर रिश्ते से ऊपर:** जब आप आंखें बंद करके खुद से यह पूछते हैं कि मेरे जीवन में कौन वास्तव में मायने रखता है? तो आपका ध्यान शायद उस व्यक्ति की ओर नहीं जाता, जिसने आपको योग्य सलाह दी। बल्कि उस व्यक्ति को मन याद करता है, जो उस समय चुपचाप आपके कंधे पर हाथ रखकर पास बैठा रहा, जब आपकी दुनिया बिखर रही थी। जी हां! मित्रता वही रिश्ता है, जो न खून के रिश्ते से बंधा होता है, न शर्तों पर टिका होता है। एक सच्चा मित्र आपको वैसे ही स्वीकार करता है, जैसे आप हो न कि जैसे वह आपको देखना चाहता है। शायद इसलिए ही परिवार या रिश्तेदार से ऊपर हम हमेशा मित्रता को रखते हैं क्योंकि यही एक ऐसा रिश्ता है, जो हम अपनी पसंद से चुनते हैं।



**बनता है आत्मिक संबंध:** एक सच्चा मित्र शायद हमसे हमारी पसंद की बात हमेशा कह न पाए, लेकिन उसकी बात सीधे दिल तक पहुंचती है और इसीलिए उस व्यक्ति के साथ हमें एक आत्मीयता सी महसूस होती है, जो न किसी तर्क पर टिकी होती है, न किसी प्रयोजन पर। जब यह जुड़ाव दोनों ओर से होता है, जब आत्माएं एक-दूसरे को पहचानें और सम्मान दें, तब एक सुंदर संबंध का जन्म होता है। एक ऐसा संबंध, जो जीवन भर और शायद उसके बाद भी बना रहता है।

**सच्ची नहीं आभासी मित्रता:** आज बदलते युग में मित्रता का अर्थ बदलता जा रहा है। आज हम सहकर्मी, सहपाठी, जिम के साथी या सोशल मीडिया फॉलोअर्स को भी मित्र कह देते हैं। लेकिन साथ रहना और दिल से जुड़ना इन दोनों में बड़ा फर्क है। फेसबुक फ्रेंड होना, इंस्टाग्राम पर जन्मदिन की बधाई देना, ये सब असली मित्रता नहीं है। सच्ची मित्रता वहां होती है, जहां भावनात्मक समानता होती है, दिल से दिल का रिश्ता होता है, जहां न अहं होता है और न किसी भी प्रकार की अपेक्षा।

सवाल उठता है कि तो कौन होता है सच्चा मित्र? एक ऐसा व्यक्ति जिसके समक्ष आप बिना किसी मुखौटे के अपने मूल रूप में रह सकें, बिना कुछ छुपाए, बिना कुछ साबित किए। जो आपके दोषों को जानकर भी आपका साथ न छोड़े। जो शब्दों से नहीं, मौन से भी दिल तक पहुंच जाए और एक हल्के से स्पर्श या दृष्टि से आपको यह जता दे 'मैं यहीं हूं तुम्हारे साथ।' आज के इस तेज रफ्तार जीवन में, सबसे दुर्लभ बात है, उपलब्धता। वर्तमान काल में ऐसा कोई है, जो बिना विचलित हुए बस आपकी बात सुने? है कोई ऐसा? आजकल तो सभी से ज्यादातर, 'थोड़ी देर बाद बात करते हैं', फिर से कॉल करता हूं', 'थोड़ा बिजी हूं' यही सब सुनने को मिलता है, जो भावनात्मक दूरी की नई भाषा बन चुके हैं। इसीलिए इस बात से कोई इंकार नहीं करेगा कि आज हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहां रिश्ते भी सुविधाओं के अनुसार चलते हैं। जब जरूरत हो, तब याद किया जाता है। जब हम किसी के काम के नहीं रहते, तो भुला दिए जाते हैं।

**ईश्वर होता है हमारा परममित्र:** आज के समय में ऐसा मित्र मिलना मुश्किल है, जो बिना किसी अपेक्षा के, बिना किसी शर्त के साथ दे। मैंने अपने अनुभव में पाया कि सबसे स्थायी, सबसे निःस्वार्थ मित्रता मुझे इंसानों में नहीं, बल्कि किसी और में मिली, सर्व शक्तिमान परमात्मा में। जी हां, उस दिव्य सत्ता में जिसे आप भगवान, ईश्वर, खुदा, सर्वोच्च आत्मा या सिर्फ मेरा सबसे प्यारा मित्र कह सकते हैं। हम प्रार्थना में अकसर उसे पिता, माता, गुरु या मार्गदर्शक कह कर पुकारते हैं। लेकिन क्या कभी आपने उससे एक मित्र की तरह बात की है? बिना किसी औपचारिकता, बिना किसी रीति-नीति के, बस सीधे दिल से? एक बार कोशिश कीजिए। जैसे अपने सबसे करीबी दोस्त से आप बात करते हैं, वैसे ही उनसे भी करिए, बिना कोई डर, बिना संकोच। फिर देखना आप अंदर ही अंदर महसूस करेंगे एक ऐसी शांति, ऐसा सुकून, जो किसी मानवीय रिश्ते में नहीं मिलता। उसका प्रेम प्रदर्शन पर नहीं अपितु उपस्थिति पर आधारित है। बस उसे दिल से याद कीजिए और वो आपकी हर धड़कन में मौजूद मिलेगा। *

लाइफस्टाइल
शिखर चंद जैन



अच्छे दोस्त मिलना सौभाग्य की बात है। इससे जिंदगी गुलजार हो जाती है। इसलिए किसी को अपना घनिष्ठ दोस्त बनाने से पहले उसमें मौजूद कुछ क्वालिटीज के बारे में जरूर जान लेना चाहिए।

# जिंदगी में बहुत जरूरी हैं ऐसे दोस्त

जिंदगी में अच्छे दोस्तों की अहमियत बहुत ज्यादा है, क्योंकि हम जो कुछ भी हैं अपने आस-पास के लोगों, अपनी संगत और माहौल की वजह से ही हैं। हमारे सपने, लक्ष्य, सोचने और काम करने का तरीका, रहन-सहन और जीने का अंदाज बहुत कुछ उन्हीं लोगों से प्रभावित होता है, जिनके साथ हम अपना ज्यादातर वक्त बिताते हैं। इसे मनोविज्ञानी लॉ ऑफ अट्रैक्शन कहते हैं। अमेरिकी व्यवसायी जिम रॉन ने कहा है कि आप उन 5 लोगों का एवरेज होते हैं, जिनके साथ आप हमेशा रहते हैं। इसलिए दोस्त बनाने में बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।

**जो देते हैं स्मार्ट सोशल सपोर्ट:** हम जो कुछ करते हैं, उसमें प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से बहुत सारे लोगों का इंवॉल्वमेंट होता है। पर्सनल लाइफ हो या प्रोफेशनल लाइफ, अपने आर्थिक, मानसिक, सामाजिक और शारीरिक हितों के लिए हमें कुछ लोगों पर निर्भर होना पड़ता है, अच्छे दोस्त यह जरूरत पूरी करते हैं।

**जो ज्यादा समझदार हों:** महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस ने कहा था, 'अगर आप अपने इनर सर्किल में सबसे स्मार्ट या बुद्धिमान व्यक्ति हैं तो आप एक गलत सर्किल में रह रहे हैं।' कहने का तात्पर्य यह है कि आपको खुद से ज्यादा सफल, सक्षम, समझदार और प्रतिष्ठित दोस्तों के बीच रहना चाहिए। इसलिए आप ऐसे लोगों को दोस्ती के लिए चुनें, जो आपकी सफलता और मानसिक सुकून में आपके साथी बन सकें।

**जिनका साथ अच्छा लगे:** मानसिक बीमारियों के प्रबल वर्तमान दौर में मन का सुकून बड़ी दुर्लभ चीज हो गई है। अधिकांश इंसान दुश्चिंता और अवसाद से घिरे रहते हैं। ऐसे में जिन लोगों के बीच रहकर आपको मानसिक सुकून मिलता हो, जिनके साथ हंसी-मजाक का दौर चलता हो, उन्हें अपनी जिंदगी का हिस्सा जरूर बनाएं।

**जिनकी उपस्थिति में सहज महसूस करें:** ऐसे दोस्त जिनकी उपस्थिति में आप सहज महसूस करें और अपने मन की बातें बिना लाग लपेट के खुलकर कह सकें, उनको साथ रखना चाहिए। ये ऐसे लोग होते हैं, जिनके कुछ कहने पर आपका ईगो हर्ट नहीं होता और आप कुछ कह दें तो ये भी दिल पर नहीं लेते। ये शॉक एब्जॉर्बर करने वाले लोग, जिनकी आपको जरूरत होती है।

**जो बुरे वक्त में साथ खड़े रहते हों:** हर व्यक्ति की जिंदगी में दो चार दोस्त ऐसे जरूर होने चाहिए, जो बुरे वक्त में उसके साथ खड़े रह सकें। बीमारी की स्थिति में सही डॉक्टर या अस्पताल तक पहुंचाना और तीमारदारी, दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने वाला और आर्थिक मुसीबत के वक्त पैसों की मदद करने वाले लोग निहायत जरूरी हैं। आपको भी ऐसे लोगों से अपने रिश्ते प्रगाढ़ रखने चाहिए।



**जो आत्मविश्वास बढ़ाते हों:** आप किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करना चाहते हैं, कोई नया बिजनेस करना चाहते हैं या चैलेंजिंग जॉब ज्वाइन करना चाहते हैं तो शुरू-शुरू में हिचक रहती है। ऐसे में आप असफल लोगों से राय मांगेंगे तो वे आप को हतोत्साहित कर देंगे। वहीं सकारात्मक स्वभाव के दोस्त आपका आत्मविश्वास बढ़ाएंगे, पॉजिटिव सजेशन देंगे और आपको प्रेरणा देंगे। ऐसे लोगों से मेल मिलाप अवश्य रखें।

**जो आपसे ईर्ष्या ना करते हों:** कुछ लोग अपने इर्द-गिर्द वालों की तरक्की, खुशहाली और सुकून नहीं देख सकते। ये ईर्ष्यालु होते हैं और मौका मिलते ही टांग खींचते हैं। ऐसे लोगों से दोस्ती करने से दूर रहें। जो लोग आपकी सफलता को सराहते हैं और आपसे प्रेरणा या सलाह लेना चाहते हैं, उन्हें अवश्य अपने सर्किल में रखें। इनसे आप जीवन में कभी खुद को अकेला महसूस नहीं करेंगे। *

दोहे / राजश्री राठी

## बरखा नर्तन करे



झंकृत वीणा हृदय की छेड़ रही अनुराग।
बरखा नर्तन यूं करे जैसे पद में राग।।
नैन बाट जोहत रहे भर-भर कर मनुहार।
बरखा का स्वागत करे हृदय कुसुम बन हार।।
बरखा छम-छम यूं करे ज्यूं पायल झनकार।
दुल्हन रूप धरा लिए सज सोलह सिंगार।।
गरजे घन-घन मेघ जब करते बंद किवाड़।
बैरन सी बरखा हुई मन को रही बिगाड़।।
बादरवा घनन गरजे मन मोरा घबराय।
पिया रहे परदेस में नैन नेह बरसाय।।
छम-छम बरखा जो हुई मन मे भरी उमंग।
आसमान में उड़ रही जैसे कोई पतंग।।

कहानी
विनय कुमार पाठक

# राखी का तोहफा

बेईमानों से भरी इस दुनिया में भी बहुत से ऐसे ईमानदार हैं, जिनका मन विपन्नता में भी किसी के पड़े बैग में ढेर सारे पैसे देखकर भी नहीं डगमगाता। ऐसे ही एक कबाड़ बटोरने वाले गरीब इंसान की दिल को छूती कहानी।



एआई इमेज

राजेंद्र एक कबाड़ बीनने वाला है, वह रोज की तरह रेलवे स्टेशन पर कचरे के ढेर में अपने काम की चीजें तलाश रहा था। उसकी नजरें बेहद सतर्क थीं-प्लास्टिक की बोतलें, टीन के डिब्बे और अपने काम की अन्य चीजे, उसकी निगाहें तलाश रही थीं। इन्हें वह कबाड़ी को बेचकर कुछ पैसे कमा लेता था। उसने अपनी बोरी में ऐसी कई चीजें भर रखी थीं, लेकिन वह कुछ और सामान बटोरना चाह रहा था।

तभी राजेंद्र की नजर दूर पड़े एक भूरे रंग के हैंडबैग पर पड़ी। 'शायद किसी अमीर आदमी ने यूं ही फेंक दिया होगा।' राजेंद्र ने सोचा। उसे मालूम है, जो चीजें अमीरों के लिए बेकार होती हैं, वही किसी गरीब के लिए बहुत काम की होती हैं। उसे पहले भी कूड़े से एक जोड़ी अच्छे जूते मिले थे, जिसे वह खुद इस्तेमाल कर रहा था। यह बैग उसे कुछ ऐसा ही अवसर लग रहा था।

तेजी से चलकर राजेंद्र उस बैग तक पहुंचा। सौभाग्य से आस-पास कोई और रद्दी बीनने वाला नहीं था। बैग अच्छी हालत में था। बस उसका हैंडल टूटा हुआ था, जिसे कोई मोची आसानी से ठीक कर सकता था। राजेंद्र ने इधर-उधर देखा कि कोई देख तो नहीं रहा, फिर बैग के बीच वाला चेंबर खोला। अंदर देखा तो उसके होश उड़ गए-उसमें पांच सौ के नोटों की एक मोटी गड्डी थी। साथ ही एक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड भी रखा दिखा।

यह अप्रत्याशित दौलत देखकर राजेंद्र के मन में खुशी की लहर दौड़ गई। लेकिन दूसरे ही पल उसे अहसास हुआ कि कार्ड उसके किसी काम के नहीं हैं। राजेंद्र ने सुना था कि किसी और के कार्ड इस्तेमाल करने पर जेल हो सकती है। हो सकता है, यहां कहीं लगा सीसीटीवी कैमरा यह सब कवर कर रहा हो। उसका बेवजह फंसने का कोई इरादा नहीं था। एकाएक राजेंद्र के दिमाग में आया, हो सकता है इस बैग के मालिक को पैसों की बहुत जरूरत हो, दवाई या किसी और जरूरी काम के लिए। अपने मन के बोझ को दूर करने के लिए वह सीधे रेलवे स्टेशन जा पहुंचा। स्टेशन मास्टर के केबिन में जाकर बोला, 'साहब, यह बैग मुझे रेलवे ट्रैक के पास मिला था, जब मैं कबाड़ बीन रहा था।'

'ठीक है, जाकर उधर एक किनारे बैठ जाओ।' स्टेशन मास्टर ने कहा। वहां रूम में एक व्यक्ति बैठा हुआ था। वह चिंतित दिख रहा था।

'मिस्टर अजय, शायद यही वह बैग है, जिसकी आप तलाश कर रहे थे।' स्टेशन मास्टर ने उस व्यक्ति से पूछा।

'संभव है, मेरी कुलीग मीनाक्षी ने बताया था कि उसका ब्राउन बैग खो गया है। इसका डिटेल इससे मेल खाता है। उसमें आईडेंटिटी कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और आज की सैलरी थी।' अजय ने जवाब दिया और राजेंद्र को थोड़ा संदेह की नजर से देखा।

'हां, इसमें पांच सौ के नोटों की मोटी गड्डी और दो कार्ड हैं।' राजेंद्र ने बताया।

'हमें इसकी पुष्टि करनी होगी।' स्टेशन मास्टर ने कहा और बैग खोलकर देखा। अंदर मीनाक्षी माथुर का ऑफिस पहचान पत्र और दोनों कार्ड मौजूद थे। नाम कार्ड पर स्पष्ट लिखा हुआ था।

'अजय जी, प्लीज मीनाक्षी जी को तुरंत फोन करें और बताएं कि उनका बैग मिल गया है, मेरे पास सुरक्षित है। आधार, वोटर कार्ड या पैन कार्ड लेकर आएं और सत्यापन करवा लें।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

अजय ने तुरंत मीनाक्षी को कॉल किया। वह पहले से ही बहुत परेशान थी। कॉल उठाते ही बोली, 'मैं अभी आ रही हूं। आधे घंटे में पहुंच जाऊंगी। प्लीज उस सज्जन को रोकिए, जिन्होंने बैग लौटाया है। मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। मेरे लिए यह पैसा बहुत जरूरी है।'

'सर, अब मैं जा सकता हूं?' राजेंद्र ने पूछा।

'हां, आप जा सकते हैं। आपकी ईमानदारी सराहनीय है। रेलवे प्रशासन को मैं आपके लिए पुरस्कार की सिफारिश करूंगा। आप अपना नाम और पता नोट करवा दीजिए।' स्टेशन मास्टर ने कहा।

'भाई साहब, जरा रुक जाइए। बैग की मालकिन आने ही वाली हैं, वो आपको व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद देना चाहती हैं।' अजय ने आग्रहपूर्वक कहा।

'ठीक है।' राजेंद्र ने कहा और अपना बोरा किनारे रखकर बैठ गया। करीब पैंतालीस-पचास मिनट बाद मीनाक्षी पहुंची, थोड़ी हांफती हुई।

'माफ कीजिए, ट्रैफिक बहुत था, इसलिए देर हो गई।' मीनाक्षी ने कहा। फिर अपना आधार कार्ड देकर प्रक्रिया पूरी की। स्टेशन मास्टर ने उसे बैग सौंप दिया।

'भाई साहब, मैं आपकी ईमानदारी के लिए आपको दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। आज मेरी सैलरी मिली थी, वह कुछ ही घंटों में गुम हो गई। भीड़ में ट्रेन से उतरते समय हैंडल टूट गया था। ढूंढने की बहुत कोशिश की, लेकिन नहीं मिला। मैं आपको कुछ देना चाहती हूं, इसलिए देर हो गई। क्या आपको पता है कि आज रक्षा बंधन है?' मीनाक्षी ने अपने पर्स से एक राखी निकाली और मुस्कुरा दी। राजेंद्र ने बिना झिझक अपना हाथ बढ़ा दिया। मीनाक्षी ने पूरे स्नेह से उसे राखी बांधी। राजेंद्र ने अपनी फटी हुई जेब से एक छोटा पर्स निकाला। उसमें केवल दस रुपए का एक नोट था। उसने उस नोट को निकाला और कहा, 'मेरे पास बस यही है।' 'भैया, आपको कुछ भी देने की जरूरत नहीं है। आपकी ईमानदारी ही मेरे लिए सबसे बड़ा तोहफा है।' मीनाक्षी ने कहा और अपने बैग की ओर इशारा किया, आगे बोली, 'मैं मिठाई नहीं ला पाई तो कृपया ये पैसे रख लीजिए। अपने लिए मिठाई खरीद लीजिएगा।' उसने बैग से पांच सौ के दो नोट निकाले और राजेंद्र को सौंप दिए।

राजेंद्र थोड़ा झिझका, लेकिन स्टेशन मास्टर और अजय ने उसे कहा, 'यह पैसा स्वेच्छा से दे रही हैं, इसे लेने में कोई बुराई नहीं है।' अंततः राजेंद्र ने पैसे ले लिए और कमरे से बाहर निकल गया।

'आज भी ऐसे नेक लोग हैं दुनिया में।' मीनाक्षी ने अजय से कहा। वह राजेंद्र को जाते हुए तब तक देखती रही, जब तक नजरों से ओझल नहीं हो गया। *

# नेशनल बैंक ओपन टेनिस : फ्रिट्ज ने दिखाया दम, डायलो को मात देकर तीसरे दौर में पहुंचे, शेल्टन भी आगे बढ़े

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के छह फुट आठ इंच लंबे गैब्रियल डायलो को 6- 4, 6-2 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से होगा, जिन्होंने फ्रांस के 15वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 3- 6, 6-3, 6-4 से हराया।

### बेन शेल्टन ने ब्रेंडन नकाशिमा को दी मात

अन्य मैच में अमेरिका के बेन शेल्टन ने हमवतन ब्रेंडन नकाशिमा को 6-7, 6-2, 7-6 से मात दी। अब वह इटली के 13वीं वरीयता प्राप्त फ्लावियो कोबोली से खेलेंगे। रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव ने इटली के लोरेंजो सोनेगो को 5-7, 6-4, 6-3 से हराया। सातवी वरीयता प्राप्त अमेरिका के फ्रांसिस टियाफो ने आस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिच को 6-3, 4-6, 6-3 से मात दी। अब वह आस्ट्रेलिया के ही एलेक्स डि मिनौर से खेलेंगे।

## फ्रिट्ज का सामना अब चेक गणराज्य के 19वीं वरीयता प्राप्त जिरि लेहेका से



### सेवास्तोवा से हारी जेसिका

दो बार की गत चैंपियन जेसिका पेगुला नेशनल बैंक ओपन टूर्नामेंट के तीसरे दौर में अनास्तासिया सेवास्तोवा से 6-3, 4-6, 1-6 से हार गई। लाटविया की 35 वर्ष की सेवास्तोवा 2018 में 11वीं रैंक पर थी लेकिन अब 386वें स्थान पर खिसक गई। अब उनका सामना जापान की नाओमी ओसाका से होगा, जिन्होंने लाटविया की येलेना ओस्टापेंको को 6-2, 6-4 से हराया।

■ अनास्तासिया का अगला मुकाबला जापान की नाओमी ओसाका से





### स्वियातेक का जीत का अभियान जारी

अन्य मैचों में विम्बलडन चैंपियन पोलैंड की इगा स्वियातेक ने जर्मनी की इवा लिस को 6-2, 6-2 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क की क्लारा टाउसन से होगा, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुबत्सेवा को 6-3, 6-0 से मात दी । पांचवीं वरीयता प्राप्त अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने इंग्लैंड का एम्मा राडूकानू को 6-2, 6-1 से हराया। अब वह यूक्रेन की दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से खेलेंगी, जिन्होंने रूस की अन्ना कालिंस्काया को 6-1, 6-1 से शिकस्त दी। छठी वरीयता प्राप्त अमेरिका की मेडिसन कीस ने हमवतन कैटी मैकनैली को 2-6, 6-3, 6-3 से हराया।

## खबर संक्षेप



### एआईजी महिला ओपनः दीक्षा ने कट में बनाई जगह

पोर्थकॉल (वेल्स)। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों से अच्छी तरह निपटते हुए एआईजी महिला ओपन में एक ओवर 73 का कार्ड खेला, जिससे वह कट में जगह बनाने में सफल रहीं। दीक्षा ने पहले दौर में एक अंडर का कार्ड खेला था और अब दो दौर में वह इवन पार पर बनी हुई हैं। वह संयुक्त 28वें स्थान पर हैं। वह यहां छठी बार हिस्सा ले रही हैं लेकिन दूसरी दफा ही कट हासिल कर पाईं। पिछली बार 2023 में संयुक्त 21वें स्थान पर रहना उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

### प्लात्जमैन ओपन : नील्स मैकडोनाल्ड से हारे नागल



**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल जूनियर फ्रेंच ओपन चैंपियन और गैर वरीय नील्स मैकडोनाल्ड से जर्मनी में चल रहे प्लात्जमैन ओपन एटीपी 75 चैलेंजर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए। विश्व रैंकिंग में 307वें स्थान पर काबिज नागल को दस साल छोटे प्रतिद्वंद्वी ने दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। वाइल्ड कार्ड के जरिए खेल रहे 17 वर्ष के मैकडोनाल्ड ने नौ में से छह ब्रेक प्वाइंट बचाए और पांच बार नागल की सर्विस तोड़ी। नागल को प्री क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के लिये 1535 यूरो और छह रैंकिंग अंक मिले। इस बीच अमेरिका में लेक्सिंग्टन ओपन में भारत के दक्षिणेश्वर सुरेश को स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी एलियोट स्पिजिरी ने 7-6, 6-4 से मात दी। कजाखस्तान में प्रेसिडेंट्स कप में करण सिंह क्वार्टर फाइनल में इटली के अलेक्जेंडर बिंदा से 4-6, 4-6 से हार गए।

### मैत्री मैच खेलने पर स्वीटी की नजरें



**उदयपुर।** एएफसी महिला एशियाई कप की तैयारी के लिए भारत को 12 अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच खेलने हैं और अनुभवी सेंटर-बैक स्वीटी देवी नगांगबाम का मानना है कि इन मुकाबलों से मिलने वाला अनुभव फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के उनके सपने को मजबूत करेगा। विश्व रैंकिंग में 70वें स्थान पर काबिज भारत को एक से 21 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए एशियाई दिग्गज टीमों जापान (सातवें), वियतनाम (37वें) और चीनी ताइपे (42वें) के साथ एक कठिन ग्रुप सी में रखा गया है। उदयपुर के पास जावर में जिंक फुटबॉल गर्ल्स अकादमी के लांच के दौरान स्वीटी ने बताया, 'जापान हमेशा एक शीर्ष टीम रही है और उनके खिलाफ खेलना एक बड़ा मौका है।

## पांचवां टेस्ट : यशस्वी और आकाश ने की 107 की साझेदारी

# यशस्वी का शतक, आकाशदीप की पहली फिफ्टी, भारत ने बनाया इंग्लैंड पर दबाव

एजेंसी ▶▶| लंदन

रात्रि प्रहरी आकाशदीप (94 गेंदों पर 66 रन) ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए करियर का पहला अर्धशतक जड़ा। वहीं यशस्वी जायसवाल ने अपना टेस्ट कॅरियर का छठवां शतक लगाया। भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच तक अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 189 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत और इंग्लैंड बीच जारी टेस्ट सीरीज में अभी तक कुल 18 बार शतकीय साझेदारी हो चुकी है। जो 21वीं सदी में सबसे ज्यादा है। वहीं 21वीं सदी में ऐसा पहली बार हुआ है, जब किसी टेस्ट सीरीज में 18 बार शतकीय साझेदारी हुई हो।

### जायसवाल और आकाश ने किया इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान

भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 75 रन से की। जायसवाल और आकाशदीप ने आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हुए दिन के शुरुआती सत्र में इंग्लैंड के गेंदबाजों को परेशान किया। दोनों ने साझेदारी के दौरान कुछ शानदार शॉट खेलने के अलावा आसानी से दौड़कर रन चुराए। दिन की शुरुआत चार रन से करने वाले आकाशदीप को लंच से कुछ समय पहले जैमी ओवरटन ने आउट किया। आकाशदीप उनकी उछाल लेती गेंद से सामंजस्य नहीं बिठा सके और गस एटकिंसन ने कवर क्षेत्र में आसान कैच लपका।



### जायसवाल ने की गावस्कर और शर्मा की बराबरी

यशस्वी जायसवाल का ये इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में चौथा शतक है, जिसके साथ ही वह अब रोहित शर्मा और सुनील गावस्कर के बराबर पहुंच गए हैं। भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में राहुल द्रविड़ और सचिन तेंदुलकर पहले नंबर पर हैं, जिसमें दोनों के बल्ले से 7-7 शतकीय पारियां देखने को मिली हैं। यशस्वी इस लिस्ट में संयुक्त रूप से अभी चौथे नंबर पर काबिज हैं, जिसमें उनसे आगे कप्तान शुभमन गिल सहित कई अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं।

### यशस्वी ने किया तेंदुलकर के रिकॉर्ड को ध्वस्त

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में यशस्वी जायसवाल के शानदार रिकॉर्ड का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि उन्होंने सचिन तेंदुलकर के एक बड़े रिकॉर्ड को ओवल टेस्ट मैच के दौरान तोड़ने का काम किया। यशस्वी जायसवाल 23 साल की उम्र में अब भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा फिफ्टी प्लस स्कोर बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। यशस्वी जायसवाल की 23 साल की उम्र में ये 9वीं फिफ्टी प्लस रनों की पारी थी, तो वहीं सचिन ने 23 साल की उम्र तक इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में 8 फिफ्टी प्लस रनों की पारी खेली थी।

## क्रिकेट

# आपसी तालमेल और विश्वास के कारण भारत की वापसी : प्रसिद्ध



एजेंसी ▶▶| लंदन

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज ने इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट में वापसी का श्रेय आपसी विश्वास, जिम्मेदारी और तेज गेंदबाजी ईकाई के तालमेल को दिया है। पहले सत्र में खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय तेज गेंदबाजों ने पांचवें और आखिरी टेस्ट के दूसरे दिन बाकी दोनों सत्रों में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड को 247 रन पर आउट करके सिर्फ 23 रन की बढ़त लेने दी।
प्रसिद्ध ने कहा, 'हम तीनों ने ब्रेक में बात की थी। हमने कहा कि जो हुआ, वह हो चुका है। हमें यह देखना है कि आगे क्या करना है।'
उन्होंने कहा , 'हमने यह सुनिश्चित किया कि गेंदबाजी के समय एक दूसरे के साथ खड़े होंगे। अगर कुछ बदलाव करना होगा तो करेंगे। एक दूसरे के पास जाकर एक दूसरे को बताते रहेंगे कि क्या करना है। हम बहुत खुश है कि एक दूसरे को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते रहे।' मोहम्मद सिराज ने 16-2 ओवर में 86 रन देकर चार विकेट लिए जबकि प्रसिद्ध ने 16 ओवर में 62 रन देकर चार विकेट चटकाए। प्रसिद्ध ने गेंदबाजों के तालमेल के बारे में कहा , 'हम काफी समय से साथ खेल रहे हैं और आईपीएल में भी मैं उसके साथ खेला हूं।

### रूट को चिढ़ाना रणनीति का हिस्सा : प्रसिद्ध

**लंदन।** भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 'अच्छे दोस्त' जो रूट के साथ पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन हुई नोंकझोंक का पूरा मजा लिया और उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के इस अनुभवी बल्लेबाज को गुस्सा दिलाना टीम की रणनीति का हिस्सा था। प्रसिद्ध और रूट के बीच तनाव के कारण अंपायरों को दखल देना पड़ा। आमतौर पर शांत रहने वाले रूट 22वें ओवर में चौके बाद प्रसिद्ध की टिप्पणी से खुश नहीं थे। प्रसिद्ध ने मैच के बाद कहा ,'यह छोटी सी बात थी। प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने की वजह से ऐसा हो जाता है। हम मैदान से बाहर अच्छे दोस्त हैं। यह हल्की नोंकझोंक थी और हम दोनों ने इसका मजा लिया।'

## भेंट किए तीन करोड़

# महाराष्ट्र सरकार ने ग्रैंडमास्टर दिव्या को पुरस्कार से नवाजा



एजेंसी ▶▶| नागपुर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को यहां फिडे महिला शतरंज विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को सम्मानित किया और उन्हें तीन करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया।

उन्नीस साल की दिव्या 28 जुलाई को महिला विश्व कप का खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनीं। उन्होंने फाइनल के टाई ब्रेकर में हमवतन कोनेरू हम्पी को हराया, जिससे वह खिताब जीतने के साथ ग्रैंडमास्टर भी बन गईं। दिव्या नागपुर की मूल निवासी हैं, जहां से मुख्यमंत्री फडणवीस भी आते हैं।

### मैं बच्चों के लिए प्रेरणा का हिस्सा बनी : दिव्या

दिव्या ने शहर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्हें सम्मानित करने के लिए मुख्यमंत्री फडणवीस और नागपुर के लोगों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि जीवन में ऐसे पल बहुत कम ही मिलते हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत खास पल है। मुझे बहुत खुशी है कि मैं बच्चों के लिए प्रोत्साहन और प्रेरणा का एक छोटा सा हिस्सा बन सकी। मुझे बहुत खुशी हो रही है।' उन्होंने महाराष्ट्र सरकार और महाराष्ट्र शतरंज संघ को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री फडणवीस ने दिव्या को नकद पुरस्कार के रूप में तीन करोड़ रुपए का चेक सौंपा और उनके भविष्य के प्रयासों में सहयोग का आश्वासन दिया।

### सीजेआई गवई ने दिव्या से की मुलाकात



भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भूषण गवई ने दिव्या देशमुख के घर जाकर फिडे शतरंज विश्व कप चैंपियन और ग्रैंडमास्टर बनने पर उन्हें बधाई दी। मुख्य न्यायाधीश अमरावती से हैं और दिव्या के दादा स्वर्गीय डॉ. केजी देशमुख कभी संत गाडगे बाबा अमरावती विश्वविद्यालय के कुलपति थे। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि उनके पिता और स्व.केजी देशमुख बहुत करीबी दोस्त थे। उन्होंने कहा, ' हम एक परिवार की तरह पले-बढ़े हैं। यहां आना मेरे लिए पुरानी यादों को ताजा करने जैसा था। मैं 50-55 साल पीछे चला गया और मैंने फिर से सभी पुरानी यादों को ताजा किया। यह मेरे लिए लंबे समय के बाद सब से मिलने का यह शानदार मौका था। मैं यहां दिव्या को अपनी शुभकामनाएं देने आया हूं। उसने हम सभी को बहुत गौरवान्वित किया है।'

### तारिक खान शेर ए लुधियाना टीम के मैनेजर नियुक्त



**भोपाल।** प्रो पंजा लीग सीजन 2 का आयोजन इस बार मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हो रहा है। भोपाल के शामीर खान एमपी हथोड़ा के सदस्य हैं। अफजल खान टीम शेर ए लुधियाना के सदस्य हैं। दोनों खिलाड़ी भोपाल से है। तारीक खान ने बताया कि मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ एवं चैंपियन पंजा अकादमी के तत्वावधान में भोपाल में पंजा कुश्ती की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। चैंपियन पंजा अकादमी के अफजल खान एवं शामिर खान का चयन हुआ है । तारिक खान द्वारा लगभग पिछले 30 वर्षों से पंजा कुश्ती के क्षेत्र में लगातार कार्य किया जाकर खिलाड़ियों को तैयार किया जा रहा है।

## टर्फ जोन प्रो-2 में फुटसल टूर्नामेंट का सिंह ने किया भव्य उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

टर्फ जोन प्रो-2 में आयोजित फुटसल टूर्नामेंट का शुभारंभ पूर्व विधायक एवं अध्यक्ष बीडीसीए ध्रुव नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में टर्फ जोन के आयोजक जेपी झवर ने मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे मध्य प्रदेश बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन के महासचिव साथी वीके शर्मा, भोपाल क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव शांतिलाल जैन एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

इस अवसर पर ध्रुव नारायण सिंह का पुष्पहार एवं बुके द्वारा हार्दिक स्वागत वीके शर्मा एवं जेपी चोयल ने किया। इसके पश्चात वीके शर्मा ने कहा कि ध्रुव नारायण सिंह राजनीति में सक्रिय होने से पूर्व एक कुशल क्रिकेट खिलाड़ी रह चुके हैं, जो खेल भावना को भलीभांति समझते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल में अनुशासन एवं समर्पण बनाए रखने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि ध्रुव नारायण सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में टर्फ जोन प्रो-2 की खेल संरचना की सराहना करते हुए कहा कि इतना सुंदर, सुव्यवस्थित एवं बहु-खेल सुविधाओं से युक्त मैदान, जिसमें फुटबॉल, क्रिकेट व पिकलबॉल खेलने की अत्याधुनिक व्यवस्था है। यह युवा खिलाड़ियों के लिए एक उत्कृष्ट मंच है।

### साउथ जोन के कप्तान बने तिलक वर्मा, सलमान, साई किशोर, देवदत्त को मौका



**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 28 अगस्त से होगी और इसका फाइनल मुकाबला 11 सितंबर से खेला जाएगा। बीसीसीआई की ओर से आयोजित इस टूर्नामेंट में नार्थ, साउथ, ईस्ट, वेस्ट और नार्थ-ईस्ट जोन की टीमें हिस्सा लेंगे और इस सीजन के सभी मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के इस सीजन के लिए साउथ जोन ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया और इस सीजन के लिए तिलक वर्मा को टीम की कप्तानी सौंपी गई है जबकि टीम के उप-कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन होंगे।

## 12 दिसंबर को पहुंचेंगे कोलकाता, दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद भी जाएंगे

# एक दशक बाद भारत आएंगे मेस्सी, कई कार्यक्रमों में लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

अगर सब कुछ अनुकूल रहा तो कोलकाता के फुटबॉल प्रेमियों को एक दशक बाद महान फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के दीदार का मौका मिलेगा, जो कोलकाता के बाद अहमदाबाद, मुंबई और दिल्ली भी जाएंगे, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

मेस्सी इससे पहले 31 अगस्त 2011 को कोलकाता आए थे, जहां उन्होंने अर्जेंटीना टीम के साथ वेनेजुएला के खिलाफ मैच खेला था और 1.0 से जीते थे। जानकार सूत्रों ने बताया कि मुंबई में वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग समेत सारी औपचारिकतायें पूरी कर ली गई है लेकिन मेस्सी की ओर से आधिकारिक पुष्टि मिलना बाकी है। सूत्र ने कहा ,' सब कुछ तय हो गया है और हमें मेस्सी से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। जल्दी ही उसके सोशल मीडिया हैंडिल पर इसकी जानकारी मिलेगी।' उन्होंने कहा,'अभी प्रस्तावित कार्यक्रम पर सहमति बन गई है। हमें सोशल मीडिया पर उनकी ओर से पुष्टि का इंतजार है जो जल्दी ही आएगी।'




### कोलकाता में करेंगे अपनी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

कार्यक्रम के अनुसार मेस्सी 12 दिसंबर को रात दस बजे कोलकाता पहुंचेंगे, जहां वह दो दिन और एक रात रुकेंगे । कोलकाता में 13 दिसंबर को सुबह नौ बजे 'मीट एंड ग्रीट' कार्यक्रम होगा, जिसके बाद वीआईपी रोड पर लेकटाउन श्रीभूमि में उनकी 70 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण होगा। इसके बाद वह ईडन गार्डंस जाएंगे, जहां दोपहर 12 से डेढ़ बजे तक जीओएटी कप और जीओएटी कन्सर्ट होगा। सूत्र ने कहा,' वह प्रति टीम सात खिलाड़ियों का सॉफ्ट टच और सॉफ्ट बॉल मैच खेलेंगे, जिसमें सौरव गांगुली, लिएंडर पेस, जॉन अब्राहम और बाईचुंग भूटिया भी होंगे। ईडन गार्डंस पर होने वाले इस आयोजन के लिए टिकट की न्यूनतम दर 3500 रुपए होगी । हमें उम्मीद है कि 68 हजार की क्षमता वाला स्टेडियम खचाखच भरा होगा। मेस्सी वहां एक घंटा 20 मिनट तक होंगे।' पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी उन्हें वहां सम्मानित कर सकती हैं।

### अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में लेंगे भाग

मेस्सी 13 दिसंबर की शाम को अहमदाबाद में अडाणी फाउंडेशन के निजी कार्यक्रम में भाग लेंगे। वह 14 दिसंबर को मुंबई पहुंचेंगे, जहां सीसीआई पर शाम 3.45 पर 'मीट एंट ग्रीट ' कार्यक्रम होगा। इसके बाद वानखेड़े स्टेडियम पर 5.30 से जीओएटी कप और कन्सर्ट होगा। सूत्र ने बताया कि इसके लिए वानखेड़े स्टेडियम की बुकिंग हो चुकी है। मीडिया रिपोर्टों में कहा गया था कि मेस्सी सात सात खिलाड़ियों वाला क्रिकेट मैच एमएस धोनी और विराट कोहली के साथ खेल सकते हैं लेकिन सूत्र ने इससे इनकार किया। उन्होंने कहा,' मुंबई में कोई क्रिकेट मैच नहीं होगा। भारतीय हस्तियों की मौजूदगी में सॉफ्ट बॉल और सॉफ्ट टच मैच ही होगा, जो उनके सफर का जश्न होगा।' इसके बाद वह भारतीय फुटबॉल टीम से बात कर सकते हैं।






## 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित शेट्टी को देख झूम उठे दर्शक

**मुंबई।** पिछले काफी समय से दर्शकों को अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' का इंतजार था। अब आखिरकार 1 अगस्त को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है, जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन करेगी। 'सन ऑफ सरदार 2' में लोकप्रिय निर्देशक रोहित शेट्टी ने कैमियो किया है, जिसकी पहले किसी को खबर नहीं थी। 'सन ऑफ सरदार 2' में रोहित को देखकर दर्शक खुशी से झूम उठे। फिल्म में उनका कुछ सेकंड का ही कैमियो है। कहा जा रहा है कि इसी के साथ रोहित और अजय ने फिल्म 'गोलमाल' की पांचवीं किस्त का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।

लाइफ Style



# जाह्नवी

## 'परम सुंदरी' की नई रिलीज तारीख जारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जल्द ही कई नई जोड़ियां फिल्मों में नजर आएंगी। इन्हीं में से एक है सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर की जोड़ी, जो फिल्म 'परम सुंदरी' में दिखने वाली है। यह पहले बीती 25 जुलाई को रिलीज होने वाली थी।

अजय देवगन की फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' से बचने के लिए फिल्म को रिलीज टाल दी गई। हालांकि, ये नहीं बताया कि फिल्म पर्दे पर कब आएगी और अब इसकी नई रिलीज तारीख का ऐलान भी हो गया है। दिनेश विजान के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तने बनी यह फिल्म अब 29 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

प्रोडक्शन हाउस की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए फिल्म के नए मोशन पोस्टर के साथ-साथ इसकी रिलीज का ऐलान हुआ है। पोस्ट में लिखा है, 'दिनेश विजान आपके लिए लेकर आ रहे हैं साल की सबसे बड़ी प्रेम कहानी 'परम सुंदरी'। यह 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आ रही है।' 'परम सुंदरी' का टीजर मई में आया था। इसमें सिद्धार्थ को उत्तर भारत के लड़के परम और जान्हवी को साउथ की लड़की सुंदरी के रूप में दिखाया गया था। टीजर में सोनू निगम की आवाज में गाने की कुछ लाइनें भी सुनने को मिली थीं। इस टीजर को काफी पसंद किया गया था। इसके सामने आने के बाद फैंस फिल्म के लिए उत्साहित हो उठे थे। हालांकि, अभी इसके पर्दे पर आने के लिए थोड़ा और इंतजार करना होगा।

हॉलीवुड मसाला



## एक हफ्ते में सिमटी कमाई...

**लॉस एंजिल्स।** एक्शन, एडवेंचर से भरपूर हॉलीवुड फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर' को भारत में शुरुआती दिनों में अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। लेकिन एक हफ्ता पूरा होते ही इस फिल्म की कमाई लाखों में सिमट कर रह गई है। जानिए, आज मार्वल स्टूडियोज की इस सुपरहिट फ्रैंचाइज फिल्म ने कितना कलेक्शन किया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप' ने 7वें दिन 46 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म का कुल कलेक्शन अब तक 26.35 करोड़ रुपये हो चुका है।



## छह साल बाद 'ड्यून पार्ट 3' के लिए बदला लुक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेसन मोमोआ ने छह साल बाद पहली बार अपनी दाढ़ी बनवाई है। उन्होंने यह सब अपनी आगामी फिल्म 'ड्यूनः पार्ट थ्री' के लिए किया है। आगामी सीक्वल की शूटिंग शुरू होते ही जेसन अपने डंकन इडाहो के कैरेक्टर में वापस आ गए हैं। वीडियो में ड्यून के निर्देशक डेनिस को संबोधित करते हुए जेसन ने कहा, 'सिर्फ तुम्हारे लिए डेनिस'। उन्होंने अपनी दाढ़ी पर क्लिपर लगाने के बाद अपनी हॉफ बियर्ड वाले चेहरे पर हाथ रखते हुए कहा कि हे भगवान, मुझे इससे नफरत है। फ्रैंक हर्बर्ट की किताबों में डंकन का किरदार एक क्लोन के रूप में वापस आता है। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि फिल्म में भी डंकन का किरदार उसी तरह से वापस आएगा या किसी और तरीके से वापसी करेगा।



## हवाई अड्डे पर पैपराजी पर भड़कीं रिया


**मुंबई।** अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती का एक वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। रिया को हाल ही में मुंबई हवाई अड्डे पर देखा गया, जहां पैपराजी ने उन्हें घेर लिया और कुछ तस्वीरें खिंचवाने का आग्रह किया। इसके बाद रिया ने मुस्कुराते हुए तस्वीरें खिंचवाने के लिए पोज दिया। हालांकि, इस दौरान वह अच्छे मूड में नहीं थीं और वह तमाम पैपराजी पर भड़क गईं। रिया वीडियो में पैपराजी को डांटती नजर आ रही हैं। रिया ने पैपराजी से कहा, अब मेरे पीछे मत आओ। मैंने तस्वीरें दे दी हैं, बाय। इसके बाद वह तुरंत वहां से चली गईं। इस वीडियो पर प्रशंसक तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक ने लिखा, 'कितना घमंड है।' एक अन्य ने लिखा, 'भाई तुम लोगों का इतना दिन खराब हो गया कि इसे भाव देते हो।'



## द राजा साब की रिलीज एक बार फिर टली

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास पिछले काफी समय से फिल्म 'द राजा साब' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी यह हॉरर कॉमेडी फिल्म पहले इस साल 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन बाद में इसे 5 दिसंबर, 2025 के लिए टाल दिया गया। अब खबर आ रही है कि 'द राजा साब' के लिए दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। दरअसल, निर्माताओं ने एक बार फिर फिल्म की रिलीज टाल दी है। 'द राजा साब' को अब अगले साल संक्रांति के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इस लिहाज से यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को दर्शकों के बीच आएगी। अगर निर्माताओं ने 'द राजा साब' की रिलीज को टाला तो बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना रणवीर सिंह की 'धुरंधर' और शाहिद कपूर की 'रोमियो' से नहीं होगा।

## अजय देवगन की फिल्मों ने की जमकर कमाई कई तो बुरी तरह पिटीं




**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन साल 2012 में आई अपनी फिल्म 'सन ऑफ सरदार' का सीक्वल लेकर दर्शकों के बीच हाजिर हो गए हैं। विजय कुमार अरोड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस कॉमेडी फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। आइए हम आपको अजय की सिनेमाघरों में आईं पिछली 5 फिल्मों और बॉक्स ऑफिस पर उनके प्रदर्शन के बारे में बताते हैं।

**'औरों में कहां दम था'**: शुरुआत करते हैं फिल्म 'औरों में कहां दम था' से, जिसका निर्देशन नीरज पांडे ने किया था। इसमें अजय की जोड़ी तब्बू के साथ बनी थी। जिमी शेरगिल और सई मांजरेकर ने भी इस फिल्म में अभिनय किया था। हालांकि, यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाई। 'औरों में कहां दम था' ने दुनियाभर में केवल 15.75 करोड़ रुपये कमाए थे, जबकि फिल्म का बजट 100 करोड़ रुपये था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।

**'सिंघम अगेन'** : इस फेहरिस्त में दूसरा नाम फिल्म 'सिंघम अगेन' है। इसमें अजय के अलावा अक्षय कुमार, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, अर्जुन कपूर और जैकी श्रॉफ भी नजर आए थे। लंबी-चौड़ी स्टार कास्ट वाली इस फिल्म से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि, यह बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन कर पाई। 350 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'सिंघम अगेन' ने दुनियाभर में 372.4 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद है।

**'नाम'** : पिछले साल के अंत में अजय फिल्म 'नाम' लेकर आए थे। यह फिल्म अपने बनने के 10 साल बाद हुई थी। दरअसल, फिल्म की शूटिंग 2014 में पूरी हो गई थी, लेकिन निर्माता की मौत के चलते फिल्म 10 साल बाद रिलीज हुई। हालांकि, यह फिल्म कब आई और कब चली गई, किसी को पता भी नहीं चला। 'नाम' ने टिकट खिड़की पर सिर्फ 72 लाख रुपये कमाए थे। यह फिल्म अब तक किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं आई है।

**'आजाद'**: अजय की फिल्म 'आजाद' को 17 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। खास बात यह है कि इस फिल्म से अजय के भांजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने बॉलीवुड मे कदम रखा था। अभिषेक कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी। 80 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में केवल 8 करोड़ रुपये कमाए थे। 'आजाद' ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

**'रेड 2'**: पिछली बार अजय फिल्म 'रेड 2' में नजर आए थे, जो 1 मई, 2025 को रिलीज हुई। इस फिल्म का दर्शकों ने जमकर मनोरंजन किया। इसमें वाणी कपूर और रितेश देशमुख ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

## विजय की 'किंगडम' ने कमाई में पछाड़ा कुबेर और ठग लाइफ को

**मुंबई।** काफी समय से विजय देवरकोंडा फिल्म 'किंगडम' को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है, जिसका हिंदी नाम 'साम्राज्य' है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी विजय के एक्शन की जमकर तारीफ कर रहे हैं। 'सैयारा' के तूफान के बीच 'किंगडम' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। आइए जानें फिल्म के खाते में पहले दिन कितने करोड़ रुपये आए।

***पहले दिन फिल्म ने छापे इतने नोट*** : बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'किंगडम' ने रिलीज के पहले दिन यानी गुरुवार को 15.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। वीकेंड पर फिल्म की कमाई में और उछाल देखने को मिल सकता है। 'किंगडम' ने धनुष की 'कुबेर' (14.75 करोड़) और कमल हासन की 'ठग लाइफ' (15.5 करोड़) के पहले दिन की कमाई को पीछे छोड़ दिया है।



### किंगडम' में नजर आ रहे ये कलाकार

*'किंगडम' में विजय एक गुप्त मिशन पर निकले भारतीय जासूस 'सूरी' का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म में उनका दमदार एक्शन देखने लायक है। 'किंगडम' के निर्देशन की कमान गौतम तिन्नानुरी ने संभाली है, जिन्हें शाहिद कपूर और मृणाल ठाकुर की फिल्म 'जर्सी' (2022) के लिए जाना जाता है। फिल्म की कहानी भी गौतम ने ही लिखी है। इस स्पाई थ्रिलर फिल्म में सत्यदेव और भाग्यश्री बोरसे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं।*

### इमोशनल और इंटेंस सीन गहराई से छू रहे हैं दर्शकों को

## 'धड़क 2': तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी ने मचाया धमाल

**मुंबई।** तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म 'धड़क 2' का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। यह रोमांटिक ड्रामा फिल्म 1 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी इस फिल्म की कहानी और तृप्ति-सिद्धांत की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं।

### लोगों को पसंद आई तृप्ति-सिद्धांत की जोड़ी

'धड़क 2' महज एक प्रेम कहानी नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्म-सम्मान, सामाजिक संघर्ष और प्यार की कीमत जैसे गहरे और संवेदनशील विषयों को भी छूती है। तृप्ति और सिद्धांत की जोड़ी को दर्शकों से जबरदस्त सराहना मिल रही है। दोनों के बीच की केमिस्ट्री लोगों का दिल जीत रही है। इस रोमांटिक ड्रामा में तृप्ति ने विधि और सिद्धांत ने नीलेश की भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके इमोशनल और इंटेंस सीन दर्शकों को गहराई से छू रहे हैं।

### हकीकत दिखाती है यह फिल्म

'धड़क 2' की कहानी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। एक यूजर ने लिखा, 'कुछ कहानियां दिल को छूती हैं और कुछ दिमाग को, मगर 'धड़क 2' दोनों को छूती है। जातिवाद का मुद्दा शहरों में भी देखने को मिलता है। यह फिल्म ईमानदारी से यह हकीकत बताती है।' एक यूजर फिल्म को 4 स्टार देते हुए लिखते हैं, 'तृप्ति डिमरी और सिद्धांत चतुर्वेदी की जोड़ी बेहद शानदार है। यह बेहतरीन फिल्म है। जरूर देखें।'



### इस फिल्म की जान हैं तृप्ति

एक यूजर ने लिखा, 'सामाजिक मुद्दों पर बनी एक फिल्म में 2 खूबियां होनी चाहिए यानी कहानी कहने में साहस और अभिनय में ईमानदारी। धड़क 2 में ये दोनों खूबियां कूट-कूट कर भरी हैं। सब कुछ जमता है। अभिनय, संवाद, भावनात्मक गहराई, प्रतिशोध के प्रति गुस्सा और संदेश।' दूसरे लिखते हैं, 'तृप्ति फिल्म में सिर्फ अभिनय ही नहीं कर रही हैं, बल्कि वे विधि का भी रूप धारण कर रही हैं। यह उनका अब तक का सबसे बेहतरीन काम है।'

### 'धड़क 2' के बारे में जानिए

इस फिल्म के निर्देशन की कमान शाजिया इकबाल ने संभाली है, वहीं करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। राहुल बडवेलकर ने इस फिल्म की कहानी शाजिया के साथ मिलकर लिखी है। सिद्धांत और तृप्ति के अलावा इस फिल्म में आशीष चौधरी, विपिन शर्मा, मंजिरी पुपला, दीक्षा जोशी, अशवंत लोधी, अमित जाट, प्रियांक तिवारी, मयंक खन्ना और आदित्य ठाकरे जैसे कलाकार भी नजर आ रहे हैं। बता दें कि 'धड़क 2' साल 2018 में आई फिल्म 'धड़क' का सीक्वल है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930